भारतका आदि सम्राट्

लेखकः—

निखिलतन्त्रस्वतन्त्र, शास्त्रार्थ केसरी, व्याख्यान-वाचस्पति

पूज्य १०५ श्री क्षुल्लक

स्वामी निजानन्द (कर्मानन्द) जी महाराज

प्रकाशक—

दिगम्बर जैन समाज मुलतान।

(वर्तमान में देहली)

चतुर्थवार १०००	वीर सं० २४७६ वि० सं० २००६	मूल्य एक रुपया

प्राक्कथन

श्री स्वामी कर्मानंद (स्वा० निजानन्द) जी

और उनका कार्य

यह शायद १६३४ की बात है। मै 'विकास' के 'आर्यसमाज अंक में जाने वाले लेखादि देख रहा था। उनमे स्वा० कर्मानन्द जी का भी एक लेख था—'जैन धर्म और वेद'। एक प्रचारक के रूप में मैने उनका नाम सुन रक्खा था, पर इस लेख मे प्रचारक की संकीर्णता के स्थान में सर्वत्र सौन्दर्य दर्शन की भावना के साथ विविध प्रवृत्तियो का ऐसा सुन्दर सामञ्जस्य था कि मै प्रभावित हुए विना न रहसका। उसके बाद तो अनेकबार उनसे मिलने एवं विविध विषयों पर विचार-विनिमय करने का अवसर मिला है और सदा ही मैने अनुभव किया है कि उनका अध्ययन बहुत व्यापक है। इनके अध्ययन का मुख्य विषय धर्म और इतिहास रहा है।

बहुत से ग्रन्थ पढ़ डालना एक साधारण बात है, पर स्वामी जी के अध्ययन की दो असाधारणताएं हैं, पहली यह है कि वे अध्ययन से पूर्व कोई सम्मति निर्धारित करके आगे नहीं चलते जिससे कि अपने हृदय का भार बलात् अध्ययन पर लादना पड़े और दूसरी यह कि वे उस अध्ययन पर अपने दृष्टिकोण से स्वतंत्र विमर्श करते हैं, उनकी जांच पड़ताल करके मौलिक निष्कर्ष निकाल सकते हैं। इस प्रकार जो निष्कर्ष निकलता है, वे उसे मानते हैं, उस पर लिखते हैं, पर यदि बाद का अध्ययन

उन्हें इधर उधर करता है तो वे उससे भी घबराते नहीं हैं। उनके स्वभाव की इस उदारता का आधार उनकी राष्ट्रीय मनोवृत्ति है, जो उन्हें राष्ट्र और धर्म का समन्वय करके साथ साथ चलने की क्षमता देती है। वे पक्षपात से हीन, बनावट से दूर, मूक सेवा के विश्वासी, एवं सरल स्वभावके संन्यासी हैं, जो कहीं बंधा हुआ नहीं है, पर सर्वत्र बंधा हुआ है। उन के 'विराग' का अर्थ 'विशिष्ट राग — विश्वात्मा के प्रति असंकीर्ण कोमलता है। इस प्रकार वे एक साधु भी है और इतिहास के एक विनम्र विद्यार्थी भी हैं।

'स्याद्वाद, कर्मफिलासफी और आत्म-स्वातन्त्र्य के सिद्धान्तो की त्रिवेणी मे स्नान कर वे आज' 'जिनधर्म' कल्पतरु की शीतल छाया मे आकर खड़े है, उसी शान्त मुद्रा मे, निर्विकार भाव से और बन्धन हीन। महावीर जयन्ती के अवसर पर महावीर सन्देश के नाम से अपना जो भाषण उन्हों ने ब्राडकास्ट किया था, वह इस बात का प्रमाण है कि वे धर्म को विशुद्ध जीवन तत्व की दृष्टि से देखते हैं—उसके बाह्यविस्तार मे फंस कर ही नहीं रह जाते।

उनके अध्ययन के फलस्वरूप राष्ट्र भाषा को उनकी कई पुस्तकें प्राप्त हैं। उनमे परिस्थितिवश एवं सामयिक चीजों को छोड़ कर वैदिक ऋषिवाद, सृष्टिवाद, "भारत का आदि सम्राट" और धर्म के आदि प्रवर्तक, कर्मफल कैसे देते हैं, का नाम उल्लेखनीय है। पहली पुस्तक में मन्त्रसृष्टा ऋषियों का अनुसन्धान है। यह स्वामी जी के वैदिक साहित्य सम्बन्धी अध्ययन का सुन्दर फल है। खोज के कार्य में मतभेद होना स्वाभाविक है, पर संस्कृत के प्रकाण्ड पण्डित श्री डा० गंगानाथ झा एम० डी० लिट (वायस

चान्सलर प्रयाग विश्वविद्यालय) के शब्दों में 'वैदिक ऋषिवाद एक निष्पक्ष, गवेषणात्मक पुस्तक है,। दूसरी पुस्तकों के सम्बन्ध मे भी इसी तरह की सम्मति दी जा सकती है, इसमें मुझे सन्देह नहीं है। प्रस्तुत पुस्तक में आपने राष्ट्र के भारतवर्ष इस नामकरण की विवेचना की है। वह कौन 'भरत' है, जिसके नाम के साथ इस ३५ करोड़ पुत्रों की जननी भारतमाता का नाम नत्थी है ? यह एक महत्वपूर्ण प्रश्न है और इस पर अनेक ऐतिहासिक विद्वान विचार कर चुके हैं। स्वामी जी का निष्कर्ष इस विषय मे अन्तिम है, यह कहना तो स्वयं स्वामी जी भी नहीं चाहेंगे, पर मै इतना कह सकता हूं कि स्वामी जी ने आज तक की इस विषयमें प्रचलित परम्पराओं की दीवारों को लांघकर अनुसन्धान के दूर वीक्षण से बहुत दूर तक झांका है और एक नई सृष्टि खड़ी की है। दूसरे शब्दों मे भारतीय इतिहास के पण्डितों और विद्यार्थियों का एक नये दृष्टिकोण पर विचार करनेका यह आमन्त्रण है, ऐसा आमन्त्रणजिसमें अपनी भारतमाता के प्रति श्रद्धा है, अनुसन्धान की उत्कण्ठा है और विचारविनिमय की तत्परता है।

मेरा विश्वास है कि इस विषय मे दिलचस्पी रखने वाले विद्वान न केवल इस आमन्त्रण को सुनेंगे ही किन्तु इसे स्वीकार भी करेंगे। विद्वान लेखक के साथ मेरी भी कामना है कि अनेक धर्मों एवं संस्कृतियों की जननी भारतमाता इस अध्यवसाय से प्रसन्न हो।

कन्हैयालाल मिश्र 'प्रभाकर,

सम्पादक—विकास

—※—

तदनन्तर

प्रस्तुत पुस्तकके विद्वान लेखक श्री १०५ निजानन्द जी (पूर्व नाम स्वा० कर्मानन्द जी) जैनसंघके सम्पर्कमें आजाने पर मुलतान (पश्चिमी पाकिस्तानका एक प्रसिद्ध नगर) में अनेक मास रहे और अपने रोचक तात्विक भाषणोंसे वहां पर सत्पथका प्रचार करते रहे उस समयसे मुलतान निवासी दिगम्बर जैन समाज के समस्त व्यक्ति आपसे घनिष्ठ स्नेह करने लगे।

आपका लिखा हुआ "सत्यार्थप्रकाश और जैनधर्म" नामक ग्रन्थ श्रीमान स्व० सेठ सुखानन्द जी तथा उनके उदार सुपुत्र श्रीनिवास जी, शंकरलाल जी ने दो बार प्रकाशित कराया है। अभी गत श्रावणसुदी १५ वीर सं० २४७५ वि० सं २००६ को जब स्वामी जी ने क्षुल्लक दीक्षा स्वीकार की तब उस पुनीत दिवसका स्मरण चिरस्थायी रखनेके विचारसे मुलतानके दिगम्बर जैन भाइयोंने जो कि अब देहली तथा जयपुर के निवासी बन गये हैं, प्रस्तुत पुस्तक प्रकाशित करने की घोषणा की थी। तदनुसार यह पुस्तक चतुर्थ संस्करण के रूप में कुछ संशोधित एवं परिवर्द्धित होकर मुलतान--वालों की ओरसे प्रकाशित हुई है।

—अजितकुमार जैन शास्त्री

—❀—

नमः सिद्धेभ्यः

भारतका आदि सम्राट्

भारत

हम सदियोंकी गुलामीके पश्चात आजाद हुए एवं पराधीनताका शाप समाप्त हुआ। अतः ता० १८ सितम्बर सं० १९४९ को हमारी विधानपरिषदने इस देशका नाम 'भारत' स्वीकार कर लिया। इस देशका यह नाम अति प्राचीन समयसे है, अतः इस देशका ऐतिहासिक महत्व तो है ही, साथ ही यह नाम हमारे गौरवका भी कारण है।

इस देशके नाम—

इस देशके अनेक नाम हैं, उन सबमें 'भारत' ही सबसे प्राचीन नाम है। यथा—

(१) सप्तसिन्धु—इस देशका प्राचीन नाम सप्तसिन्धु मिलता है। ऋग्वेद तथा उसके पश्चात कालीन वैदिक साहित्यमें भी

यह नाम आया है। पारसियोंकी धर्मपुस्तक 'जेन्दावस्था' में इसीको 'हप्तहिन्दु' कहते है, परन्तु यह नाम सम्पूर्ण भारतका नहीं था, अपितु भारतके उत्तर पश्चिमके एक भागका नाम था।

(२) आर्यावर्त—इस देशका दूसरा नाम 'आर्यावर्त' था। बौधायन स्मृति तथा मनु-स्मृतिमे इस नामको अधिक महत्व दिया गया है, परन्तु वैदिक-साहित्यमे इस नामका उल्लेख देखनेमें नहीं आया, अतः प्रतीत होता है कि यह नाम स्मृति-काल मे प्रसिद्ध हुआ।

(३) हिन्दुस्तान:—यह 'सिन्धु' का अपभ्रंश नाम है एवं विदेशी लोगोंका रक्खा हुआ है।

(४) इण्डिया—यह भी विदेशी आक्रान्ताओंका रक्खा हुआ नाम है। सबसे प्रथम यूनानी लेखक 'हेरीडोटस' ने इस नामका उल्लेख किया है।

इनमे से 'हिन्दुस्तान' और 'इण्डिया' ये दो नाम हमारी हीनताके बोधक है, क्योंकि ये नाम हमारे ऊपर लादे गये थे, हमने स्वय ये नाम अपने देशके नहीं रक्खे थे।

'आर्यावर्त' नाम न तो अधिक प्राचीन ही है और न उपयुक्त क्योंकि यह आर्य जातिका तथा एक धर्मका द्योतक है। इसीप्रकार 'सप्तसिन्धु' न तो सम्पूर्ण भारतका बोध कराता है और न इसका कोई ऐतिहासिक महत्व ही है।

भारत

अब शेष 'भारत' या 'भारतवर्ष' रह जाता है।

देहलीमे निकलने वाले दैनिक पत्र 'हिन्दुस्तान' के ता० २५ सितम्बर सन १९४९ के ८ अंकमे इस विषयमे एक लेख प०

ब्रह्मदत्त शर्माका छपा है, उसमें आपने लिखा है कि "वास्तविक स्थिति यह है कि इस देशका अत्यन्त प्राचीन नाम 'भारत' था, जिसका वर्णन ऋग्वेदके तृतीय मण्डलमें तथा दशवें मण्डलके ७५ वें सूक्तमें हुआ है तथा साथ ही भारतकी मुख्य२ गंगादि नदियोंका भी उल्लेख है। अनन्तर यजुर्वेद और अथर्ववेदमें भारतके मुख्य ८ प्रान्तोंका निर्देश भी मिलता है।" अन्तमें आप लिखते हैं कि

'वेदोंसे लेकर दूसरी शताब्दी तक निःसन्देह एवं बारहवीं शताब्दी तक विकल्परूपसे इस देशका अन्य देशोंमें 'भारत' या 'भारतवर्ष' नाम प्रसिद्ध था।

अनन्तर मुसलमानोंने इसे 'हिन्द' या 'हिन्दुस्तान' कहना प्रारंभ किया और यूनानियोंने 'इण्डिया' की उपाधि दी। यही, नहीं, पाश्चात्योंने इस देशके नामका जो व्यंगार्थ किया और हमें पतित समझा, उसका निराकरण अपना प्राचीन-पुराना-नाम ग्रहण किये बिना नहीं होसकता था।

'भारतवर्ष' की अपेक्षा 'भारत' नाम कुछ संक्षिप्त है और प्राचीन भी। परन्तु तो भी विद्वानोंको इस संशोधनकार्यमें प्रवृत्त होना चाहिये।

आज हमें देशका नाम 'भारत' और अपनेको भारतीय' कहलानेमें कितना गौरवानुभव होरहा है, उसे लिखनेमें लेखिनी समर्थ नहीं। उदारता, वीरता और उत्साहकी चरम-सीमा इस नाममें लक्षित ही नहीं होती, विद्यमान भी है और यह बहुत बड़ी सफलता है।" इसीप्रकार ता० २० मार्च सन १९४९ के 'हिन्दुस्तान' में प्रोफेसर 'इन्द्र' एम० ए० ने लिखा है कि—

"हमारे लिये 'भारत' से बढ़कर और कोई सुन्दर नाम इस देशका नहीं बन सकता। इस शब्दकी ऐतिहासिकता पर हम

पहले ही प्रकाश डाल चुके हैं। यह नाम वैदिक कालसे भरत नामक जातिके द्वारा, जो हमारी पूर्वजतम जाति है, रक्खा गया है।

उन्होंने इस देशको बसाया और इसे सभ्यता तथा संस्कृति प्रदानकी, उन्हींके नाममें सच्चा गौरव होना चाहिये। जैसे एंग्लो-सेक्सन जातिका नाम इङ्गलेण्डमें कृतज्ञता-पूर्वक सुरक्षित रक्खा गया है इसी तरह भारतमें अपने देशकी आदिम-संस्थापिका जातिका नाम सुरक्षित रखना उचित है।

इसकी सार्थकता ऐतिहासिक-दृष्टिके अलावा भी सर्व-सम्मत है। पौराणिक-साहित्यमें 'भारत' शब्दका प्रयोग 'आर्यावर्त' की तरह किसी सीमित प्रदेशके लिये नहीं किया गया—अपितु समूचे देश, जिसे हम आज अपना स्वतन्त्र राष्ट्र समझते हैं, के लिये प्रयोग किया गया है।"

इसी प्रकार आपने यहाँ स्पष्ट लिखा है कि "भरत नामसे वैदिक कालमें जिस जातिका वर्णन मिलता है, उसीने इस देशमें अपना प्रभुत्व स्थापित करनेके बाद इस देशका नाम भारत रक्खा।

ऋग्वेदमें इस 'भरत' जातिकी विशेष चर्चाकी गई है तथा यजुर्वेद और ब्राह्मण ग्रन्थोंमें भी इस जातिका वर्णन आया है।"

भारतवर्ष

हमारे देशके लिये भारतवर्ष शब्दका प्रयोग काश्मीरिक आनन्द वर्धनके ध्वन्या लोकमें मिलता है—

रतिर्हि भारतवर्षो चितेनैव व्यवहारेण दिव्यानामपि वर्ण-नीयेति स्थितिः।

आनन्द वर्धनके पूर्व कालिक बाण भट्ट इस समय देशका नाम भारतवर्ष समझता है —

इतश्च नातिदूरं तस्यास्मद्भारतवर्षा दुत्तरेणानन्तरे
किम्पुरुषनाम्नि वर्षे वर्ष-पर्वतो हेमकूटो निवासः।

ये सब ग्रन्थ 'ईसा' से पूर्वके है। इसी प्रकार सम्राट् खारवेलके हाथी गुफा वाले शिला लेखोंमे भी इस देशका नाम 'भारत' लिखा है। अत यह सिद्ध है कि वैदिक कालसे आज तक इस देशका नाम 'भारत' अथवा 'भारतवर्ष' सुप्रसिद्ध है।

भारतवर्ष की प्राचीन सीमा

वैदिक साहित्यमे इस पुण्य-भूमि का नाम पृथ्वी, भारती आदि लिखा है। पृथ्वी नाम इसका पृथु महाराजके नामसे हुआ तथा भारती भरतके कारण। ये पृथु और भरत दोनों सूर्यवंशी थे। इसी अभिप्रायको लेकर निरुक्तकार कहते है कि—

भरतः आदित्यस्तस्य भा भारती।

अर्थात् भरत सूर्य है उसीकी शोभा (कीर्ति) यह भारती अर्थात् भारत है। निरुक्तकार के मतमें भरत और सूर्य एकार्थवाचक शब्द है। वास्तवमे है भी ऐसा ही। इन्हीं भरतके नामसे दो वंश चले एक सूर्यवंश तथा दूसरा भरतवंश। वैदिक साहित्यमे भारती नाम इसी देशका है। इसके लिये हम वैदिक प्रमाण उपस्थित करते है। अथर्व वेद कां० ५ सू० २७ मन्त्र ६ में लिखा है कि—

मही भारती गृणाना

यहां इडा, सरस्वती तथा भारती इन तीनो देवियोंका वर्णन

है । इडासे अभिप्राय इलावत देश अर्थात् हिमालयके उत्तरका देश है । वहींसे पुरुरवा भारतमे आया था इसलिये उसको ऐल कहते थे । बादमे उसके वंशका नाम भी ऐल ही प्रसिद्ध हुआ । सरस्वतीके विषयमें कुछ नहीं कहा जासकता कि यह कौनसी भूमिका नाम है, संभव है जहांसे सरस्वती नदी निकलती थी तथा उसके किनारे पर बसे हुए देशोंका नाम हो । परन्तु वर्तमान जो सरस्वती है इसकी यह व्यवस्था पूर्वमें नहीं थी । पहले समयमें यह मरु भूमिमे कहीं जाकर गिरती थी ऐसा अनेक विद्वानोंका मत है । वैदिक साहित्यमे इस सरस्वतीका विशेष महत्व है । भारती उस भूमि का नाम है जिसको भरत लोगोंने अर्थात सूर्यवंशके प्राचीन भरतोंने आबाद किया था, उसका विवेचन हम आगे करेंगे । उपरोक्त मन्त्रमें जो ये इडा आदि शब्द आये है वे भूमि वाचक है या नहीं इस विषयमे बड़ा मतभेद है । यदि उन सबको लिखा जाय और उनकी समालोचना की जाय तो उसके लिये पृथक् एक ग्रन्थ लिखना होगा । संक्षेपमे हम इतना ही बतला देते हैं कि हमारी सम्मतिमे यहां तथा ऋग्वेद आदिके अन्य स्थानोंमे भी यह शब्द आया है वहाँ सब जगह इससे पूर्व समयके भारतवर्षका बोध होता है । उपरोक्त अथर्ववेदके मन्त्रमे तो 'मही भारती' शब्द ही प्रत्यक्ष है । जिसका अर्थ भारती भू, स्पष्ट है । तथा च यह शब्द इडा, सरस्वती और भारतीके मध्यमे आया है । अतः यह देहली—दीपक न्यायसे तीनोंका विशेषण है । अतः यहा तीन भूमियोंका उल्लेख हैं इसमे सन्देह नहीं । दूसरा प्रमाण निरुक्तकारका है । वह स्पष्ट कहता है (भरतः सूर्यस्तस्य भा भारती) यहाँ भारती का अर्थ भूमि के सिवाय कुछ है ही नहीं । अनेक विद्वानोंने महीका अर्थ महिमा किया है यह उनकी कल्पना मात्र है ।

हम इस विषयमे एक यजुर्वेदका प्रमाण भी उपस्थित करते है।

अस्पृत्तद् भारती दिवम।--यजुर्वेद अ० २८, मं० १८।

अर्थात् भारती दिव--द्यु लोकका स्पर्श करती है। यहां इसकी सीमा बतलाई है। संभवत. यह कैलाशका सबसे ऊँचा प्रदेश इसकी एक सीमा थी। इसी लिये कहा है कि यह आकाशको छूती है। वास्तवमे दिव, द्यु आदि शब्द इलावर्त देशके नाम है। बस भारतवर्षकी सीमा उत्तरीय हिमालयकी सीमाके पास थी। इस मन्त्रका भाष्य करत हुये महीधर लिखत है कि 'भारती दिवंस्पृशति भरतः रविस्तत्कान्तिर्भारती' तथा उवट लिखते है कि 'भरत आदित्य. तस्य इयं भारती दिवंस्पृशति' अर्थात भरत आदित्य है उसकी यह भारती द्युको छूती हैं आगे चलकर इसी मन्त्रमे आया है कि 'इडावसुमती गृहान्' अर्थात् धनधान्यसे युक्त इडा घरोंको छूती है। इसका अर्थ करते हुए 'उवट' लिखते है 'गृहशब्देनात्राय लोकोऽभिधीयते लक्षणया पृथ्वीस्थानीयत्वादिडाया.' अर्थात् गृह शब्दसे यहाँ इस लोकका विधान है, क्योंकि लक्षणासे पृथ्वी स्थानीय इडा हैं। इससे अधिक और क्या स्पष्ट हो सकता है। महीधरजो लिखते है कि 'गृह शब्देन भूलोक ' यहां भू का अर्थ भारतवर्ष ही है। इसी भारतवर्षका नाम पृथ्वी आगे जाकर हुआ। इसका यह नाम पृथु राजाके कारणसे हुआ। अत. पृथ्वी, भूमि, मही आदि शब्द सब भारतवर्ष-वाचक ही है। तथा च इसी मन्त्रमे लिखा है कि 'रुद्रैर्यज्ञ सरस्वती' अर्थात् सरस्वती रुद्रोंके साथ यज्ञको छूती है।

सरस्वती विवेचन

सरस्वती शब्द वेदमे अनेक अर्थोमे आया है। यथा वाणी, अमावस्या, नदी, स्त्री, पृषा, ब्रुपा, श्री, पुष्टी, गौ, पृथ्वी इत्यादि। हमारा अभिप्राय केवल पृथ्वी अर्थात देश विशेषवाची सरस्वती शब्दमे है। उसके लिये निम्न प्रमाण है—

एषा वा अपां पृष्ठं तत्सरस्वती (तै० ब्रा० १।७।५।५)

अर्थात्—जलोंके पीठ भागका नाम सरस्वती है।

तथा च अन्तरिक्षं सारस्वतेन अवरुन्धे ।शतपथ। १२।८।२।३२

अर्थात् अन्तरिक्ष सारस्वतसे घिरा हुआ है। यहाँ अन्तरिक्षका अर्थ समुद्र ही है क्योंकि वैदिक कोषमे अन्तरिक्ष और समुद्र समानार्थक है। अभिप्राय यह है कि दोनों मन्त्रोका एक ही अभिप्राय है। सारस्वत और सरस्वती एक वस्तुके नाम है।

इन प्रमाणोंसे तो यह सिद्ध होता है। समुद्रके (तटवर्ती) किसी प्रान्तका नाम सारस्वत अथवा सरस्वती है। अब आगे लिखा है कि सरस्वती यज्ञको छूती है। अत: यहां यज्ञका क्या अर्थ है यह विचारणीय है। वैदिकवाङ्मयमे यह यज्ञ शब्द इतना विस्तृत है कि इसका कुछ भी पारावार नहीं है। इसके कई कारण है एक कारण यह भी है कि वेदकी ऋचाये बहुत पुराने समयमे बनने लगी थीं। उन प्राचीन मन्त्रोंका काल सम्भवत: ४०००० (चालीस हजार) वर्ष पुराना हो सकता है। तथा इन मन्त्रोंका अन्तिम समय महाभारतसे कुछ पूर्वका है, अर्थात् चौतीस हजार वर्ष तक मन्त्र या सूक्त बनते रहे है। इतने लम्बे समयमें एक शब्दके अनेक अर्थोका होना कोई असम्भव नहीं है। इसके साथ ही देश-भेद तथा भाषा-भेद

आदि अनेक इसके कारण है, परन्तु यहाँ हमारा यह प्रकरण नहीं है हमे तो यहदेखना है कि यहाॅ यज्ञ शब्दका क्या अर्थ है। यजुर्वेद अ० १ मन्त्र ११ में यज्ञ वाचक 'स्व' शब्द आया है। इससे पूर्व मन्त्र ९ में यज्ञ शब्द आया है उसीका यहाँ वर्णन है। 'स्वरभिचिख्येषम्' अर्थात् यज्ञको देखो। यहाँ 'स्व:' शब्दके अर्थ महीधर, उवट आदि सभी प्राचीन आचार्योंने यज्ञ ही किये हैं।

तथा च शतपथ ब्रा० कां १।१।२।२१ में भी (यज्ञोवै स्वः)

अर्थात् यज्ञका अर्थ 'स्व:' किया है तथा च ऐतरेय ब्राह्मणमें है कि 'अन्तोवै स्वः' (५।२०) अर्थात् पृथ्वीका अन्तिम भाग स्व है। उपर्युक्त सब प्रमाणोंसे सिद्ध है कि सरस्वती अथवा सारस्वत उस देशका नाम था, जो कि समुद्रके किनारे था। सरस्वती शब्द भी इसी अर्थको प्रकट करता है, क्योंकि 'सर' का अर्थ जल प्रसिद्ध है। बस जो विशेष जल वाली भूमि हो उसे सरस्वती कहा है। अतः सरस्वती प्रान्तकी सीमा समुद्र तक थी। अनेक विद्वानोंके मतमें पश्चिम साइबेरिया प्रान्तका नाम स्वः है। हमारा अभिप्राय इतना ही है, कि पूर्वोक्त मन्त्रमें इडा, सरस्वती भारती, आदि शब्दोंके अर्थ प्रान्त या देश विशेष हैं।

तथा च —तिस्रो भूमिनृपते। ऋग्वेद मडल १ सू० १०२ मन्त्र ८

यहाॅ भी तीन भूमियोंका उल्लेख है। तथा—

इला सरस्वती मही तिस्रोदेवी मयोभुवः

ऋग्वेद मं० १।१३।९ यहाँ भी तीन देवियोंका उल्लेख है, परन्तु यहाँ भारतीके स्थानमें मही शब्द आया है, अतः भारती और मही एकार्थक शब्द है, यह सिद्ध होगया।

और यहाँ तिस्रोभुवः शब्द प्रत्यक्ष सिद्ध कर रहा है, कि ये तीन भूमियाँ हैं। क्योंकि तिस्रः का विशेषण भुवः शब्द है।

तथा च– सरस्वती सिन्धुभिः पिन्वमाना। ऋ० ६।५२।६

अर्थात्—सरस्वती समुद्रोंसे प्रकट होती हुई वर्त्तमान है। इससे स्पष्ट है, कि सामुद्रिक प्रान्त (बंदरगाह) का नाम सरस्वती है। यहाँ भी सरस्वती शब्दका अर्थ एक प्रदेशका है। एक बात यह भी विचारणीय है, कि पूर्वोक्त यजुर्वेदके मन्त्रमे आया है, कि 'रुद्रैर्यज्ञं सरस्वती। अर्थात् रुद्रोंके साथ सरस्वती यज्ञको स्पर्श करती है। यहाँ रुद्रसे क्या अभिप्राय है यह भी जान लेना आवश्यक है, क्योंकि रुद्र शब्द भी यज्ञकी तरह ही अनेकार्थक है। इसके लिये हमको ऋग्वेद मं० ५।४३।११ देखना चाहिये। वहाँ लिखा है (पर्वताद्‌ा सरस्वती) अर्थात् पर्वत वाली सरस्वती। अथवा ब्राह्मण ग्रन्थोंमे रुद्रकी उदीची दिशा है। इसका अभिप्राय हुआ कि उत्तरके पर्वतोंको छूता हुआ जो समुद्रको घेरे हुये प्रान्त था, उसका नाम सारस्वत अथवा सरस्वती था। यह कुरुक्षेत्र वाली सरस्वती भी वेदोंमे है, परन्तु यहाँ तो भूमि विशेषका नाम है—

आभारती भारतीभिः सजोषा इला देवैर्मनुष्येभिरग्निः।
सरस्वतीसारस्वतेभिरर्वाक्तिस्रोदेवीर्बर्हिरेदंसदन्तु ॥

ऋ० ३।४।८

आदित्यैर्नो भारती वष्टु यज्ञं सरस्वती सह रुद्रैर्नआवीत।

य० २०।८

यजुर्वेदके मंत्रमें तो स्पष्ट भारतीका सम्बन्ध आदित्यों-भरतोंमे कहा है। तथा च ऋग्वेदमें स्पष्ट ही 'भारती' और 'भारतीभि: शब्दसे भरतोंका विशेष सम्बन्ध है। अस्तु अब हमको यह देखना चाहिये, कि भारती (भारत) की वैदिक युगमे कौन कौनसी सीमा थी। उपरोक्त कथनसे इतना तो हमने जान लिया, कि हिमालयके उत्तरकी ओर तो इलावर्त था, तथा उससे आगे पश्चिमी समुद्रको घेरे हुये सरस्वती प्रान्त था। इस इलावृत्तको स्पर्श करती हुई भारत भूमि थी, अर्थात् हिमालयके दक्षिणका भाग भारतवर्ष था। वायु पुराणमें लिखा भी है, कि हिमालयके दक्षिण प्रान्तका नाम भारतवर्ष है—

उत्तरं यत्समुद्रस्य हिमवद्दक्षिणश्चयत्।
वर्षं तद् भारतं नाम यत्रेयं भारती प्रजा ॥

वायु० पु० अ० ४५। ७५

अर्थात्—समुद्रके उत्तर और हिमालयके दक्षिण देशका नाम भारतवर्ष है। वहांकी प्रजा भारती कहलाती है।

हिमाद्रेः दक्षिणं वर्षं भरताय न्यवेदयत्।
तस्मात्तु भारतं वर्षं तस्य नाम्ना विदुर्बुधा ॥

ब्रह्माण्डपुराण, अ० १४

अर्थात्—(श्री ऋषभदेव जी ने) हिमालयका दक्षिण प्रान्त भरतको दिया। इसलिये इस प्रान्तका नाम भारतवर्ष हुआ, ऐसा विद्वान् लोग जानते हैं। उपरोक्त प्रमाणोंसे हम प्राचीन भारतकी दो सीमाओंका तो पता लगा सके हैं। आगे जानेके लिये हमे विशेष अध्ययनकी आवश्यकता है। इसके कई कारण

हैं, जिससे हम वैदिक भूगोलका पूर्ण ज्ञान अभी तक नहीं जान सके हैं। एक तो समयका परिवर्तन, जिस प्रान्तमे कभी नदियां बहती थीं, आज वहां मरुभूमि है। जैसे कि बीकानेर आदि तथा जहॉ शीतकी प्रधानता थी, आज वहॉ गरमीके कारण रहना कठिन हो जाता है, जैसे कि सिन्धके कई भाग। वैदिक समयमे सिन्ध एक शीतप्रधान देश था। इसी प्रकार प्राचीन सरस्वती नदी बीकानेरके समुद्रमे आकर गिरती थी। यही अवस्था अन्य स्थानोंकी भी है, आज जहां पर्वतराज हैं, वहॉ किसी समय समुद्र हिलोरें मार रहा था, तथा आज जहॉ समुद्र है, वहाँ कभी शुष्क पृथ्वी थी। तथा च वैदिक साहित्यका पूर्णरूपसे प्राप्त न होना भी इसमे मुख्य कारण है। एवं बादके ग्रन्थोंमें साम्प्रदायिकता के कारण अनेक बातें ऐसी आगईं, कि जिन पर विचार या विश्वास करनेको आजका विद्वन्मंडल तय्यार नहीं है। इतना सब कुछ होनेपर भी परिश्रमका फल अवश्य कुछ न कुछ मिल ही जाता है। अतः हम कुछ इस विषय पर प्रकाश डालनेका प्रयत्न करेंगे। वैदिक साहित्यमे हमको अनेक नदियों, पर्वतों तथा उनसे सम्बन्ध रखने वाले व्यक्तियोंका उल्लेख प्राप्त होता है। उसीसे हम अनुमान लगा सकते है कि इस देशकी प्राचीन सीमा कौन सी थी। अथर्ववेदीय पिप्पलाद संहिताके ५। २२। १४ में हमको 'काशी' शब्द मिलता है, जो कि किसी देशका वाचक है। इसी प्रकार शतपथ ब्राह्मण ३१। ५। १६ तथा अन्य ब्राह्मणोंमें अथवा उपनिषदोंमे भी काश्य तथा काशी शब्द मिलता है। तथा च वह कोशल, और विदेह आदि शब्दोंके साथ आया है। इससे यह अनुमान होता है, कि यह देश कहीं पास पास ही थे। शतपथ ब्राह्मणमे आया है कि--

सैषा (सदानीरानदी) कोसल विदेहानां मर्यादा ।१।४।१।१७

अर्थात्—यह सदानीरा नदी कोसल और विदेहोंकी मर्यादा है। इसी प्रकार जैमिनीय ब्राह्मण आदि ग्रन्थोंमे भी है।

सदानीरा

यह सदानीरा कौनसी है, आज इस विषयमे भी अनेक मतभेद है। आधुनिक कोपकारोंके मतमे तो यह नदी 'करतोया' है। परन्तु अनेक विद्वानोंके विचारानुसार यह गण्डकी नदी है। जो भी हो, है कोई ऐसी नदी जो इन दो राज्योंकी सीमा पर है। तथा वेदमे सरयू नदीका भी उल्लेख आया है।

उतत्यासद्याआर्या सरयोरिन्द्रपारतः।
अर्णाचित्ररथावधीः ॥

ऋ० मं० ४ सू० ३०। १८

अर्थात्—हे इन्द्र तुमने सरयू नदीके पार रहने वाले आर्य अरण और चित्ररथको उसी समय मार दिया था।

मावोरसानितभा कुभा। ऋ० मं० ५ सू० ५३। म० ९

इस मन्त्रमे रसा, अनितिभा, कुभा तथा जलमयी सरयूका वर्णन है। इसके साथ ही सिन्धुका भी नाम आया है। तथा ऋ० १०। ६४। ९ मे भी इस सरयूका नाम सिन्धु और सरस्वती के साथ साथ आया है। इस पर पाश्चात्य विद्वानोंका कथन है कि इस सरयू नदीका नाम वेदमें पंजाबकी नदियोंके साथ आया है, इसलिये यह नदी वर्तमान सरयू नहीं होसकती। उनका कथन

है कि पारसियोंकी पुस्तक जेन्दावस्तामें एक नदीका नाम 'हरयु' है यह नदी वतमानमे 'हरीरुद' है। बस वैदिक सरयू भी यही हरीरुद नदी है अथवा अफगानिस्तानकी ही कोई अन्य नदी होगी। उनका कथन है, कि वैदिक आर्योंको पूर्वके देशोंका ज्ञान नहीं था, तथा न वे यहाँ तक आये ही थे, क्योकि वेदोमे उनका उल्लेख नहीं है। वास्तवमे इन लोगोने पहले अपना एक मत निश्चित कर लिया है, तथा उसके बाद सब बातोंकी जाच करत है। बस जो बात उनके पूर्व निश्चित मतके विरुद्ध हुई कि उन्होने झट कहा कि यह तो होही नहीं सकता। परन्तु ऐतिहासिक विद्वानोके लिये यह बात बहुत खतरनाक है। प्रथम तो यह कोई युक्ति नही है, कि जिस चीजका वर्णन किसी पुस्तकमे न हो तो उसका लेखक उन चीजोंसे अनभिज्ञ हो जाय। आज भी हजारों पुस्तके है परन्तु क्या कोई कह सकता है। कि सब पुस्तकोंमे वतमान समयकी सब वस्तुओंका कथन है। ऋग्वेदमे भी नमकका उल्लेख नहीं है, परन्तु सिन्ध तथा पंजाबमे भी नमक बहुतायतमे मिलता है, तो हम कैसे कह सकते है, कि वैदिक आर्य 'नमक' से नावाकिफ थे। इसी प्रकार 'मोहन-जोदड़ो' की खुदाईमे घोड़ेकी मूर्ति नहीं मिली, इस पर एक विद्वानने अनुमान किया कि सिन्धवासी पहले घोड़ेको नहीं जानते थे, ऐसी बाते हास्यास्पद है।

ऐसे ही अनेक उदाहरण है। भला इस बातका हमारे पास क्या प्रमाण है, कि वैदिक आर्य पूर्वमे नहीं आये थे। वेदोंमे उल्लेख न होना तो प्रमाण नहीं है। हमारी सम्मतिमे सरयू नदी वर्तमान सरयू ही है। सरयूके साथ ही अनितभाका भी नाम आया है। जिसके लिये विद्वान् लोग मौन है। अथवा

इसको पंजाबकी कोई नदी होगी, ऐसा कह देते हैं। हमारी सम्मतिमें यह भी कोई पूर्वकी नदी होगी। यदि हम इसको सदानीरा ही समझें तो इसमें क्या भूल है। अस्तु अब हम ऐतिहासिक दृष्टिसे इस पर विचार करते हैं। शतपथ ब्राह्मणमें कोशल राज्यका उल्लेख है, और वह विदेह राज्यके साथ साथ आया है, तथा च वहाँ सदानीरा नामकी नदीका भी उल्लेख है। इस नदीका नाम महाभारतमें भी यही आया है, तथा वहाँ भी यह नदी इसी प्रान्तकी एक नदी है। भीष्म पर्व अध्याय ६ में अनेक नदियोंके नाम आये हैं। वहाँ यह भी एक नाम है। शतपथ ब्राह्मणका समय आजसे ४ हजार वर्ष पूर्वका है। तथा महाभारतके समयमें भी कोशल राज तथा सदानीरा नदीका यहाँ होना सिद्ध है। महाभारतमें सरयू आदि अनेक नदियोंके और भी नाम हैं, जो कि पूर्वमें बहती है। महाभारतका काल भी लगभग उतना ही है, तथा च महाभारतमें अयोध्याका राजा बृहद्बल युद्धमें था जिसको अभिमन्युने मारा था। इन सब प्रमाणोंसे यह सिद्ध है कि आजसे ४००० वर्ष अथवा इससे कुछ अधिक समय पूर्व तक आर्योंका यहाँ राज्य था। काशीराज और विदेह लोग भी युद्धमें थे। अतः इन पर उस समय आर्योंका राज्य रहा है, यह तो निश्चित है। बृहद्बलसे पहले सूर्यवंशकी ९३ पीढियाँ और भी अयोध्यामें ही हो चुकी है। यदि इनका काल ५५ वर्ष प्रत्येक पीढीका लगावें तो भी ५००० हजार वर्षके अनुमान हो जाते है। पहले मनुष्योंकी आयु आजकलसे अधिक थी, वह हुयेनसांग आदि विदेशियोंने भी लिखा है। आज भी विदेशोंमे औसतन आयु भारतीयोंसे अधिक है। अतः आजसे दस हजार वर्ष पहले तो अयोध्या आदि पूर्वीय

देशों पर आर्योंका एकछत्र राज्य था। हाँ, यह अवश्य है कि वह प्राचीन अयोध्या यह वर्तमान अयोध्या नहीं है, ऐसा परिवर्तन तो देहलीमें ही कितनी बार हुआ होगा। तो क्या देहली की प्राचीनता नष्ट हो गई। अथवा यह प्राचीन समयमे अज्ञात थी, ऐसा कोई कह सकता है। अब हमें यह विचारना है, कि कौशल राज्यकी स्थापना कब हुई।

भारतकी प्रथम राजधानी

अयोध्यानामनगरी तत्रासील्लोकविश्रुता ।
मनुना मानवेन्द्रेण सापुरी निर्मिता स्वयम् ॥

(वा० रामायण, बाल०)

अर्थात्-लोकमें प्रसिद्ध अयोध्या नामकी नगरी है। उसको नरेन्द्र मनु ने स्वयं बनाया था। यही बात जैन पुराणोंमे भी आई है।

तस्यामलंकृते पुण्ये देशे कल्पाङ्घ्रिपात्यये ।
तत्पुण्यैर्मुहुराहूतः पुरुहूतः पुरीं दधात् ॥

—आदि पुराण पर्व १२। ६९

अर्थात्-कल्पवृक्षोंके नष्ट होजाने पर जिस देशको महाराजा नाभि तथा उनकी धर्मपत्नी मरु देवीने अलंकृत किया था उन्हीं के पुण्यसे प्रेरित होकर एक पुरी रची। तथा आगे श्लोक ७६ मे लिखा है।

अयोध्या न परं नाम्ना गुणेनाप्यरिभिः सुरा: । ७६

अर्थात्—यह अयोध्या केवल नाम की ही नहीं थी, अपितु शत्रुओंसे भी अजेया थी। इससे सिद्ध है कि अयोध्याको नाभिराय मनुने बनवाया था। यही बात रामायणमें है। इस प्रकार एक दूसरेके विरोधी ग्रन्थ इस विषयमें एक ही साक्षी दे रहे हैं इस पर अविश्वास करनेका कोई कारण नहीं है। हम इस विषयका विशेष विवेचन ऋषभदेव और वेद विषयमें करेंगे। यहां तो इतना ही समझ लेना चाहिये कि श्री ऋषभदेव जी के पिताने यह अयोध्या नगरी बनवाई थी। वे अन्तिम कुलकर अर्थात मनु थे यह बात जैनियोंमें सर्वमान्य है तथा च अन्तिम मनु ने अयोध्याका निर्माण किया यह सर्वभारतीय प्राचीन हिन्दू शास्त्रों का मत है। यही बात बौद्ध ग्रथोंमे भी लिखी है। अतः हम कह सकते हैं कि सम्पूर्ण भारतीय प्रजाका इस विषयमे एक-मत था तथा है कि अयोध्याका निर्माण मनुजीने ही पहले करवाया था। जब सबका एकमत है तो कुछ विदेशीय विद्वानोंकी मिथ्या एवं निराधार कल्पनाका कुछ भी मूल्य नहीं है। अब यदि हम यह जान सके कि प्राचीन समयमे इस कोशल राज्यकी सीमा कहाँ तक थी तो हम भारतकी प्राचीन सीमाका पता लगा सकेंगे। क्योंकि उस समय भारतकी राजधानी अयोध्या ही थी। इसका पता लगानेके लिये हमारे पास निम्न लिखित साधन हैं।

वैदिक नदियां

वैदिक साहित्यमे अनेक नदियोंका उल्लेख है। उससे भी उस समयके भौगोलिक विषयका ज्ञान होता है। (१) गंगा, (२) जमना, (३) सरस्वती, (४) शतद्रु (शतलज), (५) ईरावती

था रावी, (६) असिक्नी (चुनाव), (७) वितस्ता (झेलम), (८) मरुद्वृधा, (९) आर्जिकीया। (१०) तृष्टोमा, (११) सुसर्तु, (१२) रसा (रहा), (१३) श्वेती (अर्जुनी), (१४) कुमु, (१५) गोमती (काबुलकीनदी), (१६) श्वेतयावरी, (१७) शिफा, (१८) अञ्जसी, (१९) कुलिशी, (२०) वीरपत्नी, (२१) सरयू, (२२) अदीना, (२३) दृषद्वती, (२४) अपेया, (२५) जाह्नावी, (२६) हरियूपिता (२७) ऊर्णावती, (२८) हिरण्यमयी, (२९) वाजनीवती, (३०) सीलमावती, (३१) सुषोमा। इत्यादि नदियोंका नाम वेदोंमे आया है। इससे यह अनुमान निकाला जाता है कि इन स्थानों पर आर्य निवास था। इनके अलावा अथर्ववेदकी पिप्पलादसंहितामे सदानीराका भी वर्णन है। अतः हम वैदिक समयके भूगोलका अनुमान अच्छी तरह कर सकते है। हम दिखला चुके है कि मनु महाराजने अयोध्या नगरीका निर्माण किया था वे कब हुये यहाँ यह प्रश्न नहीं है, परन्तु इतना अवश्य है कि सम्पूर्ण वैदिक साहित्यकी रचना उनके पश्चात् की है। अतः हम इस निर्णय पर पहुँचते है कि वैदिक आर्योंकी प्रथम राजधानी अयोध्या थी। तथा विदेह और काशी आदिके राज भी इसके आधीन थे। भरतवंशियोंने ही विदेहराज और काशीराजको भी स्थापित किया था। पूर्व समयमे उत्तर कोशल तथा दक्षिणकोसल इस प्रकार कोसल राज्य दो भागोंमे विभक्त था अतः इसकी सीमा विशाला तथा विदेहराज दरभंगा तक थी। उत्तरमें इसकी सीमा रामगगा तक थी। तथा इधर सिन्धुनद और बिलोचिस्तान तथा गान्धार तक इस भारतदेशकी सीमा थी तथा यमुना और गङ्गाके सम्पूर्ण देश एवं पञ्जाब गोमती नदी। उधर रैवत पर्वत आदि संपूर्ण देश इस राज्यके

अन्तर्गत थे। इस देशकी वंशावली सबसे प्राचीन एवं सबसे अधिक सुरक्षित है। कोई भी इतिहासलेखक इसकी सहायताके बिना भारतका इतिहास नहीं लिख सकता।

वैदिक पर्वत

वैदिक साहित्यमे अनेक पर्वतोंका भी उल्लेख आता है, उससे भी प्रकरण पर कुछ प्रकाश पड़ता है। (१) हिमवत (हिमालय), (२) मृजवत (यहांसे सोम आता था), (३) त्रिककुभ, (त्रिकूट) यहाँसे विशेष प्रकारकी अंजन औषधी आती थी। कहते हैं कि मनुजी की नाव इसी जगह रुकी थी।

तथा च ब्राह्मण ग्रन्थोंमे भी कुछ पर्वतोंके नाम आये हैं (१) सुदर्शन, (२) क्रौंच, (३) मैनाक। यहाँ सुदर्शनका अर्थ मेरु (सुमेरु) है इसका राजा कुबेर था।

वैदिक समुद्र

ऋग्वेद म० १०, १३६, ५ मे पूर्व समुद्र तथा पश्चिम-समुद्रका उल्लेख है। तथा भुज्युकी समुद्रयात्रा प्रसिद्ध ही है। समुद्रज पदार्थोंका भी वेदोंमें उल्लेख है। इन सब प्रमाणोंसे भी हमारी पूर्वोक्त निर्धारित सीमा सिद्ध है। तथा च—

तस्मादिमं लोकं (पृथ्वी) दक्षिणावृत्समुद्रपर्येति।

शतपथ ७।१।१।१३।

तस्मादिमं लोकं (पृथ्वी) सर्वतः समुद्रपर्येति ।७।१।१।१३

अर्थात् यह पृथ्वी (भारतवर्ष) दक्षिण समुद्र पर्यन्त है। तथा च यह भारत चारों ओर समुद्रवाली है। अन्य स्थानोंमें भी ऐसा

पाठ है। 'पयोधरीभूत चतुःसमुद्राम्' -(रघुवंश)। जो बात ब्राह्मणकारने कही वही बात कालिदास भी कहता है। इससे पूर्व पश्चिम और दक्षिण समुद्र तक तथा च हिमालयके सम्पूर्ण प्रान्त भारतकी सीमा थी तथा इलावृत्त अर्थात् पश्चिम साइबेरियाभी संभवतः भारतका उपनिवेश था।

एतद्देशप्रसूतस्य सकाशादग्रजन्मनः
स्वं स्वं चरित्रं शिक्षेरन (पृथिव्यां) सर्वमानवाः -मनु०

अर्थात् भारतवर्षीय ब्राह्मणोंसे अपने २ लोकव्यवहारके अनुकूल (पृथिव्यां) भारतवर्षमे बाहरसे सब लोग शिक्षा ग्रहण करने आते थे।

समुद्रो वा हीमां (पृथ्वींभारतीं) अभितः पिन्वते।

शत० ७।४।१।६

अर्थात् इस भारतवर्षकी सब तरफसे समुद्र रक्षा करता है। आज भी इसकी वही व्यवस्था है। बस वैदिक समयमे भी इसका भौगोलिक नकशा यही था। महाभारतके समयमे भी भारतकी ऐसी ही व्यवस्था थी। तथा च अशोक और जैनसम्राट सम्प्रति तक भी भारतकी यही सीमा थी यह इतिहासप्रसिद्ध है

वैदिक पृथ्वी

वैदिक भाषामे पृथ्वी, भू, भूमि, वेदि, प्रतिष्ठा, भारती, भरत, मही, इहलोक आदि अनेक नाम इस भारतवर्षके हैं। उन सबका ब्योरा यह है—

'इयं वै क्षेत्रं पृथ्वी'—कौषीतकी ब्राह्मण ३०।११

गोपथ ३।५।१०

अर्थात् यह भरत क्षेत्र पृथ्वी है। यावती वै वेदी तावती पृथ्वी श० १।२।५ वेदिर्वै अन्तः पृथ्व्याः तै० ३।६।५।५ (देवी तथा देवजयजी) श० ३।२।२० अयं भूः लोकः। यजु० १।५ भूमि० १३।१८ अदिति, मही, यजु० ११।५६ आदि इसके लिये अनेक प्रमाण है। तथा च—

तिस्रो वा इमाः पृथ्व्यः इयमहैका द्वे अस्याः परे।

शत० ५।१।५।२१

अर्थात् तीन पृथ्वी है। उनमेंसे यह भारतवर्ष एक है तथा दो इससे परे है। तिस्रो देवीसे मिलाने पर ठीक अर्थ हो जायेगा। इस भारतका नाम मित्र तथा सामुद्रिक विभाग सारस्वत देशका नाम वरुण था। अयं वै पृथ्वी लोको मित्रः असौ द्युलोक वरुणः। श० १२।६।२। बस इसी भारतकी महिमासे वेदका अधिक भाग ग्रथित हुआ है। इस भारतके नाममे एक नाम वेदी भी आया है और लिखा है कि वेदी ही पृथ्वीका अन्त है। तथा च वेदीका अर्थ शतपथ ३।६।२।५ मे वेदिर्वै सलिलम् किया है।

अर्थात् जलका नाम वेदी है। अतः स्पष्ट हो गया कि भारतवर्षकी अन्तिम सीमा समुद्र है। विष्णुपुराणमें भी उसकी सीमा बतलाई है।

उत्तरं यत् समुद्रस्य हिमाद्रेश्चैव दक्षिणम्।
वर्षं तद् भारतं नाम भारती यत्र सन्ततिः॥
नवयोजन साहस्रो विस्तारोऽस्य महामुने। अंश २ अ० ३

अर्थात् समुद्रके उत्तरसे हिमालयके दक्षिण तकके देशका नाम भारतवर्ष है। यहांके लोग भरतकी सन्तान है। इस देशका विस्तार ३६ हजार कोस है। इसमे भारतकी परिधि ७२ हजार मील मानी है। इसके अलावा 'भारतीय इतिहासकी रूप रेखा' मे तथा 'भारतभूमि और उसके निवासी' पुस्तकमे श्री पं० जयचन्द्र जी विद्यालकारने बड़ा सुन्दर विवेचन किया है। जो कुछ उन पुस्तकोंसे विशेष प्रतीत हुआ वह हमने लिखा है। इतना समझ लेना चाहिये कि जिस समयका हम वर्णन कर रहे हैं उस समय भारतके पॉच भेद अथवा सात भेद या नौ भेद नही थे। अपितु भरत महाराजने जितनी पृथ्वी पर राज्य किया था उसी देशका नाम भारतवर्ष था।

दाशराज युद्ध

यह बात सिद्ध होगई कि अति प्राचीन कालसे इस देशका नाम 'भारत' है। तब यह प्रश्न उपस्थित होता है कि इस देशका यह नाम कबसे हुआ ? एवं किस महापुरुषके नामसे यह नाम विख्यात हुआ ? इस देशका नाम 'सम्राट्' भरत' से 'भारत' हुआ। इसमें सम्पूर्ण ऐतिहासिकोंका एक मत है। परन्तु प्रायः सभी ऐतिहासिकोंका मत है कि दुष्यन्त पुत्र 'भरत' से इस देशका नाम 'भारत' प्रसिद्ध हुआ। किन्तु जब हम गहराईसे विचार करते है, तब हमको यह कल्पना केवल कल्पना ही प्रतीत होती है। क्योंकि वैदिक साहित्यसे यह स्पष्ट सिद्ध है कि दुष्यन्त-पुत्र भरतसे हजारों वर्ष पहले भी इस देशका नाम 'भारत' था। तथा उस समय एवं उससे भी अति प्राचीन कालसे इस देशमें एक 'भरत' या भारत जाति रहती थी। उस 'भारत' जाति

और 'भारत' देशका आदि सम्राट् भरतसे प्रादुर्भाव हुआ था। ऋग्वेदका बहुभाग उसी प्राचीन 'भरत' जातिकी स्तुतिमें प्रथित हुआ है। यह 'भरतवश,' सूर्यवंश, इक्ष्वाकुवंश, वृषभवंश वा सूर्यकुलके नामसे प्रसिद्ध था। परन्तु दुष्यन्त-पुत्र 'भरत' चन्द्रवंशी और ऐल आदिके नामसे प्रसिद्ध है। ये ऐलवंशी 'असुर' कहलाते थे तथा सूर्यवंशी देवोंके नामसे प्रसिद्ध थे। चन्द्रवंशी हिंसाप्रधान योग आदिके अनुयायी थे, परन्तु सूर्यवंशी अहिंसाधमके उपासक थे। एवं चन्द्रवंशी 'इलावर्त' से यहां आये थे और सूर्यवंशी यहाँके मूलनिवासी थे। इन दोनों जातियोंके अनेक बार घोर युद्ध हुए हैं, उन युद्धोंका वर्णन वेदोंमें देवासुर संग्राम, और दाशराजयुद्ध आदि नामोंसे हुआ है।

हम यहाँ दाशराज युद्धका संक्षेपसे उल्लेख करते हैं।

आजसे अनुमान ९००० नव हजार वर्ष पूर्व इस भारत वर्षमे एक भयानक युद्ध हुआ। वैदिक साहित्यमे इस युद्धका नाम दाशराजयुद्ध है।

एवन्नुकं दाशराज्ञे सुदासं प्रावदिन्द्रो ब्रह्मणा वो वसिष्ठाः॥

ऋ० ७।३३।३।

अर्थात् प्रसिद्ध 'दाशराज' युद्धमे वसिष्ठ पुत्रोंके मन्त्र-बलसे इन्द्रने सुदास राजाकी रक्षा की थी। अभिप्राय यह है कि ऋग्वेदमे इस युद्धका नाम 'दाशराज' युद्ध है और इस युद्धमे वसिष्ठ और उनके पुत्रोंकी प्रेरणासे इन्द्रने भरतवंशी सुदासकी सहायताकी थी। इस युद्धमें दस राजाओंने मिलकर एक साथ सुदास पर चढ़ाईकी थी

ऋग्वेदमे लिखा है कि—

यत्र राजभिर्दशभिर्निबाधितं प्रसुदासमावतं तृत्सुभिः सह ॥
दशराजानः समिता अयज्वः सुदासमिन्द्रा वरुणानयगुधुः

ऋग्वेद मंत्र ७।८३।६-७।

अर्थात हे इन्द्र। दाशराज युद्धमे दश राजाओं द्वारा प्रपीड़ित तृत्सुओंके साथ तुमने सुदास राजा की रक्षा की थी ॥ ६ ॥

हे इन्द्र और वरुण। यज्ञ-हीन दसराजा भी सुदास से युद्ध में विजय न पासके। ॥ ७ ॥

उपरोक्त मंत्रों से यह स्पष्ट सिद्ध है कि इस युद्ध मे सुदास के विरुद्ध दस राजाओं ने चढ़ाई की थी ये दस राजा निम्न थे।

पौरव, सम्बरण, मत्स्य, तुर्वसु, द्रुह्यु, शिवि पक्थ, भलाना,—भलानस, अलिन, विषाणी, ॥ १ ॥

इसमे विलोचिस्तान, सिन्ध, काबुल पञ्जाब, मत्स्य–वर्तमान अलवर— प्रान्त के राजा, हस्तिनापुर तथा यू० पी० के राजा थे। इसके अलावा इन राजाओं के साथ अनार्यलोगों की भी विशाल सेना थी।

एवं पुरुरवा के सम्पूर्ण वंश के योद्धा व राजा भी पुरु के साथी थे।

आपक्थासो भलानसो भनन्ता लिनासो त्रिषाणिनः शिबासः

ऋग्वेद । मं० ७।१८।७।

पुरु की राजधानी प्रयाग थी और सुदास की राजधानी अयोध्या थी। अतः यह युद्ध प्रयाग और अयोध्या के मध्य में हुआ था।

एक तरफ प्रयाग का अधिपति पुरु था; और दूसरी ओर अयोध्या-अधिपति सुदास था, जोकि उस समय का महान् विजेता था। सुदास के साथियों मे तृत्सु और मरुद्गण थे। तृत्सु शायद तिब्बत के निवासी थे। एवं मरुद्गण ये छापामार सैनिकों का गण था।

अथवा यह गोरिल्ला युद्ध करने में प्रवीण सैनिक दल था। ये मरुद्गण भरतवंश के थे।

आसद्या बर्हि भरतस्य सूनवः ॥

ऋग्वेद मं० २।३६। २॥

इस मन्त्र का देवता मरुद् गण है। मन्त्र का निम्न अर्थ है कि हे भरत पुत्र मरुद् गणो ! तुम कुशासन पर बैठकर सोम-पान करो। अतः यह स्पष्ट होगया कि मरुद् गण भरतवंशीय थे। तथा वेद मे इन मरुतों को मनुष्य लिखा है

यथा—यद् यूयं पृश्नि मातरो मर्तासः

ऋ० मं० १।३८।४

इस मन्त्र का अर्थ करते हुये श्री सायणाचार्य लिखते है कि—

एवं कर्माणि कृत्वा मर्तासो मनुष्या अपि सन्तः अमृतत्वं देवत्वं आनशुः आनेशिरे ।

अर्थात् ऋभुवों की तरह मरुतों ने भी शुभकर्म करके देवत्व प्राप्त किया था।

वेद स्वयं कहता है कि—

मर्तासः सन्तो अमृतत्वमानशुः ॥

ऋ० १।११०।४

अर्थात् ऋभुलोग मनुष्यों से देवता बने थे।

श्री० पं० सातवलेकरजी ने ऋग्वेद के सुबोध भाष्य में लिखा है कि—

यहां मनुष्यों के देवत्व की प्राप्ति होने की बात स्पष्ट हुई है, जैसे 'मरुतः' और ऋभु, प्रथम मानव होते हुए पश्चात् शुभ कर्मों के कारण देव बने, वैसे ही अन्य मनुष्य भी बन सकते हैं। भाग ५ पृ० १६। उपरोक्त प्रमाणों से यह स्पष्ट है कि मरुद् गण मनुष्य थे, तथा भरतकुल में उत्पन्न हुये थे।

मरुतों के कन्धे पर खादी

अंसेष्वा मरुतः खादयो वो वक्षःसु ॥

ऋ० ७।५६।१३

अर्थात् हे मरुतो ! तुम्हारे कंधों पर खादी स्थित है।

यहाँ श्री सायण ने खादी का अर्थ अलंकार किया है।

तथा च वेद कहता है कि—

शूरः सर्गमकृणोदिन्द्र एषाम् ॥

ऋ० ७।१८।११

वीर इन्द्र ने सुदासकी सहायताके लिये मरुद् गणोंको उत्पन्न किया था। इससे ज्ञात होता है कि- उस समय इन्द्र ने मरुद्-गणों को युद्ध की विशेष प्रकार की शिक्षा देकर इनको तय्यार किया था।

श्रीमान पं० सातवलेकर जी ने मरुद् गणों का वर्णन निम्न-प्रकार से किया है ।

मरुत देवों का गण

मरुत (मर+उत) मरने तक उठकर लड़ने वाले बड़े भारी वीर है ये समुदाय मे रहते है सब मिलकर एक ही बड़े भारी घरमे रहते है साथ साथ शत्रु पर हमला करते है सब की पोशाक एक जैसी रहती है खान पान समान होता है सबके पास अस्त्र शस्त्र समान रहते है इनकी कतार सातों की मिलकर एक होती है प्रत्येक कतार के दोनों ओर दो वीर रहते है इनको पार्श्व-रक्षक अर्थात् दोनो बाजुओं मे होने वाले हमलों मे बचाने वाले वीर कहते है इस तरह १+७+१-९ नौ वीरों की एक कतार होती है । ऐसी इनकी ७ कतारे होती है अर्थात् ७ कतारों मे मिलकर (९×७=) ६३ सैनिक होते है इनके संख्या के अनुसार संघ के नाम होते है ।

१-शर्ध ७ वीरों की एक पक्ति २ पार्श्वरक्षक मिलकर ९ वीर हुए (१+७+१=) ९×७ कतारें=६३ वीरों का एक शर्ध होता है इसमे (७×७=) ४९ सैनिक और (७×२) १४ पार्श्वरक्षक मिल-कर ६३ वीर रहते है इसका नाम शर्ध है।

२-व्रात (६३-×७=) ४४१ सैनिकोंका एक व्रात कहलाता है।

३-गण=(६३×१४=) ८८२ सैनिकों का अथवा १४ व्रातोंका एक गण कहलाता है ।

४-महागण (६३×६३=) ३९६९ सैनिकों का महागण कह-लाता है । इस तरह सातों के विविध अनुपातों मे इनके अनेक

छोटे मोटे सैनिक विभाग होते हैं, इससे भी महागणमण्डल आदि अनेक विभागों के नाम है।

शस्त्रास्त्र

इनके शस्त्रास्त्र ये है। ऋष्टिः- भाला, वाशी, कुल्हाड़ा ये शस्त्र और अञ्जि-गणवेशभी सबका समान ही रहता है। अन्यत्र अन्य शस्त्रों का वर्णन भी है। तलवार, वज्र आदि भी ये वर्तते थे और लोह के शिरस्त्राण भी ये वर्तते थे।

बल

मरुतों का बल संघके कारण है। समूह में रहना, समूह मे जाना, समूह से क्रीडा करना आदि के कारण जो इनका संगठन है उसका यह बल है। इस सूक्त का मंत्रवार आशय ऐसा है (१) ऋषि कण्व से कहता है कि मरुतों के काव्यो का गान करो क्योंकि उनका बल संघ से उत्पन्न हुआ है तथा ये आपस मे कभी लड़ते नहीं, रथों मे बैठकर वीरता को प्रकट करते है। अर्थात् इनके काव्यों का गान करने से मानवों मे संगठन का बल बढ़ेगा, खेलों में रुचि बढ़ने से वृत्ति आनन्द युक्त बनेगी, और उससे उत्साह बढ़ेगा। इसीलिये मरुतों के काव्यों का गान करना वीरता को बढ़ाने वाला है।

(२) ये वीर भाले, बर्छियां, कुल्हाड़े तथा अपनी अन्य पोशाक सम-समान ही धारण करते हैं और जब बाहर आते है तब-सजे सजाये साथ २ प्रगट होते हैं। ये कभी अकेले नहीं रहते इनका सबही रहना सहना साधिक होता है।

(३) ये हाथों में चाबुक लेकर अपने घोड़ों को दौड़ाते हुए आते हैं। उस समय इनके कोड़ों का शब्द दूर से भी सुनाई देता है। युद्ध के समय तो इनकी वीरता विशेष ही प्रकट होती है।

(४) वीरों के संघ का बल बढ़ाने के लिये, शत्रु पर हमला करने के लिये और प्रताप का सामर्थ्य वृद्धिगत करने के लिये इन वीरों के काव्यों का गान करते जाओ। वीरों के काव्य गाने से सुनने वालों में वीरता बढ़ जाती है। यह है—वीरों के काव्यों का महत्त्व।

(५) गौ के दूध आदि गोरस मे एक बड़ा भारी सामर्थ्य है। संघ मे रहने से औरएक बल बढ़ता है। पहिला बल गोरस पीने से बढ़ता है और दूसरा साधिक जीवन से बढ़ता है। इस सब प्रकार के बल की वृद्धि करनी चाहिये। कोइ ऐसा कार्य नहीं करना चाहिये जिसमे शक्तिका नाश ही होजाय।

(६) ये वीर भूमि और आकाश को हिला छोड़ते है। ये, सब समान होने के कारण इनमें कोई भी छोटा या बड़ा नहीं होता। इनमे एक भी वीर ऐसा नहीं है जो शत्रु को समूल हिलाता न होगा।

(७) इनका हमला शत्रु पर होने लगा, तो साधारण मानव किसी के आश्रम मे जाकर रहते हैं, क्योंकि ये वीर पहाड़ों को भी उखाड़देते हैं। अर्थात् इनके हमलों से सभी भयभीत होते है।

(८) इनके हमलों के समय भूमि भी कांप उठती है और मरियल बालक के समान सभी भयभीत होते है।

(९) इनका जन्मस्थान सुस्थिर है, पर ये दूर २ हमला करने के लिये दौड़ते हैं। जिसतरह पत्ती के छोटे बच्चे भक्ष्य के लिये

दूर जाते है तो भी अपनी माता के ऊपर उनका ध्यान रहता है। वैसा ही ये वीर दूर हमले के लिये गये तो भी मातृभूमि पर उनका ध्यान रहता ही है।

(१०) ये बड़े वक्ता हैं, ये अपने पराक्रम मे अपनी पराकाष्ठा करते है। जिस तरह घुटने जितने पानी मे गौवें घूमती है, उसी तरह सर्वत्र ये वीर घूमते है और पराक्रम करते रहते है।

(११) ये (वायुरूप)मे बड़े भारी मेघों को तितरवितर करते है वैसे ही ये वीर शत्रु कितना भी प्रबल हुआ, तो भी उसको उखाड़ ही देते हैं।

(१२) जो उनका बल शत्रुओं को हटाता है वही बल पर्वतो को भी लांघता है।

(१३) ये वीर जब कतारो मे मार्गपर से चलते है, तब वे आपस मे इतनी छोटी आवाज मे बोलते है, कि इस समय इनका शब्द तीसरा आदमी सुन नहीं सकता। दो वीर आपस मे बात करने लगे तो तीसरा सुन नहीं सकता।"

ऋग्वेदका सुबोध भाष्य० ५,१५।

अभिप्राय यह है कि इस प्रकार यह दाशराज युद्ध दो सम्राटों मे था। परन्तु इसमे पुरु की शक्ति विशाल थी, क्योंकि उसके साथ अनेक अनार्य राजा थे। किन्तु सुदास के साथ केवल भारतवंशी ही थे। इसलिये वेदने कहा है कि—

परिच्छिन्ना भरता अर्भकासः ॥

ऋ० मं० ७ सूक्त २३॥

अर्थात् 'पुरु' की सेना के सन्मुख सुदास आदि भरत, अत्यन्त अल्प थे। उस समय इस भरत वंश के पुरोहित (प्रधान

सलाहकार)-विश्वामित्र ऋषि थे। विश्वामित्र अति निपुण योद्धा होते हुए भी उस अपार सेना के सन्मुख उसकी एक भी न चल-सकी। परिणाम यह हुआ कि सुदास की सेना चारों ओर से घिर गई, अतः भरतों का पराभव निकट भविष्य में ही अवश्य-म्भावी था, कि सुदास ने बड़ी बुद्धिमानी से उस समय के सब से बड़े नीति निपुण वसिष्ठ ऋषि को अपना पुरोहित बना लिया[1]।

वेद में लिखा है कि—

अभवच्च पुर एता वसिष्ठः॥

ऋ० ७।३३।

अर्थात् उसी समय में भरतों के पुरोहित वसिष्ठ बने। तथा च ताण्ड्य ब्राह्मण में लिखा है कि—

वसिष्ठ पुरोहिता भरताः। १५। ४। २४।

अर्थात् भरतों के पुरोहित वसिष्ठ हैं। वेद तथा ब्राह्मण में 'भरता.' ऐसा बहुवचनान्त शब्द भरत वंश को प्रकट करता है। इन प्रमाणोंसे सिद्ध होता है कि उस समय यह वंश भरत वंश के नाम से ही अधिक प्रसिद्ध था, क्योंकि वैदिक वाङ्मयमे इसी नाम से बार २ इसका उल्लेख आया है। यद्यपि इस कुलका उल्लेख, मानव, इक्ष्वाकु तथा सूर्य आदि नाम से भी हुआ है, परन्तु अल्पमात्रा में ही इन शब्दों का प्रयोग हुआ है। अभिप्राय यह

---

१ इसी विषय को लेकर वसिष्ठ और विश्वामित्र का भयानक कलह हुआ। स्वाभाविक है कि विश्वामित्र ने इसको अपना भयानक अपमान समझा हो।

है कि यह दाशराज युद्ध. चन्द्रवंशी और भरत या भारतवंश, ऐसे दो कुलों में था। इनमें चन्द्रवंशी विदेशी आर्य थे तथा भरत-वंशी भारतीय आर्य थे। अब हम 'पुरु' और 'सुदास' की वंश-परम्परा का परिचय देते है, ताकि यह निश्चय हो जाय कि यह भरत जाति सूर्य वंश के कुल की थी तथा पुरु 'चन्द्र' या 'ऐल' वंशा था।[1]

पुरुरवा

पुरुरवा चन्द्र (सोम) वंशमे एक महान् प्रतापी व बलशाली सम्राट् हुआ है। इसके कुल का नाम 'ऐल' भी था। यह नाम उसकी माता 'इला' के नाम से प्रचलित हुआ। पुरुरवा के पिता का नाम 'बुध' था। यह बुध प्रजापति 'सोम' की सन्तान थी। सोम-चन्द्र- के लिये महाभारत मे लिखा है कि—

सोमः प्रजापतिपूर्वं कुरूणां वंशवर्द्धनः

उद्योग पर्व १४७।३।

इससे स्पष्ट सिद्ध है कि कौरव वंश के प्रणेता सोम (चन्द्र) का यह पुरुरवा पौत्र (पोता) था तथा यह सोम महर्षि अत्रि का पुत्र था।

अत्रि—अत्रि नाम के अनेक ऋषियों का कथन वैदिक

---

(१)—श्रीमान् वैद्यजी भी इस युद्ध को चन्द्र-वशी, तथा सूर्य-वशी भरतों का युद्ध मानते है। आपके मत से यह युद्ध सरयू के किनारे हुआ था। किन्तु अनेक विद्वानोका मत है कि यह युद्ध जमुना के किनारे हुआ था। तथा वैद्य जी ने निरुक्त और पुराणों के प्रमाणों से यह भी सिद्ध किया है कि—यह भरत जति आदि भरत की सन्तान थी। यह आदि भरत सूर्य वशी था। (गगा का वेदांक)

साहित्य में उपलब्ध होता है। उनमें से एक 'अत्रि' शुक्र=उशना के पुत्र थे। यह अत्रि असुर-याजक थे।

क्योंकि स्वयं 'शुक्र' भी असुरों के पुरोहित थे। अतः यह सिद्ध है कि 'पुरुरवा' असुर-कुलका था[1]। अत: स्वभावत: इसका आर्यों से विरोध था।

पुरुरवा का मूलस्थान असुर (असीरिया) प्रदेश था, किन्तु माता इला के कारण इसको 'प्रतिष्ठान' (प्रयाग) का राज्य प्राप्त हुआ था। यह महान् विजेता था एव यह समुद्र के १८ द्वीपों का अधिपति था।

सुप्रसिद्ध कवि-कुलतिलक कालिदास ने अपने 'विक्रमोर्वशीय' नाटक में इसका विस्तार पूर्वक वर्णन किया है। इस पुरुरवा के समय में हिरण्यपुरवासी केशी राक्षस देवों पर अत्याचार करने लगा था। पुरुरवा ने इसको पराजित कर, अच्छी ख्याति प्राप्त की थी।

इस विजय से इसकी कीर्ति में चार चाँद लग गये थे और इसी समय से इन्द्र देव भी इस के मित्र बन गये थे। इन्द्र देव ने प्रसन्न होकर 'उर्वशी' नामक देवाङ्गना भी पुरुरवा को दे दी थी।

ऋग्वेद मं० १० सू० ६५ मे पुरुरवा और उर्वशी का विस्तार पूर्वक सम्वाद है। उससे स्पष्ट सिद्ध होता है कि यह पुरुरवा

---

१ असुर लोग मांसाहारी थे तथा देव शाकाहारी थे।
महाभारत की समालोचना में सातवलेकर जी

(२) संभवत: चन्द्रवंशियों को असुर कहते थे और सूर्य-वंशियों को देव।

महान् कामुक था। यही कामुकता अन्त में इसके पराजय का कारण बनी।

यह पुरुरवा मन्त्रकर्ता ऋषि भी था।

यह पुरुरवा इक्ष्वाकु और हमारे प्रतिराय आदि सम्राट् भरत का समकालीन था। बहुत संभव है कि भरत ने इस पर विजय प्राप्त की हो और उसी पराजय के कारण यह अपने देश-असीरिया- को चला गया हो तथा इसकी सन्तान ने भरत को कर देना स्वीकार करके यहीं अपना राज-काज चलाया हो।

'पुरुरवा विदेशी था'[1], यहाँ मूल आर्यों से उसकी संस्कृति नहीं मिलती थी, क्योंकि ये लोग मांस मदिरा-सेवी थे और सूर्यवंशी अहिंसा धर्म के मानने वाले थे। अतः पुरुरवा के यहां आने से यहां सांस्कृतिक-कलह का भयानक बीज बोया गया, जो कि समय समय पर फलता और फूलता रहा।

यही कारण सुदास, और 'पुरु' के दासराज युद्ध का प्रतीत होता है। यदि ऐसा हो तो पाकिस्तान और भारतवर्ष की तरह यह युद्ध दो संस्कृतियों का युद्ध था।

पुरु

"ययाति का प्रसिद्ध रथ— ययति को रुद्र ने एक दिव्य-गुणयुक्त रथ दिया। जनमेजय द्वितीय तक यही सब पौरवों का रथ था तब यह बृहद्रथ द्वारा जरासन्ध को मिला। वहां से यह

---

१ यह 'इलावर्त' देश से आया था। इसलिये इसको 'ऐल' कहते थे, ऐसा अनेक विद्वानों का मत था। 'इलावर्त' देश क्षीरसागर अर्थात् वर्तमान कैस्पियनसागर के पास था।

देवकी-पुत्र श्रीकृष्ण के पास आया। समय २ पर इस रथ का उद्धार होता रहा होगा। इस रथ के वृतान्त से ज्ञात होता है कि ययाति और भारतयुद्ध में कुछ सहस्र वर्ष का ही अंतर होगा। इससे अधिक का नहीं।

ययाति का प्रदेश—पुरुरवा के प्रकरण मे कहा जा चुका है कि उसकी राजधानी प्रतिष्ठान अर्थात् प्रयाग थी। ययाति और उसके कुछ उत्तराधिकारियों का भी वही प्रदेश था। ययाति वत्स और काशी का ईश था। ययाति ने पुरु को राज्य देते हुये कहा था कि गंगा और यमुना के मध्य का सम्पूर्ण प्रदेश तुम्हारा है। पुरु का शासन काशीराज्यान्तर्गत प्रतिष्ठान मे था।

एक नाहुष का सहस्र-वर्ष-सत्र—ययाति आदि कई भाई थे। वे सब नाहुष थे। उनमें से किसी एक के सहस्र वर्ष सत्र का उल्लेख बृहद्देवता ६।२२ मे है। वन पर्व १३१।३-४ मे यमुना तट पर उसके किसी यज्ञ का उल्लेख है।

ययाति का वंश—ययाति के पांच पुत्र थे। काव्यपुत्री यानी देवयानी से यदु और तुर्वसु दो तथा दानव वृषपर्वा की कन्या शर्मिष्ठा से द्रुह्यु, अनु और पुरु तीन। ये पांचो पुत्र वंश शंकर थे। ययाति ने अपने राज्य का सर्वश्रेष्ठ भाग पुरु को दिया। शेष चार उत्तर-पश्चिम और पूर्व में राज्य करने लगे।

जरा प्रदान विद्या—पुरु को सर्वश्रेष्ठ भाग मिलने का एक कारण था ययाति ने पुरु की अनुमति से अपनी जरा उसमे संक्रामित की थी यह बात उशनभार्गव के प्रसाद से हुई वह इस विद्या को जानता था। इस पितृभक्ति के बदले में पुरु को राज्य का सर्वश्रेष्ठ भाग मिला।

ययातिका वानप्रस्थ—ययाति अपने पुत्रोंको राज्य देकर वानप्रस्थ होगये।

पुरु—महाभारत आदि पर्व की प्रथम वंशावली में पुरुभार्या पौष्टी लिखी है। दूसरी वंशावली मे पुरु भार्या कौसल्या लिखी है। यदि ये वंशावली ठीक हैं तो कोसल में कोई पुष्ट नाम का राजा होना चाहिये। इक्ष्वाकु वश में ऐसे दो राजा हो सकते है। पृथु या विश्वगश्व। पुष्ट इन दोनों मे से किसी का या इनके भाइयों में से किसी का नाम होगा पुरु के कारण उसका वंश पौरववंश कहा जाता है।

पुरु का पुत्र जनमेजय प्रथम था।

जैनधर्म और चार्वाक मत का प्रारंभ-पुरु से आगे का वृत्तांत आरम्भ करने से पहले यह उचित प्रतीत होता है कि मत्स्यपुराण मे वर्णित एक घटना का उल्लेख यहां किया जावे। वह घटना है जैन और चार्वाक मत के प्रारम्भ की।

कहते हैं बारहवां देवासुर संग्राम समाप्त हो गया था रजि ने इन्द्र बनाये जाने की प्रतिज्ञा पर देवों की सहायता की। देव जीतगये। इन्द्र ने अनुनय विनय करके रजि को इन्द्र बनने से परे हटा दिया। रजि पुत्रों को यह रुचिकर न लगा तब उन्होंने तप और शूरता के बल पर इन्द्रका ऐश्वर्य कम करना आरंभ किया। इन्द्र ने वृहस्पति से सहायता मांगी। वृहस्पति ने वेद-वित् होते हुये भी 'वेदवाह्य'मत चलाया। वह जिनधर्म मे स्थिर हो गया। और उसने हेतुवाद या चार्वाक मत चलाया। रजि पुत्र उसमें रत हो गये और अपने तप तेज को खो बैठे।

आयुर्वेद की चरक संहिता, चिकित्सा स्थान १६।६ में लिखा है—आदि काल में यज्ञों में पशु हिंसा नहीं होती थी। मनु के

पुत्र नरस्यन् नाभाग इक्ष्वाकु आदि के काल से यज्ञ में पशु मारे जाने लगे। और अत्यधिक मारे जाने लगे। अतः मनुपुत्र पृषध्र को यज्ञीय पशु ढूंढने मे बड़ा कष्ट हुआ।

पृषध्र ने यज्ञाथ गो वध किया ऋषियों ने उसे शाप दिया। उस शाप के अनुसार वह शूद्र हो गया। यही कारण है कि भारतीय राजकुलो मे से पृषध्र का कुल आरंभ में ही लुप्त होगया।

इससे निश्चित होता है कि रजि पुत्रों के काल में अथवा मनु के वंशज ककुत्स्थ आदि के काल में पशु हिंसा के विरुद्ध भारत मे एक भारी विप्लव उठा होगा। तभी से जैनधर्म का प्रादुभाव हुआ होगा। हिंसा वाले पुरातन ब्राह्मण ग्रन्थों के विधि विधानों के कारण ही तब चार्वाक मत भी चला होगा।

महाभारत और रामायण आदि ग्रन्थों मे हेतुवाद की बहुत निंदा की गई है। आन्वीक्षिकी को भी भला बुरा कहा है। इससे प्रतीत होता है कि हेतुवाद चिरकाल प्रचलित हो गया था। हमारा विचार है कि मूल सांख्य और योगातिरिक्त समस्त वैदिक दर्शन इस चार्वाक या हेतुवाद दर्शन के खण्डन में रचे गये हैं।" (महाभारतवा इतिहाससे)

पुरु की वंशावली

श्रीमान् पं० भगवद्दत्त जी बी०ए० ने 'भारतवर्ष का इतिहास' नामक पुस्तक में पुरुसे दुष्यन्त-पुत्र भरत तक निम्न वंशावली दी है।

(१) ययाति (१)—ययाति का एक पुत्र 'यदु' भी था, जिससे यादव वंश चला।

(२) पुरु
(३) जनमेजय (प्रथम)
(४) प्राचीन्वान्
(५) प्रवीर
(५) मनस्यु
(७) अभयद (सुभ्रू)
(८) सुन्वन्त (धुन्धु
(९) यवीयान् (वहुगवो)
(१०) संयाति
(११) अहंयाति
(१२) रौद्राश्व
(१३) ऋचेयु
(१४) मतिनार (अन्तिनार)
(१५) सुमतितंसु (अप्रतिरथ,ध्रुव, गौरी)
(१६) इलिन
(१७) दुष्यन्त (दु:षन्त)
(१८) भरतचक्रवर्ती

इससे यह सिद्ध है कि 'पुरु'से सतरह पीढ़ी पश्चात् दुष्यन्त-पुत्र-भरत उत्पन्न हुए। ऐतिहासिक विद्वानोंके मतसे 'भरत' पुरुसे तीस पीढ़ी बाद हुए थे। बहुत संभव है कि पुराण आदिमे पूरी वंशावली न देकर प्रसिद्ध २ व्यक्तियोंके नाम दिये हों।

---

(१) पुरूरवासे ययाति सातवीं पीढ़ीमें था। यह नहुषका पुत्र था। सूर्यवंशमें भी एक नहुषका पुत्र 'ययाति' हुआ है। उसका वंश पृथक् चला है, अतः उससे यह पृथक् है।

परन्तु इसमें तो सब एक मत हैं कि 'पुरु'से अनुमान १५०० वर्ष पश्चात् दुष्यन्त पुत्र भरत उत्पन्न हुए थे।

सुदास,यह सुदास राजाभी बड़ा प्रतापी और महान् विजेता था। ऋग्वेदके अनक सूक्त इसकी प्रशंसामें रचे गये हैं। ऋग्वेद म० ३ सू० ५३ मे सुदासका वर्णन करतेहुये लिखा है कि—

इमे भोजा अंगिरसो विरूपा दिवस्पुत्रो असुरस्य वीराः।
विश्वामित्राय ददतो मघानि सहस्रसावे प्रतिरन्त आयुः ॥७॥
विश्वामित्रो यद वहत् सुदासम प्रिया यत कुशिकेभिरिन्द्रः ॥९
उपप्रेत कुशिकाश्चेतयध्वमश्वं रायो प्रमुञ्चता सुदासः॥११
विश्वामित्रस्य रक्षति ब्रह्मेदं भारतं जनम् ॥ १२ ॥

अर्थः—हे इन्द्र यज्ञ करने वाले ये भोज सुदास राजा के याचक हैं। (अर्थात्-अगिरा, मेधातिथि, आदि है)।

पिजवन के पुत्र सुदास राजा को विश्वामित्र ने यज्ञ कराया था, तब कुशिक गोत्रोत्पन्न ऋषियों के साथ प्रिय व्यवहार किया था। हे कुशिकपुत्रो। अश्व को उत्तेजित करके धन के लिये सुदास राजा के अश्व को छोड़ दो। इन्द्र ने सपूर्ण वाधाओं को दूर कर दिया है; अतः सुदास राजा पृथ्वी के उत्तमस्थ में यज्ञ करे। विश्वामित्र का यह स्तोत्र भरत-कुलोत्पन्न सुदास आदि की रक्षा करे।

तथा च ऋग्वेद मं० ७ सूक्त १८ के मन्त्र २२-२५ मंत्रों के 'सुदास' देवता है। तथा वसिष्ठ ऋषि हैं। यहां वसिष्ठ ऋषि लिखते हैं कि—

अर्णांसिचित् पप्रथाना सुदास इन्द्रो गाधान्यकृणो-त्सुपाक ॥ ५ ॥ पुरोलाइत्तुर्वशो यक्षुरासीद्राये मत्स्यासो निशिता अपीव ॥ ६ ॥ मघ्ना विव्यक् पृथिवीं पत्यमानः पशुष्कविरशय च्चायमानः ॥ ८ ॥ सुदास इन्द्रः सुतुकां अमित्रान रन्धयन्मानुषे वध्रिवाचः । ९ ॥ एकं च यो विंशतिं च श्रवस्या वै कर्णयोर्जनान् राजान्यस्तः ॥११॥ व्यानवस्य तृत्सवे गयं भाग्जेष्म पूरुं विदथे मृध्रवाचम् ॥ १३ ॥ अवसुक्तीर्वैश्या वृश्चदिन्द्रः प्रायच्छद्विश्वाभोजना सुदासे ॥ १७ ॥ दिवो दासं न पितरं सुदासः ॥ २५ ॥

अर्थः—हे स्तवनीय इन्द्र ! आपने परुष्णी नदी की विकट धार को पार करने योग्य बनाया था ।

तुर्वश और सुदास को जेल में से निकालकर हे इन्द्र । आपने तुर्वश का वध किया और सुदास की रक्षा की थी। इन्द्र की कृपा से सुदास विश्वव्यापक—जगत-प्रसिद्ध होगये थे।

चयमान का पुत्र कवि, पालित पशु, सुदास राजा द्वारा मारा गया था।

सुदास के लिये इन्द्र ने वकवादी (पुरु या उसके साथी) शत्रुओं को उनको उनकी सन्ततियों के साथ वश में किया था। कीर्तिप्राप्त करने के लिये राजा सुदास ने दो प्रान्तों के २१ राजाओं का वध कर डाला था। जैसे युवक याज्ञिक यज्ञ गृह में कुश काटता है वैसे ही सुदास राजा शत्रुओं को काटता है। वीर इन्द्र ने सुदास की सहायता के लिये मरुतों को उत्पन्न किया था।

अनु के पुत्र के गृह को इन्द्र ने तृत्सु को दिया था ।

हे इन्द्र ! ऐसी कृपा करो कि जिससे हम दुष्टभाषी शत्रुओं को जीत सकें । दिवोदास के पुत्र सुदास के गृह की रक्षा करो ।

सुदास के विषय में विचारणीय बातें ।

(१) ऋग्वेद मं० ३।५३।१२।। में सुदास को 'भारत' कहा है, इससे स्पष्ट है कि यह किसी भरत की सन्तान में से है ।

(२) ऋग्वेद, मं० ७ । १८ । २३ ।। में इन्द्र को अर्हन् अग्नि लिखा है ।

अर्हन्नग्नेः पैजवनस्य दानम् ।

यहां सुदास को पैजवन कहा गया है; क्योंकि इसके पिता का नाम पिजवन था । पिजवन और दिवोदास एक व्यक्ति के दो नाम थे । यहाँ विचारणीय यह है कि यहाँ इन्द्र को अर्हतों की अग्नि क्यों कहा गया है । 'अर्हत' जैन तीर्थङ्करोंके लिये सुप्रसिद्ध है । अतः क्या इससे ऋषभदेव तीर्थङ्कर का बोध नहीं होता है ? क्योंकि जैनतीर्थङ्करों में प्रायः सूर्यवंशी थे ।

सुदास भरत वंशका था

इस दाशराज युद्ध का नायक 'सुदास' भरतवंश का था । ऋ मं० ३।५३।२४। में स्पष्ट लिखा है कि—

इम इन्द्र भरतस्य पुत्राः ॥

हे इन्द्र ! ये सुदास आदि भरत के पुत्र हैं, अर्थात भरत वंशीय हैं ।

तथा च ऋग्वेद मं० ६।१६।१९ मे सुदास के पिता दिवोदास को 'भारत' कहा गया है। यथा--

अग्निरगामि भारतो वृत्रहा पुरु चेतनः।
दिवो दासस्य सत्पतिः ॥ १९ ॥

अर्थात्--अग्नि, हवि के स्वामी, भरत कुलोत्पन्न दिवोदास राजा के शत्रुओं को नष्ट करने वाले है।

उपरोक्त प्रमाणों से यह स्पष्ट है कि सुदास और उसके पिता व पितामह आदि भरतवंश के थे तथा पुरु, यदु और तुर्वश आदि जो सुदास के प्रतिपक्षी थे, वे चन्द्रवंशी थे। चन्द्रवंश व सोमवंश तथा मानववंश और ऋषभवंश आदि शब्द भी उस समय एकार्थवाची शब्द थे।

भारतवर्ष का इतिहास में पं० भगवद्दत्तजी बी० ए० ने लिखा है कि- "चन्द्रवंशियों को वैदिक-साहित्य में मानव नहीं कहा है।"

अत. यह सिद्ध है कि वैदिक वाङ्मय मे 'मानव' भी मनु की सन्तान को ही कहा गया है।

इसी भरत अथवा मानवजाति को ऐतिहासिकों ने भारत की आदिम अनार्यजाति कहा है तथा अनेक ऐतिहासिक विद्वानों ने इस जाति को सूर्यवंशी आर्य जाति माना है, तथा इस जाति को भी विदेशी जाति कहा है। परन्तु यह मत हमको स्वीकार नहीं है। हमारा पूर्ण विश्वास है कि यह सूर्यवंश यहीं का मूलनिवासी था और इसका धर्म अहिंसकधर्म था। ये लोग अहिंसक यज्ञ किया करते थे। हिंसक यज्ञों का प्रचार यहाँ चन्द्रवंशियों ने किया है।

वृषभ कुल

ऋग्वेद मं० ८ के बालखिल्य सूक्त मे लिखा है कि—

उपमं त्वा मघोना ज्येष्ठश्च वृषभाणाम ॥ ५१ ॥

अर्थात् हे इन्द्र ! आप धनियोंके लिये उपमेय हो तथा वृषभों से सब से बड़े अथवा श्रेष्ठ हो। इससे ज्ञात होता है कि उस समय एक वृषभ कुल भी था।

सुदास की वंशावली

श्रीमान् पं० भगवद्दत्त जी बी०ए० ने 'भारतवर्ष का इतिहास' मे सुदास की वंशाली निम्न प्रकार लिखी है।

सुदास—वायु में इसे हंसमुख लिखा है। तथा मत्स्य पुराण मे सर्वकाम और सुदास दोनों नाम छूट गये हैं। हरिवंश के अनुसार एक सुदास राजा इन्द्रसखा था।

कल्माषपाद—मित्रसह—सौदास कल्माषपाद बहुत प्रसिद्ध हो चुका है। वसिष्ठ-पुत्र शक्ति ऋषि ने कल्माषपाद को कोई शाप दिया था। कहीं कहीं लिखा है कि राजा कल्माषपाद को वसिष्ठ ने शाप दिया। पार्जिटर ने दोनों पक्ष एकत्र करके अच्छी विवेचना की है। महाभारत आदि पर्व १६८।५ पूना संस्करण के कुछ अच्छे हस्तलेखों मे वसिष्ठ का ही शाप लिखा है। कदाचित् इसी शाप के कारण वह बारह वर्ष तक जंगलों मे फिरता रहा। आदि पर्व मे यह कथा वर्णित है। पूना संस्करण के पांचवें श्लोक मे वसिष्ठस्य क स्थान मे वासिष्ठस्य पाठ अधिक युक्त है। यह पाठ कुछ कोषों मे मिलता भी है। इस राजा की स्त्री का

नाम मदयन्ती था। वसिष्ठ ने राजा की प्रार्थना पर उससे एक नियोगज पुत्र उत्पन्न किया। रामायण में इसे प्रच्छन्न लिखा है। कौषीतकि ब्राह्मण में लिखा है—

वसिष्ठोऽकामयत्हतपुत्रः प्रजायेय प्रजया पशुभिरभि सौदासान् भवेयमिति ४। ८॥

इस वचन से वसिष्ठ और कल्माषपाद आदि सौदासों का कलह स्पष्ट है। सौदास कथा रामायण उत्तर काण्ड के ६५ वें सर्ग मे भी है।

पौराणिक वंशावलियों का मत भेद—कल्माषपाद या सौदास के पश्चात् पौराणिक वंशावलियोंमे पर्याप्तभेद है। वायु, ब्रह्माण्ड और विष्णु एक वंशावली लिखते है, तथा हरिवंश, मत्स्य और महाभारत मे एक और वंशावली है। रामायण का इन दोनों से भेद है। अध्यापक सीतानाथ प्रधान ने पुराणो का भेद भले प्रकार ठीक किया है। हम समझते है रामायण की वंशावली भी ठीक होसकती है। अभी हम प्रधान महोदय के अनुसार थोड़ा सा वंश-वृक्ष देकर उसका विवरण लिखेंगे—

अश्मक और उसका कुल—प्रतीत होता है अश्मक ने एक नया राज्य बसाया। दक्षिण का अश्मक राज्य यही होगा। महाभारत में लिखा है कि अश्मक ने पोतननगर बसाया पोतननगर चिर-काल तक अश्मकों की राजधानी रहा है। अश्मक के पौत्र मूलक ने मूलक राज्य बसाया। मूलक भी दूर तक अश्मकों की राज-धानी रहा है। मूलक के विषय में वायुपुराण में एक पुरातन गाथा उद्धृत है। उसमें लिखा है कि मूलक राजा (जामदग्न्य) राम के भय से सदा स्त्रियों से घिरा रहता था। मानों उसने नारी कवच धारण कर रखा था।

सर्वकर्मा और उसका कुल—सर्वकर्मा अयोध्या में राज करता होगा। यही सौदास दायाद था। अश्मक से यह बहुत

छोटा होगा। अनुमान होता है कि अश्मक शीघ्र मारा गया। उसका पुत्र या पौत्र मूलक जामदग्न्य राम के भय से छिप रहा था। सर्वकर्मा भी किसी पराशर के आश्रम मे पलरहा था। उसके लिये भी राम का भय था। उस समय के कई समकालीन राजकुमारों का उल्लेख महाभारत में मिलता है।

सुदाम की वंशावली

(१) मनु, नाभि,

(२) इक्ष्वाकु, ऋषभदेव (मनु)

(३) भरत (विकुक्षी, शशाद, सोलहवें मनु सूर्य ।)

(४) पुरंजय (देवश्रवा, अककीर्ति, ककुत्स्थ),

(५) अनेना (अनरण्य) (६) पृथु

(७) विश्वगश्व (८) आर्द्र

(९) युवनाश्व-प्रथम (१०) श्रावस्त

(११) बृहदश्व (१२) कुवलाश्व

(१३) दृढ़ाश्व (१४) प्रमोद

(१५) हर्यश्व-प्रथम (१६) निकुंभ

(१७) संहताश्व (१८) कृशाश्व

(१९) प्रसेन जित (२०) युवनाश्व (द्वितीय)

(२१) मान्धाता (महान प्रतापी चक्रवर्ती हुआ है)

(२२) पुरुकुत्स, (२३) त्रसदस्यु

(२४) संभूत (२५) अनरण्य (द्वितीय)

(२६) त्रसदश्व (२७) हर्यश्व (द्वितीय)

(२८) वसुमान, (२९) त्रिधन्वा,

(३०) त्रयारुण, (३१) सत्यव्रत, (त्रिशंकु)
(३२) हरिश्चन्द्र, चक्रवर्ती (३३) रोहित, (रोहिताश्व)
(३४) हरित (३५) चंचु
(३६) विजय (३७) रुरुक
(३८) वृक (३९) बाहु
(४०) सगर (चक्रवर्ती (४१) असमंजा
(४२) अंशुमान (४३) दिलीप (प्रथम)
(४४) भगीरथ (४५) श्रुत
(४६) नाभाग (४७) अम्बरीप
(४८) सिन्धुद्वीप (४९) अयुतायु
(५०) ऋतुपर्ण (५१) देवोदास, (पिजवन)
(५२) सुदास, (५३) कल्माषपाद (सौदास)
(५४) सर्वकर्मा (५५) अनरण्य, (५६) निघ्न,
(५७) रघु प्रथम, (५८ च्यवनमित्र
५९) दिलीप,
(६०) रघु द्वितीय इसी से रघुवंश चला।
(६१) अज (६२) दशरथ
६३) श्री रामचन्द्र (१)—

यदि उपरोक्त वंशावली को ही ठीक मान लिया जाय, तो भी यह सिद्ध होता है कि भगवान् रामन्द्र से भी दश पीढ़ी पूर्व तथा दुष्यन्त-पुत्र 'भरत' से १८ पीढ़ी अर्थात् एक हजार वर्ष पहले

(१)—यह तथा 'पुरु की वंशावली पं० भगवद्दत्तजी बी० ए० द्वारा लिखित 'भारतवर्ष का इतिहास' के अनुकूल है। किन्तु २-३ नामों का अन्तर किया गया है।

भी यहाँ तक भरत जाति रहती थी और उसी भरत जाति के नाम से इस देशका नाम 'भारत' या भारतवर्ष था। पुनः भारत के नाम करण का कारण दुष्यन्त-पुत्र भरत को बताना केवल निराधार कल्पना मात्र है।

मनु और भारत

जब यह सिद्ध हो चुका कि दुष्यन्त-पुत्र 'भरत इस 'भारत' के नाम करण का कारण नहीं है, तब यह विचारणीय है कि वह कौन भरत महाराज हैं जिनके नाम से इस देश का नाम भारत प्रसिद्ध हुआ।

जैन आदि पुराण में १६ मनु बताये गये है उनमें अंतिम मनु हमारे प्रतिपाद्य 'भरत' महराज को कहा गया है।

नाभिश्चतन्नाभि निकर्त्तनेन प्रजा समाश्वासनहेतुरासीत्।
सोऽजीजनत् तं वृषभं महात्मा सोप्यग्रसूनु' मनुमादिराजम् ॥

आदि पु० पर्व ३।२३६

अर्थात नाभिराय के प्रथमतीर्थंकर श्री ऋषभनाथ उत्पन्न हुए तथा श्री ऋषभदेव के आदि सम्राट सालवें मनु महाराज भरत उत्पन्न हुये। तथा च इसी पुराण के पर्व ३६ के प्रारम्भ में ही भरत महाराज को सोलवां मनु तथा प्रथम सम्राट कहा गया

यदि इन वंशावलियों के नाम प्रसिद्ध २ राजाओं के नाम हैं, जैसा कि अनेक विद्वानों का मत है, तो यह मानना पड़ेगा कि दुष्यन्त पुत्र भरत से हजारों वर्ष पहले भी इस देश का नाम 'भारत' था।

है। तथा वहां ही इस पर उठने वाली शंका का भी श्री आचार्य जिनसेन स्वामी ने समाधान किया है। अभिप्राय यह है कि इन्हीं 'भरत' महराज का नाम मनु भी था। परन्तु यह नाम नहीं था अपितु यह उनकी उपाधि थी। वास्तव में आपके दो नाम थे; एक 'भरत' और दूसरा 'सूर्य' भरत के नाम से 'भारत' वंश अथवा भरतवंश प्रचलित हुआ और सूर्य के नाम से सूर्यवंश चला।

अब उस अनुश्रुति की सगति लग गई जिसमें लिखा है कि--

भरणात् प्रजनाच्चैव मनुर्भरत उच्यते।
निरुक्तवचनश्चैव वर्षं तद् भारतं स्मृतम्॥

मत्स्य पुराण, १४। ५॥

अर्थात् प्रजा का भरण पोषण करने से मनु महाराज का नाम भरत है। उन्हीं के नाम से इस देश का यौगिक नाम भारतवर्ष है।

तथा च वायुपुराण में भी इसीका समर्थन किया है।

भरणाच्च प्रजानां वै मनुर्भरत उच्यते।

प्रथम खण्ड, अ० ४५। ७६

उपरोक्त प्रमाणों से यह सिद्ध है कि आदि सम्राट भरत महाराज को मनु भी कहते हैं। तथा च वायु पुराण में जहां मनु का नाम भरत बताया गया है वहां यह भी बता दिया है कि यह 'भरत' श्री ऋषभदेवके पुत्र थे और उन्हीं के नाम से इस देश का नाम भारतवर्ष हुआ है। (१)—

---

(१)—इस विषय में वायुपुराण के प्रमाण पुराणप्रकरण में आगे दिये हैं। देखो वायुपु० पूर्व अ० ३३ श्लोक ५० से ५२ तक

अतः समस्त भारतीय परम्परा हमारे मत की पुष्टि करती है।

उक्त प्रमाणोंसे यह सिद्ध है कि श्री ऋषभदेव के पुत्र 'भरत' थे। तथा उनको 'मनु' भी कहते हैं, क्योंकि वे भी कुलकर थे अर्थात् उनके नाम से ही वंशपरम्परा प्रचलित हुई। उस समय कुलकर को ही 'मनु' कहते थे। तथा वायुपुराण ने यह कहकर कि मनु का नाम ही 'भरत' है और उन्हीं के नाम से इस देश का नाम 'भारत' हुआ।

तथा च आगे लिखकर कि—

ऋषभाद् भरतो जज्ञे वीरः पुत्रशताग्रजः ॥ ५१ ॥

तस्माद् भारतं वर्षं तस्य नाम्ना विदुर्बुधाः ॥ ५२ ॥

वायुपु० पूर्वार्द्ध अ० ३३ पृ० ५१

अर्थात् श्री ऋषभदेव जी के १०० पुत्रों में सबसे ज्येष्ठ 'भरत' थे। भगवान् ऋषभदेव भरत को राज्य देकर मुनि होगये। उन्हीं भरत के नाम से इस देश का नाम 'भारत' हुआ।

यह सिद्ध कर दिया कि जिस मनु को हम भरत कह रहे हैं वे 'मनु' स्वयं श्री ऋषभदेव के पुत्र ही हैं। कोई अन्य मनु नहीं है।

अतः जैन और अजैन पुराणों से यह सिद्ध होगया कि श्री ऋषभदेव के पुत्र भरत से ही इस देश का नाम 'भारत' हुआ।

यदि ऐसा न मान कर कोई यह हठ करे कि 'मनु' के नाम से ही इस देश का नाम 'भारत' हुआ तो वह बड़ी भारी भूल करेगा।

क्योंकि 'मनु' किसी व्यक्ति विशेष का नाम नहीं है अपितु यह एक उपाधि है।

मनु और भरत

(प्रश्न) यजुर्वेद अ० ३७ म० १२ मे प्रजापति मनुका उल्लेख है। यहाँ इस पृथ्वी को मनु की अश्वा (घोड़ी) कहा है (मनोरश्वासि) इस मन्त्र के भाष्य मे महीधराचार्य लिखते है कि—

"हे धर्मोत्तरभूमे! त्वं मनोः अश्वा. वड़वा असि-वहनाय अश्वा ह। इयं भूत्वा मनुमुवाह, इति श्रुतिः।"

अर्थात्—यह पुण्य भूमि मनु महाराज की सवारी के लिये घोड़ी है। यही बात श्रुति मे कही है कि यह पृथ्वी अश्वा होकर मनु को प्राप्त हुई। शतपथ १४। १। ३। मे लिखा है कि प्रजापतिर्वैमनुः अस्याः पृथ्व्याः पतिः प्रजापतिः अर्थात प्रजापति मनु इस पृथ्वी के पति हैं। अतः यह बात सिद्ध है कि मनु के नाम से ही इस देश का नाम भारतवर्ष हुआ है। तथा च रघुवंश में भी कहा है।

वैवस्वतो मनुर्नाम माननीयो मनीषिणाम्।
आसीत् महीभृतामाद्यः प्रणवश्छन्दसामिव॥

अर्थात् वैवस्वत मनु इस भारत के आदि राजा हुये। रघुवंश की यह बात सम्पूर्ण ऐतिहासिकों ने मानी है। सब से पहले राज-नियम का बनाने वाला मनु ही माना जाता है। अतः वैदिक साहित्य, पुराणों एवं काव्यों के आधार पर तथा इतिहास

और परम्परा की अनुश्रुति से यह बात सिद्ध है कि इस देश का नाम मनु के नाम से भारतवर्ष हुआ। तथा वैदिक साहित्य में जिन भरतों का उल्लेख है वे भी मनु के कुल के व्यक्ति हैं क्योंकि इन का नाम भी भरत था और ये सूर्यवंशी भी थे। तथा इन के कुल का पुरोहित भी वसिष्ठ था।

मनु और महाभारत

मार्तण्ड मनुर्धीमानजायत सुतः प्रभुः।
यमश्चापिसुतो जज्ञे ख्यातस्तस्यानुजः प्रभुः।
धर्म्मात्मा स मनुर्धीमान्यत्र वंशः प्रतिष्टितः।
मनोर्वंशो मानवानां ततोऽयं प्रथितोऽभवत् ॥
ब्रह्मच्छत्रादयस्तस्मान्मनोर्जातास्तु मानवः।
ततोऽभवन्महाराज ब्रह्मक्षत्रेण संगतम् ॥
ब्राह्मणा मानवास्तेषां साङ्गंवेदमधारयन् ॥

आदिपर्व अ० ७५

अर्थात् प्रजापति (सूर्य) के मनु पुत्र उत्पन्न हुआ था मनु से यम हुआ इसी धर्म्मात्मा मनु के कारण मनुवंश चला जो कि मानव नाम से प्रसिद्ध है। उसी मनु से ब्राह्मण क्षत्रियों ने जन्म लिया जिससे ये सब मानव कहलाये। उनमें से ब्राह्मणों ने वेदादि को धारण किया। उसी समय से ब्राह्मण और क्षत्रियों का

एक रूप से सम्पर्क चला आता है इत्यादि। दक्ष प्रजापति ने एक हजार पुत्र उत्पन्न किये तथा उन सब को सांख्य शास्त्र के अनुसार मोक्ष मार्ग का उपदेश दिया।

मोक्षमध्यापयामास सांख्यज्ञानमनुत्तमम् ॥

आदिपर्व अ० ८४।७

अर्थात् दक्ष प्रजापति की कन्या अदिति से आदित्य और आदित्य से मनु उत्पन्न हुये। यह दक्ष प्रजापति सांख्य शास्त्र के प्रवर्तक थे। तथा च ऋग्वेद मण्डल ८ सूक्त १९ में प्रजापति (सम्राट) मनु का विशेष वर्णन है।

मनुर्हितो देव आसा सुगन्धिना ॥२४॥

ईले गिरा मनुर्हितम्। २१॥

यहां प्रजापति मनु द्वारा स्थापित अग्नि की स्तुति है। इन्हीं के नाम से इस पुण्य भूमि का नाम भारतवर्ष प्रसिद्ध हुआ, तथा इन्हीं के नाम से मानव वंश चला। तथा च भागवत और ब्रह्माण्ड पुराण में जिस ऋषभ पुत्र भरत का वर्णन है वह भी इन्हीं मनु के वंश में उत्पन्न हुये थे ऐसा ही वहां लिखा है। यथा मनु के प्रियव्रत, और अग्नीध्र तथा उस के नाभि, नाभि राज के पुत्र ऋषभ एवं ऋषभ के पुत्र भरत हुये। परन्तु इस भरत से पूर्व भी इस देश का नाम भारत था क्योंकि यह बात पुराण आदि से सिद्ध कर चुके हैं। इसलिये भागवत आदि का कथन ठीक प्रतीत नहीं होता।

इस प्रकार इस देशके आदि राजा मनु महाराज थे, उन्हींके नाम से मानव, मनुष्य, मानुष आदि वंश चले जो कि आज तक

प्रसिद्ध है, और उन्हीं के नाम से भारतवर्ष प्रसिद्ध हुआ, क्यों कि उनका नाम भी भरत था। इत्यादि,

(उत्तर)हम इस मत मे कि मनु के नाम से इस देश का नाम भारतपड़ा सहमत नहीं है[1]। क्योंकि भारतके प्राचीन इतिहास मे अनेक मनु हो चुके हैं। यथा—

(१) स्वयंभुव (२) स्वारोचिष (३) औत्तमि (४) तामस (५) रेवत, (६) चाक्षुष (७) वैवस्वत इसी प्रकार सात सावर्णी मनु भी हो चुके है। सम्भव है इन १४ मनुओं से जैनियों के १४ मनुओ का जिन्हें कुलकर अर्थात् वश संस्थापक कहते है कुछ साम्य हो परन्तु अनुश्रुति क परीक्षण से यह मनुओं की कल्पना बड़ी गड़बड़ मे पड़ जाती है क्योंकिगीता मे४ मनुओ का वर्णन है। यथा—

महर्षयः सप्त पूर्वे चत्वारो मनवस्तथा।

अब प्रश्न यह होता है कि इस मे कौन से चार मनु माने गये है। यहां या तो सात मनुओं का वर्णन होना चाहिये था अथवा १४ का, क्योंकि यह माना जाता है कि पहले सात मनु

नोट १—प्रो० इन्द्र एम, ए० ने भी लिखा है कि—कई विद्वानों का कथन है कि 'भरत' किसी और का नाम नहीं अपितु मनु का ही नाम था, परन्तु अधिकतर्कसंगत विचारतो यही प्रतीत होता है कि 'भरत' नाम से वैदिक काल में जिस जाति का वर्णन मिलता है उसी ने इस देश को 'भारत' नाम दिया।

तो हो चुके तथा सावर्णी सात मनु आगे होने वाले हैं। इसका जो समाधान कियाजाता है वह युक्ति और प्रमाण रहित होने से कदापि मान्य नहीं हो सकता। तथा च सावर्णि मनु का उल्लेख ऋग्वेद में कई जगह आया है। ऋग्वेद मण्डल १० सूक्त ६२ सम्पूर्ण इन्हीं सावर्णि मनु के पुत्र की प्रशंसा में लिखा गया है। उसमे सावर्णि मनु का भी उल्लेख है।

सावर्ण्यस्य दक्षिणा विसिन्धुरिव प्रपथे ॥९॥

अर्थात् सावर्णि मनु का दान नदी के समान सर्वत्र व्याप्त है। तथा आगे मन्त्र ११ मे लिखा है मनु, सहस्र गौओं के दाता तथा मनुष्यो के नेता राजा हैं। इस सावर्णि मनु की दक्षिणा सूर्य समान व्याप्त है। इस सावर्णि मनु की आयु देवता लोग बढ़ावे। (सावर्णें देवा प्रतिरन्वायुः)।

यह मनु अङ्गिरा कुल का नेता अथवा पूर्वज था। इसी का नाम शायद अगिरा हो। इसी के अगले सूक्त में वैवस्वत मनु का उल्लेख है।

मनुप्रीतासो जनिमा विवस्वतः । १० । ६३ । १

अर्थात् देवता विवस्वान् के पुत्र मनु की सन्तान को धारण पालन करते है। यह मनु अदिति नन्दन आदित्य का पुत्र है तथा सूर्यवंशियों का राजा है।
इसी वैवस्वत मनु का वर्णन महाभारत मे आया है, जिस का वर्णन हो चुका है।

यथा मनौ सांवरणौ सोममिन्द्रा पिवः सुतम् । १ ।

अर्थात्—हे इन्द्र ! आप ने जैसे सावर्णि (सावर्णि) मनु के सोम का पान किया था। यहां सावर्णि का अर्थ सावर्णि मनु ही किया है। यह मनु कण्व लोगों का नेता था कण्व लोग चन्द्रवंशियों के पुरोहित थे अतः सम्भव है यह चन्द्रवंशियों का प्रथम नेता हो। इसके आगे पुनः वैवस्वत मनु का वर्णन है।

यथा मनौ वैवस्वति सोमं शक्रा पिबः सुतम् ।८।५२।१

हे इन्द्र ! आपने पूर्व समय मे वैवस्वत मनु का सोम पान किया था। इसके अलावा सामवेद मे एक मन्त्र आया है ।

पिता यद् कश्यपस्याग्निः श्रद्धा माता मनुकविः पू० १।२

इस प्रमाण से कई विद्वान् यह सिद्ध करते हैं कि कोई मनु नाम की कन्या कश्यप की पत्नियों मे थी यहां उसी का वर्णन है। तथा उसी के नाम से मानव मानुष आदि वंश चले। पूर्व समय मे विवाह की प्रथा नहीं थी इसलिये वंश माता के नाम से चलता था वही पुरानी प्रथा कुछ समय तक आगे भी चली। पश्चात् वैदिक मध्य काल मे यह प्रथा बन्द हो गई। तथा च ऋग्वेद में एक प्रमाण ऐसा है जिस के बल पर यह बात कही जाती है। (मनुजात् घृत प्रथम) तथाच बालमीक रामायण अरण्य काण्ड सर्ग १४ में स्पष्ट है कि—

अर्थात्—दक्षप्रजापति की ६ कन्यायें कश्यप को व्याही गई अदिति, दति, दनु, कालका, मनु अनल। अदिति से आदित्य हुये तथा दित से दैत्य दनु से दानव तथा मनु से मानव वंश चला। यही बात महाभारत आदि पर्व अ० ६५ मे कही उसी ने इस देश में अपना प्रभुत्व जमा कर इस का नाम भारत रखा। दैनिक हिन्दुस्तान ता० २० मार्च सं० १९४९ (इस प्रकार यह

गई है।) परन्तु वहां मनु के स्थान में मुनि पाठ है जो कि लेखक अथवा प्रकाशक की भ्रान्तिसे हो गया है कुछ विद्वानों का मत है कि मानव, मानु, मनुष्य, आदि शब्द मनु स्त्री के नाम से प्रचलित हुये हैं।

मनु की नौका

एक मनु नौकावाले मनु के नाम से प्रसिद्ध हैं। अथर्ववेदकां० १९ सू० ३९ मन्त्र ८ मे—

यत्र नावप्रभ्रंशनं यत्र हिमवतः शिरः।
तत्रामृतस्य चक्षणः ततः कुष्टो अजायत।

इसका अभिप्राय यह है कि जहां मनु की नौका ठहराई गई थी वह हिमालय है वहां पर कुष्ट औषधि उत्पन्न होती है। कई विद्वान इसको नहीं मानते। वे कहते है कि यहां पर पाठ इस प्रकार का है (न अव प्रभ्रंशनं) जिसका अर्थ 'जहां स्खलन नहीं होता है। अर्थात् जहाँ से गिरना नहीं होता ऐसा मुक्ति स्थान' है परन्तु सम्पूर्ण सूक्त को देखने से ज्ञात होता है कि यह बात ठीक नहीं, क्यों कि यहाँ कुष्ठ औषधि का वर्णन है न कि मुक्ति का। यह औषधि हिमालय पर उत्पन्न होती है तथा मनु की नौका भी हिमालय में ले जा कर बान्धी गई थी। यह कथा शतपथ ब्राह्मण कां० १।८।१।१ में इस प्रकार आई है कि 'मनु महाराज एक दिन नदी किनारे तर्पण कर रहे थे उनके हाथ में मछली आगई मछली ने कहा कि आप मेरा पालन करें मैं आप को पार उतारूंगी, मनु ने कहा तू कैसे पार उतारेगी। तो उसने कहा कि अभी प्रलय होने वाली है उस समय में तेरी प्रजा की

रक्षा करूंगी- इस पर मनु ने एक बहुत बड़ा जहाज बना लिया तथा जब प्रलय हुई तो उस नाव को मछली के सींग के साथ बान्ध दिया, वह मछली उस को ले कर हिमालय चली गई'। मत्स्य पुराण में इसी कथा को विस्तार पूर्वक बढ़ा दिया है तथा उस मछली को वासुदेव का अवतार बना दिया है। मत्स्य पुराण की जो प्रलय है अर्थात् उस समय की प्रलय का जो वर्णन जैसा वहां है वैसा ही जैन पुराणकारों ने माना है। इसी मनु की कथा का ऐसा ही उल्लेख कुरान, तथा बाईबिल आदि ग्रन्थों मे है। वहां नूह की किश्ती प्रसिद्ध है। बाईबिल मे लिखा है कि ईश्वर ने देखा कि पृथिवी पर पाप बढ़ गया है तो वह पछताया और उस ने सब प्राणियोंके नाश की ठान ली परन्तु उसकी कृपादृष्टि नूह पर थी अत. उस ने नूह से कहा कि तू एक नौका बना हम प्रलय करेंगे। अत ३००हाथ लम्बी तथा५० हाथ चौड़ी और ३० हाथ ऊची नौका बनाई गई, प्रलय हुई और नौका मे एक एक जोड़ा सब जीवों का बिठा दिया गया, प्रलय हुई सब प्राणी मर गये केवल उस नौका के प्राणी जीते रहे। मनुष्यों मे केवल नूह और उस की स्त्री जीती रह गई, उसीसे पुन सन्तति चली। मुसल्मानों के यहाँ भी ऐसी ही कथा है। वर्णनशैली का भेद है। नूह और उस का सारा कुटुम्ब बच गया तथा नौका जूदी पहाड़ की चोटी पर जाकर ठहरी। इसी प्रकार संसार के सभी धर्मों में तथा जातियो मे इस प्रलय का वर्णन है।

(१) चीन वाले इसे फोई की प्रलय कहते है।

(२)नान वालो के यहां डुकेलियन।

(३) असीरिया वाले चिसुथूरस के नाम से कहते है।

इसी प्रकार अन्य लोगों के यहां भी इस प्रलय की कथा प्रसिद्ध है। असीरिया की पुरानी खुदाई में भी इस का प्रमाण प्राप्त हुआ है। अतः ऐतिहासिक विद्वान् इस को १०००० हजार वर्ष से पूर्व की घटना बताते हैं। जो कुछ भी हो यह घटना सत्य है इस में सन्देह करने का कोई कारण नहीं है। यह प्रलय बिलकुल जैन मान्यता के अनुकूल है। सुना है इस नूह की कब्र अयोध्या मे है। मत्स्य पुराण के अनुसार यह वैवस्वत मनु है; परन्तु वहाँ लिखा है कि जब प्रलय समाप्त हो गई तो स्वयंभू मनु उत्पन्न हुये और उन्ही से पुनः वंश चला। वैवस्वत मनु सातवां मनु माना जाता है तथा स्वयंभू मनु पहला मनु माना जाता है। तो फिर यहाँ स्वयंभू मनु कहां से आ गये। वास्तव मे तो इस मत्स्य पुराण ने मन्वन्तरों की कल्पना को ही नष्ट कर दिया। अस्तु, हमने इतने मनुओंके प्रमाण उपस्थित किये है। (१) वैवस्वत मनु (२) सावर्णि मनु (३) स्वयंभू (४) स्त्रीमनु इन सबके विषयमे ही ऐसी कहावत है कि इनके नाम से वंश चले सब १४ मनु है। उनमे सात सावर्णि है। यदि ऋग्वेद में हम उन का वर्णन मानें तो सात शेष रह जाते है। उन में सब से पहला स्वयंभू है और सातवां वैवस्वत इन दोनों के प्रमाण हम दे चुके है। अतः शेष पाँच को भी ऐसा ही समझा जा सकता है। अतः १४ मनु और एक काश्यप की स्त्री मनु पन्द्रह व्यक्तियों का एक समान वर्णन मिलता है अतः यह प्रश्न स्वभावतः उत्पन्न होता है कि इनमे से किसको मानव, मानुष, मनुष्य

आदि जातिका आदि कारण मानाजावे क्या यह सब कल्पना मात्र है। अथवा कुछ अन्य रहस्य है इत्यादि अनेक तर्क वितर्क उत्पन्न हो सकते है। इन सब पर गवेषणात्मक दृष्टिसे विचार करना चाहिये। यदि ऐतिहासिक विद्वान इसपर विचार करेंगे तो हमारा अनुमान है कि वे भारतीय प्राचीन इतिहासकी अनेक उलझनें सुलझा सकेंगे।

उपरोक्त मनुओं की संगति लगाने के लिये हमे वैदिक काल के इतिहास पर नजर डालनी होगी तथा आर्य संस्कृति का ज्ञान प्राप्त करना होगा। आर्य या वैदिक संस्कृति का वर्णन 'भारतीय इतिहासकी रूप रेखा'मे श्रीमान् पं० जयचन्द्रजी विद्यालंकार ने बहुत सुन्दर किया है। वैदिक देवताओं के स्वरूप को भी उन्हों ने ठीक जाना है। उनका कथन है कि वैदिक आर्यों का समाज एक पशुपालक और कृषकों का समाज है।

(२) यह समाज कबीलों के रूप मे था। उन के जन, विश, ग्राम आदि नाम होते थे।

(३) राजनैतिक दृष्टि से विश: अर्थात जिस प्रजाका अपना देश हो और उस का कोई एक नियमपूर्वक राजा हो वह राष्ट्र कहलाता था।

(४) इस जन अथवा समाज में उनके अपने आदमी होते थे परन्तु बाहर के लोगों को भी मिला लेते थे। तथा अपराध करने पर किसी को अपने जनसे बाहर भी निकाल देते थे।

(५) वैदिक आर्यो की राजसंस्था पितामह तन्त्र की थी।

अर्थात् वे राजा को पितामह समझते थे। इस लिये एक राज्य के लोग सजात कहलाते थे।

(६) प्रत्येक जन में जो टुकडियाँ होतो वे ग्राम कहलाती थीं। ग्राम का अथ पहले जत्था था। इसी का आगे जा कर संग्राम शब्द बना पुनः युद्ध वाचक हो गया।

(७) युद्ध का नेता राजा होता था। बल्कि वैदिक साहित्य से यह भो ज्ञात होता है कि राजा की कल्पना युद्ध के कारण ही हुई है। इत्यादि अब हम इसके आगे दखना चाहते है कि यह जन अथवा विशः कितने भागों मे विभक्त था।

हमारी सम्मति मे गोत्र शब्द भी यहाँ विशेष विचारणीय है। सम्भव है पहले गोत्र शब्द ही जन विशः वाचक हो। स्व-गोत्र मे विवाह न होने का यही अर्थ था कि अपने ग्राममें विवाह न होना। यह गोत्र, प्रथम ग्राम (जत्थे) अथवा जन का जो गुरु था उसके नाम से प्रचलित किया गया था। यही अवस्था मनु की भी है। जिस राष्ट्र का जो राजा था वह प्रजापति कहलाता था इनमे जो पहले पहल प्रजापति हुआ वह मनु कहलाया पूर्व समय मे चार गोत्र प्रवर्तक थे तथा चार ही मनु थे। महा-भारत शान्ति पर्व के २६ वें अध्याय मे यह स्पष्ट लिखा है। तथा च गीता मे "सप्त महर्षयः पूर्वे चत्वारो मनवस्तथा" में स्पष्ट ही चार मनुओं का उल्लेख है।

आगे जाकर ये पाँच ही गये तथा पांच ही जन (ग्राम) अथवा विशः कृष्टय आदि हो गये (इसीलिये पंच जना मम होत्रं जुषध्वम्) पाठ प्राप्त होता है। ये पाँचों समूह आर्योके ही थे। इसके पश्चात

मात मनु हो गये और सात ही गोत्रों के प्रवर्तक भी हो गये। तत् पश्चात आठ मनु हो गये आठवाँ सावर्णि मनु और उत्पन्न हो गया अतः अगस्त्य को मानकर आठ गोत्र प्रवर्तक भी माने गये। अभिप्राय यह है कि मनु और गोत्र का सम्बन्ध रहा है। अर्थात् आर्यों के पहले चार समूह थे उनके चार ही गोत्र प्रवर्तक पुरोहित थे और चार ही मनु अर्थात् प्रजापति थे उसके पश्चात् इन समूहोंमें विभाग होगया और इनकी संख्या बढ़गई तो मनु और गोत्र भी बढ़गये, अर्थात् जिस समूहका जो पहला अधिपति हुआ वह मनु हुआ और जो प्रथम पुरोहित हुआ वह गोत्र प्रवर्तकहुआ इस प्रकार यह आर्यस्कन्द उपरोक्त भागों मे विभक्त था। बस अपने अपने समूह के पुरोहितोंने अपने मनुवों की प्रशंसा लिखी है। आगे जाकर ये लोग अपने २ प्रत्येक राजा के विषय मे स्तुतियां बनाने लगे। इन सबों ने अपने २ राजा को सम्पूर्ण दैवी शक्तियोंसे विभूषित माना है। इसलिये उनका वर्णन भी उन देवोंके रूपमें किया है। यह भाव न समझकर हम लोग अनेक प्रकार की कल्पना कर लेते है। अतः उपरोक्त मनुओं के कथन तो सत्य है परन्तु हैं अपने २ स्कन्ध के लिये 'न कि सम्पूर्ण देश की दृष्टि से। यदि ऐसा न माने तो मनुओं के विषय मे कहे हुये पूर्वोक्त प्रमाणों की कोई संगति ही नहीं है। जैन शास्त्रकारो ने इस जन विशः ग्राम स्कन्द, आदि नामो के स्थान मे कुल नाम रक्खा है जो कि अनुरूप ही प्रतीत होता है। याद रखना चाहिये कि ये पूर्वोक्त १४ मनु उस समय मे हुए थे जब कि आर्य जाति छोटे २ विभागों मे बटी हुई थी। उस समय न इनका अपना कोई देश था और न रहने के मकान आदि थे। आर्य

लोग अपने २ पशुओं को लिये हुये भ्रमण किया करते थे। जिस प्रकार आज भी अनेक जातियाँ घूमती है। उसके पश्चात् इन्हों ने अपना नेता बनाया जिसका नाम प्रजापति ग्रामपति अथवा कुलपति आदि रक्खा। इन समूहोंमे दो समूह मुख्यथे एकका नाम हम सूर्यवंशी समूह कहते है, तथा दूसरा चन्द्रवशी समूह था। इसके अलावा और भी समूह थे। इन कुल--पति मनुओं मे से हम किसी को भी भारत नाम का कारण नहीं कह सकते। तथा च वेदों मे हम को एक और भी रहस्य का ज्ञान होता है। जिसको हम आगे दिखलावेंगे। कुछ ऐतिहासिकों का यह मत है कि भारत में आर्य लोग बाहर से आये। कहाँ से आये तथा कब आये यह अभी विवादास्पद है। बाहर से आने वालो मे पहले सूर्यवशी थे तथा पश्चात् जो आये वे चन्द्र-वंशी थे। चन्द्रवंशियो का मुखिया पुरुरवा था जिसका युद्ध भा-रतों से हुआ था। अब हम यदि मनुओं पर विचार करे तो हमे ज्ञात होगा कि मनुओं का युद्ध अनार्यो से हुआ था। यथा—

यया मनुर्विशिशिप्रं जिगाय। ऋग्वेद मं० ५। सू४५।६

अथात—जिस स्तुति से मनु ने मनुविहीन अनार्यो को जीता था। इत्यादि अनेक मन्त्रों से यह विदित होता है कि मनुओं ने अनार्य लोगो से ही युद्ध किया था। इसके अलावा मनुके जन तथा विशों का ही वर्णन है। यथा—

मानुषा जनाः। ऋ० ६। २। ३

यहां मनु सम्बन्धी जन कुलों का उल्लेख है। तथा च ऋ०-मं० ६। १४। २ में मनुषो विशः) से मन के विशों समूहों का

(कुलोंका) उल्लेख है। आगे मं० ६। सू० १६ मं० ८ में भी मनुके विशोंका उल्लेख है। इन प्रमाणोंसे स्पष्ट है कि उस समय मनु भारतके सम्राट नहीं थे अपितु अपने २ कबीलोंके प्रजापति थे। जिस प्रकार आज भी सीमा प्रांत में अपने २ कबीलोंके नेता होते थे। इस मनुका राज्य भी वहीं था क्योंकि उससमय उनकी (पस्तो) भाषा थी और ये शिविलोग थे। तथा च मनु और उन के देवता मद्य मांस के विशेषतया सेवन करने वाले थे। ऋग्वेद म० ५ सू० २६ मं ७ में लिखा है कि इन्द्र ने तीन सौ भैंसों का मांस खाया तथा मनु के तीन पात्र शराब के पिये। (मनुषः सरांसि सुत पिबद्) तथा मं० ६ सू० ७ मं० ११ में सोम के स्थान में मदिरा शब्द स्पष्ट पड़ा हुआ है। वह सोम के अर्थ मदिरा बतला रहा है उपरोक्त विवेचन से हम इतनी बातों का पता लगा सकते हैं कि—

(१) मनु के समय में कुलों की प्रथा थी, कोई राज्य व्यवस्था न थी।

(२) उस समय विवाह आदि का नियम नहीं था तथा अन्य भी धार्मिक बातों का लोगों को कुछ ज्ञान नहीं था।

(३) आर्य लोग कृषि तथा पशु पालन पर ही जीवन निर्वाह करते थे।

(४) ये कुल आर्यवंश के थे तथा मनु इन का नेता था।

(५) उपरोक्त सूर्यवंशी मनुओं का कुल भारत वर्ष में पहले आया। तथा सीमा प्रांत की तरफ आकर बसा। इन को वेद में भलनाशा तथा पकथा कहा है।

उपरोक्त विवेचन से हम इस परिणाम पर पहुंचे हैं कि मनु नाम का कोई व्यक्ति विशेष नहीं हुआ, अपितु यह एक

उपाधिवाचक शब्द है। यह उपाधि अति प्राचीन काल में प्रतापी तथा विजयी राजाओं अथवा नेताओं को दी जाती थी यही कारण है कि जैन शास्त्र में श्री ऋषभदेव जी तथा भरत जी को भी मनु की उपाधि दी गई है। मत्स्यपुराण की प्रलय के पश्चात् स्वयंभू मनु के उत्पन्न होने का कारण भी यही है। बस जब मनु कोई व्यक्ति विशेष ही नहीं हुआ तो उसके नाम से इस देश का नाम भारतवर्ष कैसे हो सकता है। यदि यह मानें कि जिस व्यक्ति को मनु की उपाधि प्राप्त हुई, उसी के नाम से यह भारत वर्ष प्रसिद्ध हुआ तो भी ठीक नहीं क्योंकि अनेक व्यक्तियों को यह उपाधि प्राप्त हो चुकी है, इस लिये कौन से मनु को इस भारत के नामका कारण माना जावे यह प्रश्न बाकी रहता है जिसका हल करना असंभव है। यदि इन सब बातों पर विचार न करे ता भी भारतीय साहित्यमें जो विरोध होगा उसका क्या समाधान हो सकता है। भारतीय साहित्यके अनेक प्रमाण हम उपस्थित कर चुके हैं। तथा आगे भी अन्य प्रमाण दिये गये हैं। जिन में यह स्पष्ट उल्लेख है कि इस देशका नाम श्री ऋषभदेव जी के पुत्र भरत से भारतवर्ष पडा है। ऐसी अवस्था में मनु को इस देश के नाम का कारण मानना युक्तियुक्त नहीं है। हां यदि भरत जी का नाम ही मनु मानलें जैसाकि माना गया है तब तो हमें कोई आपत्ति नहीं है। इसी भरत के पुत्रों का वर्णन वेद में है।

अमन्थिष्टां भारता रेवदग्निम् देवश्रवा देववातः सुदक्षम्।

ऋ० ३।२३।२

अर्थात्—भरत के तीन पुत्रों ने अग्नि को मंथन द्वारा उत्पन्न किया। उन पुत्रों का नाम था (१)देवश्रवा (२)देववात (३)सुदक्ष

जैन साहित्य में भरत के सब से बड़े पुत्र का नाम अर्ककीर्ति अथवा आदित्ययशः है। देवश्रवा और अर्ककीर्ति आदित्ययशः आदि शब्द सामानार्थक हैं। इसलिये जैन साहित्य और वेदका कथन परस्पर मिल जाता है। इस वैदिक प्रमाणसे भीम नु, तथा दौष्यन्ति भरत की मान्यता का स्पष्ट खण्डन होता है क्योंकि दौष्यन्ति भरत के तो कोई सन्तान ही नहीं थी, अन्त में जाकर उसने एक पुत्र गोद लिया था। इस प्रकार किसी भी मनु के तीन पुत्रों का कथन भारतीय साहित्य मे नहीं है, इस लिये श्री ऋषभदेव जी के पुत्र भरत के कारण ही इस देश का नाम भारतवर्ष हुआ यह वेद ही से सिद्ध है।

भरत और सूर्य

भरतः आदित्यस्तस्य भा भारती (निरुक्त)

इस वंश का नाम सूर्यवंश क्यों है इस विषय में किसी ने भी सत्य उत्तर नहीं दिया। अतः इसप्रश्न को हल करना चाहिये। निरुक्तकार यास्काचार्य ने स्पष्ट कर दिया है कि भरत का ही नाम सूर्य है, इसी की कीर्ति यह भारती अर्थात् भारतवर्ष है। यद्यपि भारती नाम भाषा या उसकी अधिष्ठात्रीदेवी का भी है परन्तु यहां भारतवर्ष ही अर्थ अभिप्रेत है। शतपथ ब्राह्मण में भी स्पष्ट लिखा है कि (भरतः एषः सूर्यः)। अर्थात् भरत ही सूर्य है। तथाच (अग्निर्वै भरतः। शतपथ ।१।४।२।२ अर्थात् अग्नि ही भरत है। अग्नि और सूर्य एकार्थ वाचक भी हैं। ऋग्वेद मण्डल १सू० ९६ में इसका सुन्दर वर्णन है। यथा—

ऊर्जः पुत्रं भरतं सुप्रदानुं देवा अग्निं धारयन्द्रविणोदाम् ॥२॥

इसमन्त्र का अर्थ करते हुए श्री सायणाचार्य लिखते हैं कि (प्राण रूपेण सर्वासां प्रजानां भर्तारम्) अर्थात् प्राण रूप होकर सम्पूर्ण प्रजाका पालन करने वाले भरत । यह हुआ ऊर्जपुत्रका अर्थ । आगे आप लिखते हैं कि—

सुप्रदानुं अविच्छेदेन धनानि प्रयच्छन्तम् ।

अर्थात्—विना वाधा के निरन्तर दान देने वाला । ऐसे दानी भरत को देवों ने धारण किया। इस मन्त्रमें अग्नि शब्द भरत का विशेषण है इसलिये (देवा अग्नि धारयन्) अर्थात् देवों ने अग्नि भरत को धारण किया यह अर्थ है । सायणाचार्य जी का अर्थ यद्यपि सुन्दर है फिर भी हम उससे सहमत नहीं हैं, क्योंकि यहाँ ऊर्ज शब्द है जिसके अन्न बल आदि अनेक अर्थ हैं । सायणाचार्य जी ने भी अन्न अर्थ किया है परन्तु उनको भी वह अर्थ उपयुक्त नहीं जंचा क्योंकि उस अर्थ से मन्त्र की कुछ भी संगति नहीं लगती अतः उन्होंने दूसरा अर्थ किया, जिसको हमने यहाँ उद्धृत किया है । यह अर्थ भी इस लिये ठीक नहीं कि ऊर्ज शब्द का अर्थ— बल उत्साह आदि होता है और यही अर्थ यहाँ अभिप्रेत है । इसी सूक्त के प्रथम मंत्र में इसको स्पष्ट कर दिया है ।

सः प्रत्नथा सहसा जायमानः कव्यानि बलधत्तविश्वा । आपश्च मित्रं धिषणा च साधन् देवा अग्नि धारयन् द्रविणोदाम् ॥ १ ॥

अर्थात्—सहसा बल से उत्पन्न अग्नि, उत्पन्न होते ही अर्थात् जन्मते ही पुराने सम्पूर्ण काव्यों को सद्यः शीघ्र ही धारण कर लिया। अर्थात् वह जन्मते ही ज्ञानी हो गया तथा च शीलस्वभाव रूपी वाणी उस का मित्र रूप से कार्य सिद्ध करने लगे। ऐसे दानी अग्नि को देवों ने धारण कर लिया। आगे लिखा है।

स पूर्वया निविदा कव्यतायोरिमाः प्रजा अजनयन्मनूनाम्।
विवस्वता चक्षसाद्यामपश्चादेवा धारयन्द्रविणोदाम्॥

अर्थात्—उस अग्नि ने पूर्व कवियों की कविता अर्थात् उपदेशानुसार मनुओं की प्रजा को उत्पन्न किया अर्थात् उसे शिक्षित करके उस सांचे मे ढाल दिया। उसके पश्चात् अपने तेज से द्यु लोक और अन्तरिक्ष लोक का स्वामी होगया। अपः का अर्थ समुद्र और द्याम् का अर्थ पार्वतीय देश है। यह अग्नि कौन है यह मन्त्र उनमे लिखा है जिसको हम लिख चुके हैं। वह सम्राट भरत है। इस मन्त्र में कई शब्द बड़े महत्व के हैं। एक तो मनूनां प्रजा यहां मनु शब्द के बहुवचन होने से सिद्ध हो गया कि यह भरत सब मनुओं के बाद हुआ। तथा यह भी सिद्ध होगया कि मनु और भरत एक नहीं हैं अपितु पृथक्-पृथक् हैं। दूसरा शब्द है (पूर्वया निविदा) अर्थात् पूर्व उपदेशके अनुसार उसने प्रजा को सांचे मे ढाल दिया। यह पूर्व का उपदेश इन भरत महाराज को पिता जी से मिला था जिसका नाम यहां सहसा अर्थात् बल है वेदों में अनेक बार अग्नि को सहस (बल) का पुत्र माना है। फिर यहां तो ऊर्ज शब्द भी है जिसके पुत्र भरत बतलाये गये है। यह सब एक ही व्यक्ति के नाम हैं। जिस

को हम ऋषभदेव के नाम से जानते हैं। ताण्डय ब्राह्मण में जोकि सामवेद का ब्राह्मण है स्पष्ट लिखा है कि—

वीर्यं वा ऋषभः। तां १८। ६। १४

अर्थात्— वीर्य, बल, ऋषभ है। अतः सिद्ध होगया कि ऊर्ज सहस तथा ऋषभ आदि शब्द एकार्थक हैं। अतः इस पुण्य भूमि के प्रथम चक्रवर्ती का नाम भरत तथा सूर्य है। इसी से भारतवर्ष नाम इस देश का हुआ। पहले इस देश का नाम अंजनाभ' था, (यह भागवतमें लिखा है) अबसे यह भारत कहलाने लगा और इन्हीं के नाम से सूर्यवंश चला। इस चक्रवर्ती ने समुद्रों पर तथा पहाड़ी देशों पर भी अपनी विजय वैजयन्ती फहराई थी यह वेद भगवान ने सिद्ध कर दिया, भगवान ऋषभदेव का वर्णन हम अपने दूसरे ग्रन्थ में करेंगे उनकी स्तुतिमें तो वेदों का बहुत बड़ा भाग रचा गया है। इसी प्रकार भरत महाराज तथा भारतों के लिये भी वेद ने बहुत कुछ स्पष्ट सिद्ध किया है हम लोग वैदिक शैली को भूल गये हैं इसलिये यह सब विवाद है, परन्तु अब तो प्रकाश का समय है इसलिये अवश्य ही प्रकाश होगा। जिस प्रकार निरुक्त में भारती को सूर्य की शोभा कहा है उसी प्रकार ऋग्वेद मं ३। ६२। ३ में भी भारती को सूर्य की पत्नी लिखा है इससे भी भारत भूमि ही अभिप्रेत है।

महाभारत और भरत

भारतवर्ष का सब से प्राचीन ऐतिहासिक ग्रन्थ महाभारत समझा जाता है, अतः महाभारत इस विषय में क्या प्रकाश

डालता है यह देख लेना आवश्यक है। इससे पूर्व कि हम महाभारत से इस विषय का विवेचन करें यह जान लेना जरूरी है कि महाभारत की रचना का उद्देश्य क्या है। इस विषय पर महाभारतमीमांसाकार श्री रायबहादुर चिन्तामणि जी वैद्य ने अच्छा प्रकाश डाला है। आप के लेख का सार यह है पहले यह ग्रन्थ भारत के रूप में था परन्तु भारत को महाभारत बनाने में एक विशेष महत्व था। आपका कथन है कि सौति काल में जैन और बौद्धों का प्राबल्य था। सम्पूर्ण भारत मे उनका बोलबाला था। वैदिक क्रियाकाण्ड से लोग घृणा करने लगे थे तथा उनके ही कारण जनता ब्राह्मणों से भी नफरत करने लगी थी इस लिये जनता ने बौद्ध धर्म और जैन धर्म को स्वीकार कर लिया था क्योंकि यह धर्म सरल एवं सुबोध थे। उधर ब्राह्मण धर्म कई भागों में विभक्त था जैसे कि वैष्णव, शैव, शाक्त, सौर्य आदि। इन मतों में भयानक कलह हो रहा था। इस घर की कलह ने आग में घृत की आहुति का कार्य किया। बस ब्राह्मण धर्म अन्तिम श्वास लेने लगा। इसी के पुनरुद्धार के लिये सब से प्रथम और अत्यन्त उपयोगी प्रयत्न सौतिने महाभारतकी रचना करके किया। इसमें वैष्णव आदि सब धर्मों के एकीकरण का भारी उद्यम किया गया और उससे सफलता भी प्राप्त हुई इत्यादि। हमारे स्वाध्याय ने हमको और भी आगे पहुँचाया है। वह यह है कि जहाँ उनकी धार्मिक नीति यह थी वहां राजनीति भी बड़ी भयानक थी। महाभारत में जैन तथा बौद्ध साधुओं का उल्लेख तो कहीं कहीं विवश हो कर अथवा अकस्मात् कर दिया है परन्तु भगवान महावीर तथा भगवान बुद्ध का नाम तक नहीं लिखा। यही नहीं अपितु उनके प्राचीन इतिहास को भी इस

सफाई के साथ बरबाद किया है कि जिसको देखकर खेद होता है। अभिप्राय यह है कि यह ग्रन्थ ऐतिहासिक दृष्टि से नहीं लिखा गया अपितु साम्प्रदायिक दृष्टि से लिखा गया है। ब्राह्मणों तथा उनके धर्म का महत्व बढ़ाना इस का उद्देश्य था। इसके बाद भी यही प्रणाली प्रचलित रही और भारत के प्राचीन तथ्य साहित्य को साम्प्रदायिक बादलों से आच्छादित कर दिया। इसके कुछ प्रमाण हम इसी विषय में उपस्थित करते हैं जिससे पाठक वृन्द इसका ठीक अनुमान लगा सकें। महाभारत आदि पर्व अ० १७ के आरम्भ मे ही लिखा है कि—

प्रजापतेस्तु दक्षस्य मनोर्वैवस्वतस्य च,
    भरतस्य कुरो पूरोजामीढ़स्य चानघ ६ ॥ १ ॥
यादवानामिमं वंशं कौरवाणां च सर्वशः
    तथैव भारतानां च पुण्यं स्वस्त्ययनं महत्।
धन्यं यशस्यमायुष्यं कीर्तयिष्यामि तेऽनघ ॥

आदिपर्व अ० ७५

अर्थात् हे राजन् मैं आपके सन्मुख प्रजापति दक्ष, मनु, भरत, कुरु, पुरु, अजामीढ, यादव, कौरव तथा भारतों का चरित्र कथन करूंगा उनके यश आदिका भी कथन करूंगा। उपरोक्त श्लोकों में मनु के बाद ही भरत का नाम है, और उसके पश्चात् चन्द्रवंशियों का उल्लेख है। इससे स्पष्ट है कि मनु के पश्चात् ही भरत हुये परन्तु सम्पूर्ण महाभारत में इनके जन्म आदि के विषय में एक भी शब्द नहीं लिखा यदि कहो कि

भरत से अभिप्राय दौष्यन्ति भरत से है तो यह ठीक नहीं क्योंकि एक तो इस श्लोक में क्रमशः कथन किया है अतः यदि दौष्यन्ति भरत से अभिप्राय होता तो कुरु के पश्चात् उस का नाम लिखना चाहिये था। दूसरी बात यह है कि 'भारतानां' आगे इस बातका स्पष्ट प्रतिवाद कर रहा है क्योंकि यदि भरत से मतलब दौष्यन्ति भरत से होता तो आगे जाकर भारतानां कहने की कुछ आवश्यकता न थी। यदि कहो कि वहां भरत व्यक्ति से अभि-प्रेत है तब तो मनु आदि के आगे भी मानवानां कौरवाणां आदि शब्दों का भी व्यवहार करना चाहिये था परन्तु ऐसा न करके केवल मनु आदि शब्दों से ही उनके तथा उन के कुल का संकेत कर दिया है तथा आगे यदु आदि का नाम न लिखकर यादवा-नां आदि शब्दों से यदु और उनके कुल का संकेत किया है इसी प्रकार यहा भी भारतानां से भरत और उसके कुल का संकेत है। तथा च, आदि० पर्व अ० ७४ में लिखा है कि—

अपरे ये च पूर्वे वै भारता इति विश्रुताः।
भरतस्यान्ववाये हि देवकल्पा महोजसः ॥ १३५ ॥

अर्थात् इनसे पृथक् पहले के भारत हम ने सुने हैं वे सब देवों के समान तेजस्वी हैं। इससे स्पष्ट हो गया कि जिन भरतों का वर्णन सौति ने किया है उससे बहुत पहले भी इस भारत-वर्ष में भरतवंश था और वह देवों के समान बड़ा तेजस्वी तथा महा पराक्रमी था। परन्तु महाभारत में सौति ने कूटनीतिज्ञता के कारण इस भरत वंश का कहीं भी वर्णन नहीं किया। परन्तु फिर भी इतना तो उस ने भूल से अथवा कारण वश संकेत कर ही दिया कि इस अन्तिम भरत के पहले भी भरत हो चुका है

और वह भरत मनुके बाद उत्पन्न हुआ था तथा इसका वंश भारतोंके नामसे विख्यात था वह वंश देवोंके समान तेजस्वी तथा महापराक्रमी था। यह भरत स्वयं सूर्य थे तथा भगवान ऋषभदेव के पुत्र थे। तथा च महाभारत शान्ति पर्व, राज-धर्मके आरम्भमें ही युधिष्ठिरने भीष्म जी से यह प्रश्न किया है कि 'राजन् शब्द कैसे उत्पन्न हुआ ? तथा अन्य लोगोंपर राजाका आधिपत्य क्यों है ?' इसका उत्तर भीष्म जी ने दिया है कि प्रथमकृत-युगमे राजा थे ही नहीं उस समय सब लोग स्वतन्त्र थे। वे स्वतन्त्रता से धर्म पूर्वक जीवन व्यतीत करते थे। परन्तु आगे चलकर काम, क्रोध, लोभ आदिके कारण ज्ञानका लोप हो गया और धर्मका नाश होने लगा। उस समय ब्रह्माने अपनी बुद्धिसे एक लाख अध्यायका एक ग्रन्थ बनाया। उसमे धर्म अर्थ कामका वर्णन किया गया। तथा च उसमे राजनीति भी विस्तार-पूर्वक बतलाई गई। यह ग्रन्थ ब्रह्माने शकरको सिखलाया तथा शंकरने इन्द्रको तथा इन्द्रने बृहस्पतिको सिखलाया। तथा आगे लिखा है कि ब्रह्माने वह ग्रन्थ पृथ्वीके प्रथम राजा अनंगको दिया और उससे कहा कि इस शास्त्रके अनुसार राज कार्य करो। जब उस-के पौत्र वेनने इन नियमोंका उल्लङ्घन किया और वह अपनी प्रजाको कष्ट देने लगा तब ऋषियोंने उसे मार डाला तथा उसकी जांघसे पृथु नामका राजा उत्पन्न किया। उसे ब्राह्मणोंने और देवताओंने कहा कि राग और द्वेष त्यागकर सब लोगोंके साथ समानताको व्यवहार कर तथा यह भी विश्वास दिला कि ब्राह्मणोंको दण्ड नहीं दूंगा तथा वर्णशंकर पैदा नहीं होने दूंगा। पृथुने ऐसा ही वचन दिया और वह न्यायसे प्रजा पालने लगा। यहाँ भरतका नाम अनंग भी मिलता है उनके अनेक

नाम थे उनमे एक नाम अनंग भी प्रतीत होता है। उपरोक्त ब्रह्मा तथा ऋषभदेव एक ही व्यक्ति थे यह भी इसमे स्पष्ट सिद्ध होता है। यह एकलाख अध्यायका ग्रन्थ या तो काल प्रभावसे नष्ट हो गया अथवा जानकर नष्ट कर दिया गया। यदि आज यह ग्रन्थ उपलब्ध होता तो भारतीय कीर्तिका सूर्य आज मेघाछन्न न होता। वेदों मे उस मूल ग्रन्थ के मन्त्रों का नाम निविद लिखा है। देखो ऋ० १। ८६। २ तथा १। ६६। ७। महाभारतकार ने इस भारत के आदिके सम्राट अनंग की जीवनी पर भी कुछ विशेष लिखने का कष्ट नहीं किया। राज्य प्रथा प्रचलित होने का यह वर्णन जैन पुराणों के अनुकूल ही है।

नहुष राजा

दूसरी बात महाभारतकार की नहूष के विषय मे है। उसमें नहुष का वर्णन किया है तथा उसकी उद्दण्डता का भी उल्लेख किया है। उसन प्रजा के महापुरुषों को पशुवत बना कर उन पर भार भी लदवाया था, परन्तु उस का अन्तिम परिणाम क्या हुआ और किस के द्वारा हुआ यह बात उस में बिलकुल नहीं लिखी। परन्तु ऋग्वेद में हम देखते है कि भरतों ने नहुष को वश मे कर के करदाता बना दिया था

सनिरुध्या नहुषो यह्वो अग्निर्विशश्चक्रे बलिहृत: सहोभि ७।६।५

यह मन्त्र वशिष्ठ ऋषिका है और वशिष्ठ भरतोंके पुरोहित थे। अत: यह भरतोंकी ही प्रशंसा समझनी चाहिये। ईजिप्टके प्राचीन इतिहासमें जिस हेरोडोटसका जिक्र आता है यदि वह यही है तो स्पष्ट है कि नहुष को भारत छोड़कर भागना पड़ा था।

पुरूरवा

यही अवस्था पुरूरवाकी भी है। पुरूरवाका प्रजाके नेताओ (ब्राह्मणों) से झगड़ेका तो उल्लेख है परन्तु उसका जो एक ब्राह्मण द्वारा काल्पनिक पराभव दिखलाया गया है? हमारी सम्मतिमे इसमे भी यही रहस्य है। इस प्रकारके अनेक प्रमाण उपस्थित किये जा सकते हैं। यह सब कुछ होने पर भी प्राचीन भारतीय इतिहासके लिये महाभारत अत्यन्त उपयोगी ग्रन्थ है।

रामायण और भरत

बाल्मीकि रामायणमे रामचन्द्र जी के विवाहके समय वशिष्ठ जी ने दशरथके कुलका वर्णन किया है उसमे इस प्रकार पीढ़ियां बतलाई हैं।

सबसे प्रथम (१) मनु, (२) मनुका पुत्र इक्ष्वाकु (३) कुक्षि, (४) विकुक्ष, (५) बाण, (६) अनरण्य, (७) पृथु, (८) त्रिशंकु, (९) धुन्धुमार, (१०) युवनाश्व, (११) मानधाता (१२) सुसन्धि (१३) प्रसेनजित तथा इसके दूसरा पुत्र हुआ ध्रुवसन्धि इस ध्रुवसन्धिके (१४) भरत, असित आदि वंशके महापुरुष हुये। जैन पुराणोंमे है कि प्रसेनजितके पुत्र नाभि-राय हुए और नाभिरायके ऋषभदेव और ऋषभदेवके पुत्र भरत। ऊपरके लेखसे इसकी कुछ समानता अवश्य है। पुराणोंकी वंशावलियोंमे रात दिनका अन्तर है। रामायणमें भी आगे इसी वंशावलीमें अनेक अशुद्धियां प्रतीत होती हैं। परन्तु यह हमारे प्रकरण का विषय नहीं इसलिये उनपर विचार भी नहीं किया जाता।

हमारा अभिप्राय तो इतना ही है कि सूर्यवंशमें एक प्रतापी राजा भरत हुये है उन्हींके नामसे यह देश भारतवर्ष कहलाता है। यह बात वेद, निरुक्त, ब्राह्मण, महाभारत, रामायण, जैन ग्रन्थ तथा इतिहाससे भी सिद्ध है। अवधवासी रायबहादुर ला० सीताराम जी ने अयोध्याका एक सुन्दर इतिहास लिखा है उसमें सूर्यवंशकी वंशावली दी है, उसमे १२३ राजाओंके नाम हैं जिनमें ६३ राजे महाभारतसे पूर्वके हैं तथा ३० महाभारतके पश्चात्के है। उसमे प्रसेनजित पुरुकुत्स, त्रसदस्यु, सुदास आदिका नाम दिया है। परन्तु भरतका नाम न मालूम इन्होंने क्यों छोड़ दिया। आगे चलकर भरत और मनुको एक सिद्ध करनेका प्रयत्न किया है। परन्तु यह मत हमको ठीक प्रतीत नहीं होता, क्योंकि वेदसे लेकर रामायण आदि सभी ग्रन्थकार भरतको मनुसे पृथक सिद्ध कर रहे हैं। तथा भरतका मनुके पश्चात् उत्पन्न होना सभीने माना है। जिस वायु पुराण के आधार पर आपने यह लिखा है वह स्वयं अविश्वसनीय है क्योंकि वायु पुराणके इस मतका कि मनुका नाम भरत है किसीने अनुमोदन नहीं किया। अतः केवल निराधार कल्पनाके सिवा उसमे कुछ भी सार नहीं है।

क्रातवं पुराणम्

श्री नारायणचन्द्र साह बी० एल० वकील कलकत्ता हाईकोर्ट ने एक ग्रन्थ संस्कृत श्लोकोंमें लिखकर क्रातवं पुराण नामसे प्रकाशित किया था। यह ग्रन्थ वर्तमान ऐतिहासिक शैलीसे लिखा गया है इसके पृ० ५३७ में सूर्य वंशकी वंशावली दी है। उसमें—(१) मनुके पुत्र (२) इक्ष्वाकु (३) विकुक्षी (४) पुरञ्जय

(५) उससे पुत्र वृषभ बतलाया है उसमें ऋषभदेवका नाम तो आगया परन्तु भरतका उसमे भी उल्लेख नहीं है। उसमे वृषभके पुत्र निना तथा निनाका पुत्र पृथु लिखा है। आगे चलकर प्रसेनजित लिखा है और प्रसेनजितका युवनाश्व तथा उसका पुत्र मान्धाता लिखा है। उसके पश्चात् त्रसदस्यु, पुरुकुत्स आदि नाम आये है। सार यह है कि जितने ग्रन्थ है उतने ही वंशोंके क्रम है किसीका सिलसिला एक दूसरे से नहीं मिलता, ऐसी अवस्थामें ठीक पता लगाना कठिनतर है कि इस वंशका सिलसिला किस प्रकारका है। परन्तु यह वंश सूर्यवंशके नामसे प्रसिद्ध है उसके पूर्वजोंका नाम भी प्रायः सबने लिखा है। इसलिये यह बात निर्विवाद सिद्ध है।

भारतीय अनश्रुतिमें एक सौदास कल्पमाषपाद राजाका वृतान्त प्रसिद्ध है। वह मनुष्य-भक्षी हो गया था इस पर प्रजाने उसको राज्यसे च्युत कर दिया और उसके पुत्र वीर्यसिंहको राज्यगद्दी पर बिठाया। यह राजा इक्ष्वाकु वंशका था। जैन पद्मपुराणमे भी कुछ भेदसे यह कथा आई है वहां भी उसको इक्ष्वाकु वंशका ही लिखा है। यह सौदास भी सुदासको इक्ष्वाकु वंशका सिद्ध करता है। तथा रामायणमें इसको दशरथके पूर्वजोंमें लिखा भी है। अतः वैदिक सुदासका इक्ष्वाकुवंशी होना सिद्ध होता है।

श्री ऋषभदेव और इक्ष्वाकु

आकनाच्च तदिक्षूणां रससंग्रहणे नृणाम्।

इत्वाकु इत्यभूद् देवो जगतामपि सम्मतः ॥

जैन आदि पु० पर्व, १६ । ६४

अर्थात् आपने सबसे प्रथम मनुष्योंको 'इक्षु' अर्थात गन्नेका रस निकालने की विधि बताई अतः जनताने आपका (श्री ऋषभदेवका) नाम इक्ष्वाकुः रख दिया। तथा च जैन हरिवश पुराण अ०८ श्लोक २१० मे इसीका समर्थन किया गया है। अतः यह बात सिद्ध हो गई कि श्रीऋषभदेवके जहां; प्रजापति, हिरण्यगर्भ, मनु, आदिपुरुष, अग्नि, ब्रह्मा आदि अनेक औपाधिक व सार्थक नाम थे वहां उनका एक नाम इक्ष्वाकु भी था, इसी इक्ष्वाकुसे भारतका प्रसिद्ध इक्ष्वाकु वंश चला। तथा भरत महाराजसे सूर्यवंश और भरत वंश चला, यथा।—

इक्ष्वाकुः प्रथमं प्रधानमुदगादादित्यवंशस्ततः।
तस्मादेव च सोमवंश यस्त्वन्ये कुरूग्रादयः॥

जैन हरिवंश पु० १३। ३०

अर्थात् प्रथम इक्ष्वाकु वंश प्रचलित हुआ तत्पश्चात सूर्यवंश व चन्द्रवंश आदि चले इन्हीं महाराज इक्ष्वाकुः (ऋषभदेव) का वर्णन वेदने निम्न प्रकार किया है।

यस्येक्ष्वाकु रुपव्रते रेवान् मराय्ये धते।
दिवीव पञ्च कृषयः॥ ऋ० मं० १०। ६०।४

अर्थात् इक्ष्वाकु राजाकी संरक्षकतामे पांचों मनुष्योंके कुल तथा आर्य व अनार्य आदि सब स्वर्गीय सुखोंका उपभोग करते

हुए अपनी अपनी आध्यात्मिक उन्नति कर रहे हैं।

किसी भी राजाकी प्रशंसामे इससे अधिक कुछ नहीं कहा जा सकता। इनकी प्रशंसामे इसी प्रकारका वर्णन अन्य स्थानों के वेद मन्त्रोंमे भी किया है। तथा च—

अथर्ववेद कां १६। ६६ मे एक औषधिका उल्लेख है। वहां लिखा है कि—

य त्वां पूर्व वेद इक्ष्वाको यं वात्वा कुष्ट काम्यः।

अर्थात् हे औषधे सबसे प्रथम तेरे को इक्ष्वाकुने जाना। इक्ष्वाकुसे वशुने पुनः अगस्त्यादि ऋषियोंने जाना। इस कथनसे यह सिद्ध हो गया कि इक्ष्वाकु (ऋषभदेव) जहां आदर्श राजा थे वहां अनुपम अन्वेषक तथा आविष्कारक भी थे। जैन पुराणोंमे इसका विस्तार-पूर्वक कथन है। अतः यह सिद्ध है कि भगवान् ऋषभदेव और इक्ष्वाकु एक ही व्यक्ति थे। और इन्हींके पुत्र भरत महाराज हुए जिनके नामसे आज तक यह देश भारत कहलाता है।

भारतकी प्रथम राजधानी—

अयोध्या।

अयोध्या नाम नगरी तत्रासील्लोकविश्रुता।
मनुना मानवेन्द्रेण सा पुरी निर्मिता स्वयम्॥

(वाल्मीकि रामायण, बालकाण्ड)

---

(१)—सर्व वेद भाष्यकार श्री सायणाचार्य आदि प्राचीन भाष्यकारोंने इस मन्त्रका उपरोक्त भाव ही व्यक्त किया है।

अर्थात् लोकमें प्रसिद्ध अयोध्या नामकी नगरी है। उसको नरेन्द्र मनुने स्वयं बनाया था यही बात जैन पुराणोंमे भी आई है।

तस्यामलंकृते पुण्ये देशे कल्पांघ्रिपात्यये।

तत्पुण्यैर्मुहुराहूतः पुरुहूतः पुरीं दधात् ॥

(जैन आदिपुराण पर्व १२ श्लोक ६६)

अर्थात् कल्पवृक्षोंके नष्ट हो जानेपर जिस देशको महाराज नाभि तथा उनकी धर्मपत्नी मरुदेवीने अलंकृत किया था उन्हीं के पुण्यसे प्रेरित होकर एक पुरी रची। तथा आगे श्लोक ७६ मे लिखा है।

अयोध्या न परं नाम्ना गुणेनाप्यरिभिः सुराः ॥ ७६ ॥

अर्थात् यह अयोध्या केवल नाम की ही 'अयोध्या' नहीं थी अपितु शत्रुओंमे भी अजेया थी।

❀ भारत वंशावली ❀

(१) मनु (कुलकर नाभिराय) इनके सम्बन्धमें वैदिक प्रमाण दिये जा चुके है। (२) ऋषभदेव (इक्ष्वाकु) इनके विषयमे वैदिक प्रमाण दिये जा चुके है (३) भरत (सूर्य) इनके सम्बन्धके वैदिक प्रमाण दिये जा चुके हैं। (४) अर्क कीर्ति (वैदिक नाम देवश्रवा) (५) वेन ऋग्वेद मं० ६ सू० ८५। मं० १० तथा च १०। १४८। ५ में वेन पुत्र पृथुका वर्णन है। (६) पृथु। (७) विश्वागश्व (ऋ० १। ११६) (८) युवनाश्व (ऋ० ८। ३६। ८)। (९) श्रावश्व (ऋ० १। ४८। ३)। (१०) बृहदश्व। (११) कुवलयाश्व।

दृढाश्व। (१३) हर्यश्व। (१) ऋ० मं० २ । १७ । ३ (१४(निकुम्भ। (१५) संहताश्व। (१६) कृशाश्व (ऋजिश्वा) ऋ० ६ । १६ । ७ (१७) प्रसेनजित (१)। (१८) युवनाश्व (२) (१६) मान्धाता (ऋ० १ । ११ । १३ । (२०) पुरुकुत्स (ऋ० ६ । २० । १०)। (२१) त्रसदस्यु (ऋ० ४ । ४२ । ६)। (२२) तृक्षि (ऋ० ८ । २२ । ७)। पुराणोंमे इसका नाम सम्भूत है। (२३) अणु (अनरण्य) ऋ० ६ । ६१ । १) (२४) पृषदश्व। (२५) हर्यश्व (२) ऋ० ३ । ३१ । ३। (२६) त्रयश्व (यह नाम भी पुराणों में नहीं है। (२७) विश्वमना (वसुमना) ऋ० ८। २४ । २३ । (२८) लक्ष्मण (पुराणों मे लक्ष्मण का नाम ही है। वेद मे ध्वन्य को लक्ष्मण का पुत्र कहा है)। (२६) ध्वन्य (तृधन्वान) ऋ० ५ । ३३ । १० । (३०) त्रैरुण (यह त्रिवृषण का पुत्र था) ऋ० ५ । २७ । १ । शाठ्यायन तथा तण्ड्य ब्राह्मण में इसका विशेष वर्णन है। (३१) त्रिशकु (शर्यात) वा वेधस (३२) हरिश्चन्द्र (ऋ० मं० १ सू० २४ मे हरिश्चन्द्र की विस्तार पूर्वक कथा लिखी है। ऐतरेय ब्राह्मण में इसको वेधस लिखा है। (३३) रोहित। (३४) हरित और (३५) चचु (३६) विजय (कुत्स) यह रुरुक का पुत्र था संम्भव है रुरुक का ही नाम चंचु हो। ऋ० ४ । १६ । १० । (३७) वृक (ऋ० १० । ३६ । १३ (३८) वाहु सहस्रवाहु ऋ० ८ । ४५ । २६-२७ (३६) सगर। (४०) असमञ्जस (स्वश्व) ऋ० ४ । १७ । १४ । (४१) अंशुमत् (सूर्य) यह स्वश्व का पुत्र था। इसका एतश से युद्ध हुआ था। ऋ० ५ । ४० । ७ । (४२) दिलीप (१)। (४३) भगीरथ (भजेरथ) ऋ० मं० १० सू० ६० मं० २ । (४४) श्रुतरथ (ऋ० ५ । ३६ । ६

(४५) नाभाग (ऋ० ८ । ४० । ५ । (४६) अम्बरीष (ऋ० १ । १०० । १७ । (४७) सिन्धु (ऋ० १ । ११२) । (४८) अयुत आयुस (आयु) ऋ० ८ । १५ । ५ । (४९) ऋतुपर्ण । (५०) सर्वकाम (पिजवन) ऋ० ७ । १८ । २३ । (५१ सुदास (ऋ० ३ । ५३ । ११ (५२) कल्माषपाद (सौदास) । (५३) अश्मक । (५४) मूलक । (५५) शतरथ । (५६) वृद्धशर्मन् (वृद्धश्रवा) । (५७) विश्वसामा (२) (५८) दिलीप (२) । (५९) रघु । (६०) अज (अ-जमीहल) ऋ० मं० ४ सू० ४४ । ६ । (६१) दशरथ (दशवज्र) ऋ० मं० ८ सू० ६३ । १० । (६२) श्री रामचन्द्र जी ऋ० १० । ६३ । १४ (६२) (१) कुश । (६३) अतिथिग्व (ऋ० ६ । ४७ । २२ । (६४) अश्वत्थ (इन्द्रोत) (निषिध) ऋ० ६ । ४७ । २४ (६५) नर (नल) ऋ० १ । ३१ । १५ ।

यहां से आगे वैदिक साहित्य से सूर्य-वंश का कुछ पता नहीं चला । सम्भव है इसके पश्चात् सूर्यवंश का सूर्य अस्त हो गया हो और चन्द्रवंशी भरतके नाम से जो भरतवंश चला उसी मे यह वंश भी जा मिला हो जैसा कि महाभारत के आदिपर्व में इसका संकेत है ।

(६६) नभ, (६७) विष्णु, (६८) त्रैमेधन्वन, (६९) देवानीक, (७०) आदि मगु, (७१) पारिपत्र, (७२) दल, (७३) शर, (७४) उक्थ, (७५) वज्रनाभ, (७६) शंखन, (७७) व्युशिताश्व, (७८) विश्वसमा (३), (७९) हिरण्यनाभ, (८०) पुष्य, (८१) ध्रुव सन्धि, (८२) सुदर्शन, (८३) अग्निवेश और (८४) शात्रि ऋ० मं० ५ । ३४ । ९ (८५) मरु, (८६) प्रथुश्रुत, (प्रथुश्रवा)

ऋ० मं० ८ । ४ । २१ । (८७) सुसंधि, (८८) अमर्ष, (८६) महाश्वत (६०) विश्रुतवत्, (६१) बृहद्बल यह महाभारत युद्ध मे अभिमन्यु द्वारा मारा गया (६२) बृहत् क्षय, (६३) उरु क्षय, (६४) वत्स व्यूह, (६५) प्रतिव्योम, (६६) दिवाकर, (६७) सहदेव, (६८) बृहदश्व, (६६) भानुरथ, (१००) प्रतीपाश्व, (१०१) सुप्रतीप, (१०२) मरुदेव, (१०३) सुनक्षत्र, (१०४) पुष्कर, (१०५) अन्तरिक्ष, (१०६) सुवर्ण, (१०७) सुमित्र, (१०८) आज, (१०६) वीर्यवान्, (११०) कृतंजय, (१११) व्रात, (११२) रणंजय, (११३) संजय, (११४) शाक्य, (११५) शुद्धोदन, (११६) सिद्धार्थ, (बुद्धदेव जो), (११७) राहुल, (११८) प्रसेनजित, (११६) क्षुद्रक, (१२०) कुलक, (१२१) सुरथ, (१२२) सुमित्र, । यह महानन्दा की राज्य क्रान्ति में मारा गया ।

वंशावली परिचय

हमने जो ऊपर सूर्यवंश की वंशावली दी है उसको अयोध्या की सुरक्षित वंशावली तथा वैदिक साहित्य से मिलान करके लिखने का प्रयत्न किया है पुराणों मे परस्पर विरोध होने के कारण इस विषय मे बड़ी कठिनाई है। ऐतिहासिक विद्वानों को वैदिक साहित्य से अधिक सहायता प्राप्त हो सकती है। पुराणों की वंशावली तथा वैदिक साहित्य की वंशावली में भी नामों का महान अन्तर है इसलिये भी यह कार्य अधिक परिश्रम-साध्य है। यह वंशावली पूर्ण नहीं है अपितु प्रसिद्ध २ राजाओं की कुछ नामावली है। यदि जैन साहित्य में भी इस प्रकार की नामावली होती तो अवश्य

ऐतिहासिक विद्वानों को कुछ सहायता मिलती परन्तु दुःख है कि वहाँ इसका अभाव है। इन सब बाधाओं की उपस्थिति में यह कार्य अधूरा अवश्य है परन्तु इसके लिये विवशता है।

(आदि सम्राट) भरत

परम भगवद्भक्त राजर्षि भरत, भगवान् ऋषभदेव के सौ पुत्रों में सब से बड़े थे। इन्होंने पिता की आज्ञा से राज्य-भार स्वीकार कर, पञ्चजनी नामक विश्वरूप की कन्या के साथ विवाह किया और उसके द्वारा पांच पुत्र उत्पन्न किये। हमारा यह भारतवर्ष जो पहिले अजनाभ खंड के नाम से प्रसिद्ध था, इन्हीं महानुभाव के नाम पर भरतखण्ड अथवा भारतवर्ष कहलाया। ये सब शास्त्रों के मर्म को जानने वाले और धर्म के अनुकूल बर्ताव करने वाले थे और पिता के समान प्रजा का पालन करते थे। इन्होंने यज्ञ-क्रतुरूप भगवान का समय-समय पर अपने अधिकार के अनुसार अग्निहोत्र, दर्श, पौर्णमास, चातुर्मास्य, सोमयाग प्रभृति छोटे बड़े यज्ञों के द्वारा श्रद्धापूर्वक आराधन किया। वे यज्ञ से उत्पन्न होने वाले धर्म नामक अपूर्व कर्म फल की सर्वान्तर्यामी, परमदेव, यज्ञ पुरुष भगवान् वासुदेव के अन्दर भावना करते हुए अपनी कुशलता से रागादि मलों का क्षय करके यज्ञ के भोक्ता सूर्यादि देवताओं को भी भगवान् वासुदेव के नेत्र आदि अवयवों में एकत्वरूप से चिन्तन करने लगे। इस प्रकार की पूर्णता से शुद्धचित्त हुए भरत के हृदय में भगवान वासुदेव के प्रति उत्तरोत्तर बढ़ने वाली भक्ति उत्पन्न

(जिस गुण या लक्षणको दिखला कर वस्तु (अनुमेय) सिद्ध की जाती है उसे धर्म कहते हैं । जिस वस्तु (अनुमेय) में वह धर्म रहे उसे धर्मी कहते है । जिसे सिद्ध किया जावे उसे साध्य कहते है ।)

साध्यधर्मसामान्येन समानोऽर्थः सपक्षः ।

जो पदार्थ साध्यधर्मके समान हो उसे सपक्ष कहते हैं ।

(बौद्धग्रन्थों में 'धर्म' शब्द के चार अर्थों में चार प्रयोग मिलते हैं—

(१) Scriptural Texts या मूल धार्मिक पुस्तकें ।

(२) Quality या गुण ।

(३) Cause या हेतु । और

(४) Unsubstantial and Soulless या निसत्त्व और निर्जीव । इसको पाली में 'निसत्त निर्जीव' कहते हैं । हमारी सम्मति में न्यायबिन्दु के समासों में 'धर्म' शब्द का तीसरे अर्थ में प्रयोग किया गया है ।)

न सपक्षोऽसपक्षः ।

जो सपक्ष नहीं होता उसे विपक्ष या असपक्ष कहते हैं ।

ततोऽन्यस्तद्विरुद्धस्तदभावश्चेति ।

जो वस्तु सपक्षसे भिन्न हो या सपक्षके विरुद्ध हो अथवा जिसमें सपक्षका अभाव हो वह असपक्ष होता है ।

त्रिरूपाणि च ॥

[ऊपर कहे हुए] त्रिरूप हैं ।

त्रीण्येव च लिङ्गानि—

अनुपलब्धिः स्वभावकार्ये चेति ।

लिङ्ग भी तीन ही होते हैं—

अनुपलब्धि स्वभाव और कार्य ।

तत्रानुपलब्धिर्यथा—न प्रदेशविशेषे क्वचिद्घट

उपलब्धिलक्षणप्राप्तस्यानुपलब्धेरिति ।

उनमें से अनुपलब्धि इसप्रकार है—

जैसे-किसी विशेष स्थान में घट नहीं है । क्योंकि घटके उपलब्धिलक्षणप्राप्त होने पर भी उसकी वहां अनुपलब्धि है ।

(घट स्वभावसे ही विद्यमान है । अर्थात् घटके अस्तित्वमें स्वभावके अतिरिक्त अन्य कारण नहीं है । अतएव घट उपलब्धि (मिलना) लक्षण वाला है । घटमें उपलब्धिलक्षण है अतएव वह उपलब्धिलक्षणप्राप्त है । घटका उपलब्धिलक्षणप्राप्तपना उसकी उपलब्धिलक्षणप्राप्ति है । अनुपलब्धि न मिलनेको कहते हैं ।)

उपलब्धिलक्षणप्राप्तिरुपलम्भप्रत्ययान्तरसाकल्यं स्वभावविशेषश्च ।

उपलब्धिलक्षणप्राप्ति उपलम्भप्रत्ययान्तरसाकल्य और स्वभाव-विशेष [यह तीनों एकही है ।] (पीछे उपलब्धिके चार प्रत्यय बतला दिये है। यहाँ प्रत्यान्तर शब्द आलम्बनप्रत्ययके अतिरिक्त अन्य प्रत्ययोंका वाचक है । साकल्य सम्पूर्णताको कहते हैं । उपलम्भके प्रत्ययान्तरोंकी एकत्रित सम्पूर्णताको उपलम्भप्रत्ययान्तरसाकल्य कहते है ।)

यः स्वभावः सत्स्वन्येषूपलम्भप्रत्ययेषु यत्प्रत्यक्ष एव भवति स स्वभावः ।

[आलम्बनप्रत्ययके अतिरिक्त] शेष उपलम्भप्रत्ययोंके रहते हुए जो स्वभावसे प्रत्यक्ष होता है वह स्वभाव है । (यह स्वभाव विशेषकी परिभाषा है ।)

स्वभावः स्वसत्तामात्रभाविनि साध्यधर्मे हेतुः ।

यथा—वृक्षोऽयं शिंशपात्वादिति ।

[जो पदार्थ अपने हेतुके अस्तित्वकी अपेक्षाकरके विद्यमान होता है और हेतुसत्तासे भिन्न अन्य किसी हेतुकी अपेक्षा नहीं करता वह स्वसत्तामात्रभावी साध्य है ।] उस स्वसत्तामात्रभावी साध्यधर्ममें जो हेतु है वह स्वभाव हेतु है ।

जैसे-यह वृक्ष है, क्योंकि यह शीशम है ।

कार्यं यथाग्निरत्र धूमादिति ।

कार्यका उदाहरण—

जैसे-यहाँपर अग्नि है, क्योंकि यहाँ धूम है ।

अत्र द्वौ वस्तुसाधनौ[1], एकः प्रतिषेधहेतुः ।

इन तीन हेतुओंमें (अनुपलब्धि, स्वभाव और कार्यमें) से दो हेतु (स्वभाव और कार्य) वस्तुकी विधिको बतलाते है । और एक (अनुपलब्धि) प्रतिषेधको बतलाता है ।

स्वभावप्रतिबन्धे हि सत्यर्थोऽर्थं गमयेत् ।

स्वभावप्रतिबन्ध (स्वभावसे एक स्थानमें नियत होना) होने

---

१. पूर्वं छपी पुस्तक मे विराम चिन्ह '-साधनौ' के पश्चात् है । 'प्रतिषेधहेतु' के पश्चात् कोई चिन्ह न देकर उसे अगले वाक्य मे मिला दिया है, जिससे अर्थ बिलकुल गडबडा जाता है ।

पर ही साधन अर्थ साध्य अर्थको बतलाता है। [इस कारणसे यह तीन ही साध्यको सिद्ध कर सकते हैं अन्य नहीं]

तदप्रतिबद्धस्य तदव्यभिचारनियमाभावात् ।

क्योंकि जो जहाँ पर स्वभावसे प्रतिबद्ध नहीं होता उसका अप्रतिबद्धविषयमें अव्यभिचारके नियमका अभाव होता है। [अतएव स्वभावसे अप्रतिबद्धोंमें अव्यभिचारनियम अथवा अविनाभावनियम नहीं बन सकता। गम्यगमकभाव अव्यभिचारनियम से ही होता है। लिङ्ग योग्यतासे दीपकके समान परोक्ष अर्थको प्रकाशित करनेका निमित्त भी नहीं माना जा सकता। विरुद्ध इसके वह अव्यभिचारीपने से ही निश्चय किया जाता है। अतएव स्वभावप्रतिबन्ध होने पर ही अविनाभाव का निश्चय होता है। और गम्यगमकभाव अविनाभावसे ही होता है। अतएव स्वभावप्रतिबन्ध होने पर ही अर्थ अर्थको बतलाता है अन्य प्रकार नहीं बतलाता।]

स च प्रतिबन्धः साध्येऽर्थे लिङ्गस्य वस्तुतस्ता-
दात्म्यात्साध्यार्थादुत्पत्तेश्च ।

स्वभावप्रतिबन्ध साध्य अर्थमें लिंगका होता है। (पराधीन होने से लिङ्ग प्रतिबद्ध होता है। साध्य अर्थ पराधीन न होनेसे प्रतिबन्धका विषय अथवा प्रतिबन्धविषय होता है किन्तु प्रतिबद्ध नहीं होता)। क्योंकि वास्तवमें साध्य और लिङ्गका तादात्म्य है और साध्य अर्थमें लिङ्गकी उत्पत्ति होती है। (अर्थात् तादात्म्य और तदुत्पत्तिसे ही स्वभावप्रतिबन्ध होता है)

अतत्स्वभावस्यातदुत्पत्तेश्च तत्राप्रतिबद्धस्वभावत्वात् ।

क्योंकि जिसका वह स्वभाव न हो तथा जिसकी उससे उत्पत्ति न हो उसमें प्रतिबद्धस्वभावता नहीं होती है।

ते च तादात्म्यतदुत्पत्ती स्वभावकार्ययोरेवेति
ताभ्यामेव वस्तुसिद्धिः ।

तादात्म्य और तदुत्पत्ति स्वभाव और कार्य में ही होती है। अतएव कार्य और स्वभावसे ही वस्तुकी (अथवा विधिकी) सिद्धि होती है।

---

१ प० पुस्तक में 'वस्तुत' यह पाठ है। किन्तु हमारी सम्मति में वह अशुद्ध है।

२ पूर्वपुस्तक में 'इति' के पश्चात विराम दे दिया है।

प्रतिषेधसिद्धिरपि यथोक्ताया एवानुपलब्धेः ।

सति वस्तुनि तस्या असंभवात् ।

प्रतिषेध व्यवहार की सिद्धि भी पूर्वोक्त दृश्यानुपलब्धि से ही होती है।

[क्योंकि प्रतिषेध्य] वस्तुके विद्यमान होनेपर दृश्यानुपलब्धि नहीं हो सकती।

अन्यथा चानुपलब्धिलक्षणप्राप्तेषु देशकालस्वभावविप्रकृष्टेष्वात्मप्रत्यक्षनिवृत्तेरभावनिश्चयाभावात् ।

अनुपलब्धिलक्षणप्राप्त (जिसकी उपलब्धिका कोई कारणविशेष उपस्थित नहीं है) देशकालस्वभावविप्रकृष्ट पदार्थोंका आत्मप्रत्यक्ष न हो सकनेसे उनका अभाव नहीं कह सकते। (देशविप्रकृष्ट–जैसे भारतसे अमेरिका। कालविप्रकृष्ट–जैसे–भूतकालमें रामचन्द्र। स्वभावविप्रकृष्ट–जैसे–मदारीका अपने मुखमें से अग्नि निकालना)

[अदृश्यानुपलब्धि वस्तुके विद्यमान होते हुए भी हो सकती है। जिसप्रकार अन्धेको सब वस्तुएं अदृश्य होनेसे अनुपलब्ध हैं। अतएव प्रतिषेध सिद्धि अदृश्यानुपलब्धिसे न होकर दृश्यानुपलब्धिसे ही होती है।]

अमूढस्मृतिसंस्कारस्यातीतस्य वर्तमानस्य च प्रतिपत्तृप्रत्यक्षस्य निवृत्तिरभावव्यवहारसाधनी ।

तस्या एवाभावनिश्चयात् ।

यह दृश्यानुपलब्धि जानने वालेके पूर्व अनुभूतप्रत्यक्ष (जिस प्रत्यक्ष ज्ञानका उसके द्वारा पहिले अनुभव किया जा चुका है) और वर्तमानकालके प्रत्यक्षकी निवृत्तिके अभावके व्यवहारको बतलाने वाली है।

क्योंकि अतीत और वर्तमानकालीन अनुपलब्धि ही अभावको निश्चय करती है।

सा च प्रयोगभेदादेकादशप्रकारा ।

अनुपलब्धि प्रयोगके भेदसे ग्यारह प्रकारकी होती है—

स्वभावानुपलब्धिर्यथा । नात्र धूमः उपलब्धिलक्षणप्राप्तस्यानुपलब्धेरिति ।

स्वभावानुपलब्धि (प्रतिषेध्यके स्वभावकी अनुपलब्धि)—
जैसे-यहां धूम नहीं है, क्योंकि वह उपलब्धिलक्षणप्राप्त होने पर भी अनुपलब्ध है ॥ १ ॥

कार्यानुपलब्धिर्यथा । नेहाप्रतिबद्धसामर्थ्यानि धूमकारणानि सन्ति धूमाभावात् ।

कार्यानुपलब्धि (प्रतिषेध्यके कार्यकी अनुपलब्धि)—
जैसे-यहां अप्रतिबद्धसामर्थ्यवाले (जिस धूमकी गतिकी सामर्थ्य रुकी न हो) धूमके कारण नहीं है, क्योंकि यहां धूमका अभाव है ॥ २ ॥

व्यापकानुपलब्धिर्यथा । नात्र शिंशपा वृक्षाभावादिति ।

व्यापकानुपलब्धि (प्रतिषेध्यके व्याप्यके व्यापक धर्मकी अनुपलब्धि)—
जैसे-यहां शिंशपा (शीशमका वृक्ष) नहीं है, क्योंकि इस स्थानमें वृक्षका अभाव है ॥ ३ ॥

स्वभावविरुद्धोपलब्धिर्यथा । नात्र शीतस्पर्शोऽग्नेरिति ।

स्वभावविरुद्धोपलब्धि (प्रतिषेध्यके स्वभावसे विरुद्धकी उपलब्धि)—
जैसे-यहां शीतस्पर्श नहीं है, क्योंकि यहां अग्नि है ॥ ४ ॥

विरुद्धकार्योपलब्धिर्यथा । नात्र शीतस्पर्शो धूमादिति ।

विरुद्धकार्योपलब्धि (प्रतिषेध्यसे विरुद्ध कार्य की उपलब्धि)—
जैसे—यहां शीतस्पर्श नहीं है, क्योंकि यहां धुआं है ॥ ५ ॥

विरुद्धव्याप्तोपलब्धिर्यथा । न ध्रुवभावी भूतस्यापि भावस्य विनाशो हेत्वन्तरापेक्षणादिति ।

विरुद्धव्याप्तोपलब्धि (प्रतिषेध्यके विरुद्धसे व्याप्त धर्मान्तर की उपलब्धि)—
जैसे—उत्पन्न हुई वस्तुका भी नाश अवश्यंभावी नहीं है (अनुत्पन्नका तो कैसे कह सकते हैं), क्योंकि वह हेत्वन्तर की अपेक्षा रखती है ॥ ६ ॥

कार्यविरुद्धोपलब्धिर्यथा । नेहाप्रतिबद्धसामर्थ्यानि शीतकारणानि सन्त्यग्नेरिति ।

कार्यविरुद्धोपलब्धि (प्रतिषेध्यके कार्यके विरुद्धकी उपलब्धि)—

जैसे—यहां पर अप्रतिबद्ध सामर्थ्यवाले शीतके कारण नहीं हैं, क्योंकि यहां अग्नि है ॥ ७ ॥

व्यापकविरुद्धोपलब्धिर्यथा । नात्र तुषारस्पर्शोऽग्नेरिति ।

व्यापकविरुद्धोपलब्धि (प्रतिषेध्यके व्यापकसे विरुद्धकी उपलब्धि)—

जैसे—यहां तुषारका स्पर्श नही है, क्योंकि यहां अग्नि है ॥ ८ ॥

कारणानुपलब्धिर्यथा । नात्र धूमोऽग्न्यभावादिति ।

कारणानुपलब्धि (प्रतिषेध्यके कारणकी अनुपलब्धि)—

जैसे—यहां पर धूम नही है, क्योंकि यहां अग्निका अभाव है ॥९॥

कारणविरुद्धोपलब्धिर्यथा । नास्य रोमहर्षादिविशेषाः संनिहितदहनविशेषत्वादिति ।

कारणविरुद्धोपलब्धि (प्रतिषेध्यके कारणके विरुद्धकी उपलब्धि)—

जैसे—इस पुरुषको रोमहर्ष आदि नहीं हो रहे हैं, क्योंकि उसके पास अग्निविशेष है ॥ १० ॥

कारणविरुद्धकार्योपलब्धिर्यथा । न रोमहर्षादिविशेषयुक्तपुरुषवानयं प्रदेशो धूमादिति ।

कारणविरुद्धकार्योपलब्धि (प्रतिषेध्यकारणके विरुद्धके कार्यकी उपलब्धि)—

जैसे—इस प्रदेशमें रोमहर्ष आदिसे युक्त पुरुष नहीं है, क्योंकि यहां धूम है ॥ ११ ॥

इमे सर्वे कार्यानुपलब्ध्यादयो दशानुपलब्धिप्रयोगाः स्वभावानुपलब्धौ संग्रहमुपयान्ति ।

यह सब कार्यानुपलब्धि आदि दश अनुपलब्धिके प्रयोग स्वभावानुपलब्धिमें ही आ जाते है ।

पारंपर्येणार्थान्तरविधिप्रतिषेधाभ्यां प्रयोगभेदेऽपि प्रयोगदर्शनाभ्यासात्स्वयमप्येवं व्यवच्छेदप्रतीतिर्भवतीति स्वार्थेऽप्यनुमानेऽस्याः प्रयोगनिर्देशः ।

[कार्यानुपलब्धि आदिमें यद्यपि [अर्थान्तरसे विधि और प्रतिषेधसे प्रयोगभेद है तथापि परम्परासे] स्वभावानुपलब्धिमें अन्त-

भूत हो जाते हैं। हम लोगोंको इन प्रयोगोंको देखनेके अभ्यासमे स्वयं ही व्यवच्छेद (प्रतिषेध) की प्रतीति होती है। इसी वासते इनका प्रयोग स्वार्थानुमानमें भी किया गया है।

सर्वत्र चास्यामभावव्यवहारसाधन्यामनुपलब्धौ येषां स्वभावविरुद्धादीनामुपलब्ध्या कारणादीनामनुपलब्ध्या च प्रतिषेध उक्तस्तेषामुपलब्धिलक्षणप्राप्तानामेवोपलब्धिरनुपलब्धिश्च वेदितव्या। अन्येषां विरोधकार्यकारणभावासिद्धिः।

इस अभाव और अभावको साधन करने वाली अनुपलब्धिमें जिन स्वभावविरुद्ध आदिकोंकी उपलब्धि और कारणादिकोंकी अनुपलब्धिसे प्रतिषेध कहा गया है उन्ही उपलब्धिलक्षणप्राप्तोंकी उपलब्धि और अनुपलब्धि जाननी चाहिये। क्योंकि दूसरोंके विरोध और कार्यकारणभावकी सिद्धि नहीं हो सकती।

विप्रकृष्टविषयानुपलब्धिः प्रत्यक्षानुमाननिवृत्तिलक्षणा संशयहेतुः प्रमाणनिवृत्तावप्यर्थाभावासिद्धेरिति।

संशयकी कारण विप्रकृष्टविषयानुपलब्धि (अदृश्यानुपलब्धि) प्रत्यक्ष अनुमानकी निवृत्ति (उसमें प्रत्यक्ष और अनुमान दोनोंकी गति नहीं है) लक्षण वाली है। (ज्ञानज्ञेयस्वभाव वाली है)। क्योंकि प्रमाणकी निवृत्ति होनेपर भी अर्थका अभाव असिद्ध ही है।

इति द्वितीयः परिच्छेदः।

तृतीय परिच्छेद ।

त्रिरूपलिङ्गाख्यानं परार्थानुमानम् ।

त्रिरूपलिङ्गका कहना परार्थानुमान है ।

कारणे कार्योपचारात् ।

क्योंकि यहाँ कारणमें कार्यका उपचार किया जाता है ।

(त्रिरूपलिङ्ग के कहने से त्रिरूपलिङ्गकी स्मृति उत्पन्न होती है । स्मृति से अनुमान होता है । अतएव त्रिरूपलिङ्ग का कहना अनुमान का परम्परासे कारण है । उस कारणवचनमें कार्यअनुमान का उपचार (समारोप) किया जाता है ।

सहकारी आदि होनेके कारणमें अतद्भाव (जो उस स्वरूप न हो) में तद्वत् (उसी स्वरूप के समान) के कहने को उपचार कहते हैं ।)

तद्द्विविधं प्रयोगभेदात् ।

परार्थानुमान के प्रयोग के भेद से दो भेद होते हैं—

साधर्म्यवद्वैधर्म्यवच्चेति ।

साधर्म्यवत् और वैधर्म्यवत् ।

नानयोरर्थतः कश्चिद्भेदोऽन्यत्र प्रयोगभेदात् ।

इन दोनोंमें भेद केवल प्रयोगसे ही है अर्थ से कुछ भी नहीं है ।

तत्र साधर्म्यवद्यदुपलब्धिलक्षणप्राप्तं सन्नोपलभ्यते सोऽसद्व्यवहारविषयः सिद्धः ।

उसमें से साधर्म्यवत्—

जो उपलब्धिलक्षणप्राप्त होता हुआ भी उपलब्ध नहीं होता वह असद्व्यवहारका विषय होता है (अर्थात् उसका अभाव होता है) । यह सिद्ध है ।

यथान्यः कश्चिद्दृष्टः शशविषाणादिः[1] ।

जैसे खरहे के सींग आदि कोई अन्य (साध्यधर्मों से) दृष्ट (प्रमाण से निश्चित) है ।

[1] पाटर्सन सस्करण मे 'शशविषाणादि' के पश्चात् विरामचिन्ह न देकर उसे अगले वाक्य मे मिला कर '–विषाणादिर्नो०–' कर दिया है ।

नोपलभ्यते च कचित्प्रदेशविशेष उपलब्धि-
लक्षणप्राप्तो घट इति ।

[दृश्यानुपलम्भके पक्षधर्मत्वको दिखलाते हुए कहते हैं—]

किसी प्रदेशविशेष में उपलब्धिलक्षणप्राप्त घट उपलब्ध नहीं होता।

तथा स्वभावहेतोः प्रयोगः ।

यत्सत्तत्सर्वमनित्यं यथा घटादिरिति ।

तथा स्वभावहेतुका प्रयोग—

जो सत् होता है वह सब अनित्य होता है । जैसे—घट आदि ।

शुद्धस्य स्वभावहेतोः प्रयोगः ।

यदुत्पत्तिमत्तदनित्यमिति ।

शुद्ध स्वभावहेतु का प्रयोग—

जो उत्पत्तिमान् होता है वह अनित्य होता है । (यह अर्थान्तरि-क्तविशेषणवाला प्रयोग है।)

स्वभावभूतधर्मभेदेन स्वभावस्य प्रयोगः ।

यत्कृतकं तदनित्यमित्युपाधिभेदेन ।

स्वभावभूतधर्मके भेद से स्वभाव का प्रयोग—

जो कृतक होता है वह अनित्य होता है ।

इस प्रकार उपाधिके भेदसे [स्वभावहेतु का प्रयोग कहा ।]

अपेक्षितपरव्यापारो हि भावः स्वभावनिष्पत्तौ कृतक इति ।

जो वस्तु अपने स्वभावकी निष्पत्ति (उत्पत्ति) में दूसरी वस्तु के व्यापारकी आवश्यकता रखे उसे कृतक कहते हैं ।

एवं प्रत्ययभेदभेदित्वादयो द्रष्टव्याः ।

उसी प्रकार प्रत्ययभेदभेदित्व प्रयत्नानान्तरीयकत्व आदि भी समझलेने चाहियें ।

(जिसमें प्रत्यय अथवा कारणके भेदसे भेद निकाला जा सके उसे प्रत्ययभेदभेदी कहते हैं। नान्तरीयक व्याप्तको कहते हैं। अर्थात् जो जिसके रहनेपर रहे और न रहने पर न रहे उसे उससे व्याप्त या नान्तरीयक कहते हैं। जैसे सूर्य के होने पर मैदान में प्रकाश अवश्य होता है और उसके न होने पर नहीं होता। जो प्रयत्नसे व्याप्त होता है वह अनित्य होता है। जो प्रत्ययभेदभेदी होता है वह कृतक होता है।

सन्नुत्पत्तिमान्कृतको वा शब्द इति पक्षधर्मोपदर्शनम्[1]।

अथवा शब्द सत् उत्पत्तिमान् और कृतक है। इस प्रकार पक्षधर्म को दिखला दिया।

(धर्मी को पक्ष भी कहते हैं। यहां धर्मीशब्दमें पक्षके धर्म सत्त्व उत्पत्तिमत्त्व और कृतकत्व दिखलाये हैं। उनमें से सत्व वस्तु से बिलकुल अपृथक् होने से शुद्ध विशेषण है। उत्पत्तिमत्व से प्रगट होता है कि वस्तुमें उसके अन्दरही अन्दर कुछ परिवर्तन हुआ है। अतएव यह अव्यतिरिक्तविशेषण है। कृतकत्वसे प्रगट होता है कि करने वाला स्वयं वस्तुसे भिन्न है। अतः यह व्यतिरिक्त विशेषण है।)

(शङ्का) यह स्वभावहेतु सिद्धसम्बन्ध स्वभावके साध्यमें प्रयोग किये जाने चाहियें अथवा असिद्धसम्बन्धके ?

(उत्तर) सिद्धसम्बन्धमें प्रयोग किये जाने चाहियें। (यही दिखलाते हुए कहते हैं)

सर्वे एते साधनधर्मा यथास्वं प्रमाणैः सिद्धसाधनधर्ममात्रानुबन्ध एव साध्यधर्मेऽवगन्तव्याः।

यह स्वभावहेतु (साधनधर्म) निश्चितसाधनधर्ममात्रानुबन्धिसाधनधर्म में ही प्रयोग किये जाने चाहियें। अन्यत्र नहीं।

(गमक होनेसे साधन और पराश्रित होनेसे धर्म कहा जाता है। साधन धर्ममात्रसे अभिप्राय केवल साधनधर्मसे ही है। अनुबन्ध अन्वयव्याप्तिको कहते हैं। जैसे-धूम पावकानुबन्धि (अनुबन्धि-अनुबन्धवाला) है। जो अपने अनुरूप प्रमाणोंसे सिद्ध हो उसको यहां निश्चित कहा है। अतएव स्वभावहेतुका प्रयोग ऐसे निश्चितसाधनधर्ममात्रको अनुबन्ध करने वाले साधनधर्ममें ही किया जाना चाहिये।)

तत्स्वभावत्वात्स्वभावस्य च हेतुत्वात्।

[क्योंकि जो साध्यधर्म साधनधर्ममात्रानुबन्धि है] वह ही उस साधनधर्मका स्वभाव है। और स्वभावही हेतु है।

[यद्यपि साध्यधर्म साधनका स्वभाव होता है, तथा साधन हेतु होता है तथापि साधन प्रतिज्ञार्थैकदेशहेतु नहीं है।]

(धर्म और धर्मी के समुदायको प्रतिज्ञा कहते हैं। एकदेश एक भाग को कहते हैं। यदि प्रतिज्ञा (धर्म और धर्मी) के ही किसी भाग को (धर्म या धर्मी को) हेतु बनाया जावेगा तो वह प्रयोग साध्यको

१ पीटर्सन संस्करण में यहाँ भी विराम न देकर इसके अगले वाक्य में मिला दिया है।

सिद्ध न कर सकनेके कारण से हेतु का एकदोष हो जाताहै। जैसे-'अग्नि उष्ण है; क्योंकि वह उष्ण है' में 'उष्णत्व' हेतु प्रतिज्ञार्थैकदेशहेतु है।)

वस्तुतस्तयोस्तादात्म्यात्तन्निष्पत्तावनिष्पन्नस्य तत्स्वभावत्वाभावाद् व्यभिचारसंभवाच्च।

क्योंकि वास्तवमें साध्य और साधन का तादात्म्य होता है। और जो तन्निष्पत्तीमें अनिष्पन्न है(जो जिसका नियमसे कारण नहीं होता वह तन्निष्पत्ति(उसकी उत्पत्ति) में अनिष्पन्न (उत्पन्न न होने वाला) होता है) वह उस स्वभाववाला नहीं होता और उसमें व्यभिचार भी आता है।

कार्यहेतोरपि प्रयोगः। यत्र धूमस्तत्राग्निर्यथा महानसादावस्ति चेह धूम इति। इहापि सिद्ध एव।

कार्यहेतु का प्रयोग—

जहाँपर धूम होता है वहां अग्नि होती है, जैसे पाकशाला आदिमें। उसी प्रकार यहाँ भी धूम है। इस वासते यहाँ भी अग्नि सिद्ध ही है।

कार्यकारणभावे कारणे साध्ये कार्यहेतुर्वक्तव्यः।

कार्यकारणभाव में कारण के साध्य होनेपर, कार्य को हेतु कहना चाहिये।

वैधर्म्यवतः प्रयोगो यत्सदुपलब्धिलक्षणप्राप्तं तदुपलभ्यत एव। यथा नीलादिविशेषः। न चैवमिहोपलब्धिलक्षणप्राप्तस्य सत उपलब्धिर्घटस्येत्यनुपलब्धिप्रयोगः।

वैधर्म्यवत् का प्रयोग—

जो सत् और उपलब्धिलक्षणप्राप्त होता है वह अवश्य उपलब्ध होता है। जैसे-नील आदि विशेष। उसी प्रकार यहाँ उपलब्धिलक्षणप्राप्त सत् घट की उपलब्धि नहीं है। अतएव यह अनुपलब्धि प्रयोग है।

असत्यनित्यत्वे नास्ति सत्त्वमुत्पत्तिमत्त्वं कृतकत्वं वा।

असंश्च शब्द उत्पत्तिमान्कृतको वेति स्वभावहेतोः प्रयोगः।

[स्वभावहेतुके वैधर्म्यप्रयोगको कहते हैं—]

असत्यग्नौ न भवत्येव धूमोऽत्र चास्तीति कार्यहेतोः प्रयोगः।

अग्निके न होने पर धूमभी नहीं होता, उसीप्रकार यहां है। (अर्थात अग्निके न होनेसे धूम नहीं है)। यह कार्यहेतु का प्रयोग है।

साधर्म्येणापि हि प्रयोगेऽर्थाद्वैधर्म्यगतिरिति । असति तस्मिन्साध्येन[1] हेतोरन्वयाभावात् ।

साधर्म्य (अन्वय) के प्रयोगमें वैधर्म्य (व्यतिरेक) अर्थात् ही आ जाता है। क्योंकि व्यतिरेकके अभावमें हेतुका साध्यसे अन्वय न होसकेगा।

(व्याप्तिके दो भेद हैं। एक अन्वयव्याप्ति, दूसरी व्यतिरेकव्याप्ति। एकके होने पर दूसरे का नियमसे होना अन्वय है। जैसे—धूमके सद्भावमें अग्निका सद्भाव अवश्य होनेके कारण धूमका अग्निके साथ अन्वय है। एकके न होने पर दूसरेका भी नियमसे न होना व्यतिरेक है। जैसे—अग्निके अभावमें धूम का अभाव।

तथा वैधर्म्येणाप्यन्वयगतिः। असति तस्मिन्साध्याभावे[2] हेत्वभावस्यासिद्धेः।

उसीप्रकार वैधर्म्य (व्यतिरेक) से भी अन्वय स्वयं ही आ जाता है। क्योंकि अन्वयके न होनेपर साध्यके अभावमें हेतुका अभाव भी सिद्ध न होगा।

न हि स्वभावप्रतिबन्धे सत्येकस्य निवृत्तावपरस्य नियमेन निवृत्तिः।

स्वभावप्रतिबन्धके होनेपर एककी निवृत्तिमें दूसरेकी निवृत्ति नियमसे नहीं होती।

स च द्विप्रकारः। सर्वस्य तादात्म्यलक्षणस्तदुत्पत्तिलक्षणश्चेत्युक्तम्।

यह स्वभावप्रतिबन्ध (सब प्रतिबद्धका) दो प्रकारका होता है—तादात्म्यलक्षण और तदुत्पत्तिलक्षण।

तेन हि निवृत्तिं कथयता प्रतिबन्धो दर्शनीयः।

[स्वभावप्रतिबन्ध होनेपर निवर्त्यनिवर्तकभावके होनेके कारण से] वह [साध्यकी निवृत्तिमें साधनकी] निवृत्तिको कहनेवाले [निवर्त्यनिवर्तकमें] प्रतिबन्धको देखे।

---

१. पीटर्सन संस्करण में 'साध्ये न' पाठ है। संस्कृत टीका में भी यही कर दिया गया है। किन्तु विचार करने से यह पाठ रखने पर अर्थ उलटा हो जाता है।

२. पीटर्सन संस्करण में [illegible] पाठ है। संस्कृत टीका में भी यही कर दिया गया है। किन्तु विचार करने से यह पाठ रखने पर अर्थ उलटा हो जाता है।

तस्मान्निवृत्तिवचनमाक्षिप्तप्रतिबन्धोपदर्शनमेव भवति ।

[साधनके साध्यमें प्रतिबद्ध होनेसे साध्यकी निवृत्ति होनेपर साधनकी निवृत्ति भी हो जाती है] अतएव [साध्यकी निवृत्तिमें साधनकी] निवृत्तिका कहना उस प्रतिबन्धका दिखलाना ही हो जाता है ।

यच्च प्रतिबन्धोपदर्शनं तदेवान्वयवचनमित्येकेनापि वाक्येनान्वयमुखेन व्यतिरेकमुखेन वा प्रयुक्तेन सपक्षासपक्षयोर्लिङ्गस्य सदसत्त्वख्यापनं कृतं भवतीति नावश्यवाक्यद्वयप्रयोगः ।

और वह प्रतिबन्धोपदर्शन ही (प्रतिबन्ध का दिखलाना ही) अन्वयवचन है । इस प्रकार प्रयोग किये हुए एक ही अन्वयमुख अथवा व्यतिरेकमुख वाक्यसे सपक्षमें लिङ्गका सत्त्व अथवा असत्त्व कहा जाता है, इस प्रकार दो वाक्योंके प्रयोगकी कोई आवश्यकता नहीं रहती ।

अनुपलब्धावपि यत्सदुपलब्धिलक्षणप्राप्तं तदुपलभ्यत एवेत्युक्तेऽनुपलभ्यमानं तादृशमसदिति प्रतीतेरन्वयसिद्धिः ।

अनुपलब्धिमें भी 'जो उपलब्धिलक्षणप्राप्त है वह उपलब्ध होता ही है' ऐसा कहने पर उसी प्रकारका 'अनुपलभ्यमान (न मिलनेवाला) पदार्थ असत् है' ऐसी प्रतीति हो जानेसे अन्वयकी सिद्धि हो जाती है ।

द्वयोरप्यनयोः प्रयोगेऽवश्यं पक्षनिर्देशः ।

इन दोनों प्रयोगोंमें पक्षका निर्देश (कहना) अवश्य होना चाहिये ।

यस्मात्साधर्म्यवत्प्रयोगेऽपि यदुपलब्धिलक्षणप्राप्तं सन्नोपलभ्यते सोऽसद्व्यवहारविषयः ।

क्योंकि साधर्म्यवत् प्रयोगमें भी जो उपलब्धिलक्षणप्राप्त होता हुआ भी उपलब्ध नहीं होता वह असत् व्यवहारका विषय है ।

नोपलभ्यते चात्रोपलब्धिलक्षणप्राप्तो घट इत्युक्ते सामर्थ्यादेव नेह घट इति भवति ।

'यहां उपलब्धिलक्षणप्राप्त घट नहीं है' ऐसा कहनेपर 'यहां घट नहीं है' यह सामर्थ्यसे ही आ जाता है ।

तथा वैधर्म्यवत्प्रयोगेऽपि 'यः सद्व्यवहारविषय उपलब्धि-लक्षणप्राप्तः स उपलभ्यत एव, न तथात्र तादृशो घट उपलभ्यत' इत्युक्ते सामर्थ्यादेव नेह सद्व्यवहारविषय इति भवति ।

उसीप्रकार वैधर्म्यवत् प्रयोगमें भी 'जो सद्व्यवहारका विषय और उपलब्धिलक्षणप्राप्त है वह उपलब्ध होता ही है इसीप्रकार यहां वैसा घट उपलब्ध नहीं है' यह कहनेपर सामर्थ्यसे ही 'यहां पर घट सद्व्यवहारका विषय नहीं है' यह हो जाता है ।

कीदृशः पुनः पक्ष इति निर्दिश्यः ।

'अब पक्ष कैसा होना है' यह कहा जाता है ।

स्वरूपेणैव स्वयमिष्टो ऽनिराकृतः[1] पक्ष इति ।

जो स्वरूपसे ही स्वयं इष्ट और अनिराकृत हो उसे पक्ष कहते हैं ।

स्वरूपेणेति साध्यत्वेनेष्टः । स्वरूपेणैवेति साध्यत्वेनेष्टो न साधनत्वेनापि ।

यथा शब्दस्यानित्यत्वे साध्ये चाक्षुषत्वं हेतुः ।

'स्वरूपसे इष्ट' शब्दसे पक्षको साध्य बतलाया है । स्वरूपसे ही साध्यरूपसे ही माना गया है साधनरूपसे भी नहीं माना गया ।

जैसे—शब्दकी अनित्यताको साध्य करनेमें चाक्षुषत्व (नेत्रसे उत्पन्न होना) हेतु देना ।

शब्देऽसिद्धत्वात्साध्यं न पुनस्तदिह साध्यत्वेनैवेष्टं साधनत्वेनाप्यभिधानात् ।

वह शब्दमें असिद्धहोनेसे साध्य है । उसको यहां केवल साध्य ही नहीं माना है । क्योंकि उसे साधन भी कहा है ।

'स्वयं इस पदका समर्थन—

स्वयमिति वादिना यस्तदा साधनमाह । एतेन यद्यपि क्वचिच्छास्त्रे स्थितः साधनमाह[2] । तच्छास्त्रकारेण तस्मिन्धर्मिण्यनेकधर्माभ्युपगमेऽपि यस्तदा तेन वादिना धर्मः स्वयं साधयितुमिष्टः स एव साध्यो नेतर इत्युक्तं भवति ।

---

[1] पीटर्सन संस्करण का 'निराकृत' पाठ अशुद्ध है ।

[2] पीटर्सन संस्करण का 'स्थितसाधनमाह' पाठ हमारी सम्मति में अशुद्ध है ।

जो स्वयं वादीसे माना गया हो [पक्ष वही होगा]। जो वादके समयमें साधनको कहे उसे वादी कहते हैं, इससे यद्यपि वादी किसी शास्त्रमें स्थिर रहकर साधनको कहता है [तथापि] उस शास्त्र-कारके उसधर्मोंमें माने हुए अनेक धर्मोंमें से भी वादी जिस धर्मको साधना चाहे वही साध्य होता है, अन्य नहीं।

'इष्ट' पदकी सार्थकता—

इष्ट इति यत्रार्थे विवादेन साधनमुपन्यस्तं तस्य सिद्धिमि-च्छता सोऽनुक्तोऽपि वचनेन साध्यस्तदधिकरणत्वाद्विवादस्य।

वादीने विवादके द्वारा सिद्ध करनेकी इच्छा रखते हुए जिस अर्थमें साधन दिया है वह अर्थ वचनसे न कहा जानेपर भी साध्य है, क्योंकि विवादका अधिकरण वही है।

यथा परार्थाश्चक्षुरादयः[1] संघातत्वाच्छयनासनाद्यङ्गवदिति। अत्रात्मार्था इत्यनुक्तावप्यात्मार्थतानेनोक्तमात्रमेव साध्यमित्युक्तं भवति।

जैसे—चक्षु आदि पदार्थ (दूसरेके वास्ते) हैं। क्योंकि वह शयन, आसन आदि अङ्गोंके समान संघातरूप है। यहां पर 'आत्मार्थ (आत्माके वास्ते)' यह न कहे जानेपर भी तात्पर्यसे निकलने वाली आत्मार्थता ही साध्य है, ऐसा कहा जाता है।

'अनिराकृत' इस पदका समर्थन—

अनिराकृत इति। एतल्लक्षणयोगेऽपि यः साधयितुमिष्टो ऽप्यर्थः प्रत्यक्षानुमानप्रतीतिस्ववचनैर्निराक्रियते न स पक्ष इति प्रदर्शनार्थम्।

जिस अर्थको सिद्ध करना चाहते हैं उसमें उपरोक्त सब लक्षणोंके होनेपर भी यदि वह प्रत्यक्ष, अनुमान, प्रतीति और स्ववचनसे निरा-कृत (निराकरणकिया हुआ) हो तो वह पक्ष नहीं हो सकता। [अनिराकृत पद] यह दिखलानेके लिये दिया गया है।

तत्र प्रत्यक्षनिराकृतो यथा—अश्रावणः शब्द इति।

प्रत्यक्षनिराकृत (जिसका प्रत्यक्ष प्रमाणसे निराकरण किया जावे)— जैसे—शब्द कर्ण इन्द्रियका विषय नहीं है।

---

१ पीटर्सन संस्करण में यहां विराम चिन्ह नहीं है।

अनुमाननिराकृतो यथा–नित्यः शब्द इति ।

अनुमाननिराकृत—

जैसे—शब्द नित्य है ।

प्रतीतिनिराकृतो यथा–अचन्द्रः शशीति ।

प्रतीतिनिराकृत—

जैसे शशी चन्द्रशब्दका वाच्य नहीं है ।

स्ववचननिराकृतो यथा–नानुमानं प्रमाणम् ।

स्ववचननिराकृत—

जैसे—अनुमान प्रमाण नहीं है ।

एतदेव तु यद्यसत्यार्थमन्यान्यमसत्यार्थानि न दर्शितानि भवन्ति ।

यदि इसीको असत्यार्थ कहें तो अन्य वचन असत्यार्थ नही कहे जा सकते ।

इति चत्वारः पक्षाभासा निराकृता भवन्ति ।

इस प्रकार चारों पक्षाभास निराकरण किये जाते हैं ।

सिद्धस्यासिद्धस्यापि साधनत्वेनाभिमतस्य स्वयं वादिना तदा साधयितुमनिष्टस्योक्तमात्रस्य निराकृतस्य च विपर्ययेण साध्यस्तेनैव स्वरूपेणाभिमतो वादिन इष्टोऽनिराकृतः पक्ष इति पक्षलक्षणमनवद्यं दर्शितं भवति ।

जो पदार्थ सिद्ध (विपरीतहेतुसे सिद्ध किया हुआ भी साध्य हो सकता है) अथवा असिद्ध भी साधनरूपसे माना गया हो, तथा स्वयं वादीको अनिष्ट न हो और उपरोक्त प्रत्यक्ष आदि निराकृतोंसे विपरीत हो तथा वादीके द्वारा साध्य माना गया हो, तथा जो इष्ट और अनिराकृत हो वह पक्ष होता है । यह पक्षका निर्दोष लक्षण है ।

त्रिरूपलिङ्गाख्यानं परार्थानुमानमित्युक्तम् ।

इस प्रकार त्रिरूपलिङ्गका अभिधान रूप परार्थानुमान कहा गया ।

तत्र त्रयाणां रूपाणामेकस्यापि रूपस्यानुक्तौ साधनाभास । उक्तावप्यसिद्धौ संदेहे वा ।

---

१ पीटर्सन सस्करण का 'निराकृत' पाठ अशुद्ध है ।

२ पी० स० मे यहाँ विराम न होने से हेत्वाभास सामान्य और असिद्ध हेत्वाभास का लक्षण निकालने में बडी कठिनता पडती है ।

तीनो रूपोंमेंसे एकके भी न कहनेसे साधनाभास या हेत्वाभास हो जाता है। [अथवा तीनों रूपोंके] कहे जानेपर भी हेतुके असिद्ध होने या उसमें संदेह होनेसे ही हेत्वाभास हो जाता है।

प्रतिपाद्यप्रतिपादकयोरेकस्य रूपस्य धर्मिसम्बन्धस्यासिद्धौ संदेहे चासिद्धो हेत्वाभासः।

प्रतिपाद्य और प्रतिपादकमेंसे धर्मीसम्बन्धी एकरूप (पक्षधर्मत्व) के सिद्ध न होनेपर अथवा उसमें संदेह होनेपर असिद्ध-हेत्वाभास होता है।

यथा अनित्यः शब्द इति साध्ये चाक्षुषत्वमुभयासिद्धम्।

जैसे—'शब्द अनित्य है, क्योंकि वह चाक्षुष (चक्षुका विषय) है' में चाक्षुषत्व हेतु उभयासिद्ध है। (जो वादी और प्रतिवादी दोनो के लिये असिद्ध हो उसे उभयासिद्ध कहते हैं)।

चेतनास्तरव इति साध्ये सर्वत्वगपहरणे मरणं प्रतिवाद्यसिद्धं विज्ञानेन्द्रियायुर्निरोधलक्षणस्य मरणस्यानेनाभ्युपगमात्तस्य च तरुष्वसम्भवात्।

'वृक्ष सजीव होते हैं, क्योंकि वह सब छालके उतर जाने पर मर जाते हैं (सूख जाते हैं)। इसमें वृक्षका सब छालके उतर जाने पर मरजाना प्रतिवादी (बौद्ध) को असिद्ध है। [अतः यह प्रतिवाद्यसिद्ध हेत्वाभास है।] क्योंकि बौद्धदर्शन विज्ञान, इन्द्रिय और आयुके निरोध होनेको ही मरण मानता है, जिसका होना वृक्षोंमें असम्भव है।

अचेतनाः सुखादय इति साध्य उत्पत्तिमत्त्वमनित्यं वा सांख्यस्य स्वयं वादिनोऽसिद्धम्।

'सुख आदि अचेतन है, क्योंकि वह उत्पत्तिमान् अथवा अनित्य है' इसमें उत्पत्तिमत्व अथवा अनित्यत्व स्वयं वादी अर्थात् सांख्यको ही असिद्ध है। [अतः यह हेतु वाद्यसिद्ध है।]

तथा स्वयं तदाश्रयणस्य वा संदेहेऽसिद्धः।

तथा स्वयं उस साध्यधर्मीके संदिग्ध होनेसे हेतु संदिग्धासिद्ध भी है।

[अपने आप संदेह किये हुएका उदाहरण—]

यथा वाष्पादिभावेन संदिह्यमानो भूतसंघातोऽग्निसिद्धावुपदिश्यमानः संदिग्धासिद्धः।

जैसे—वाष्प आदि भावसे सन्देह किया हुआ पृथ्वी आदिका समूह अग्निकी सिद्धिके लिये ग्रहण किये जानेपर संदिग्धासिद्ध है। (कहीं दूरपर धूल आदिको उड़ती हुई देखकर उसको धूम समझकर उससे अग्निको सिद्ध करने लगनेसे अभिप्राय है।)

[आश्रयासिद्धका उदाहरण] —

यथेह निकुञ्जे मयूरः केकायितादिति।
तदापातदेशविभ्रमे।

जैसे—इस निकुञ्जमें मोर है। क्योंकि इधरसे ही मोरका शब्द आ रहा है। उस शब्दके आनेके स्थानमें विभ्रम हो सकनेमें यह *आश्रयणासिद्ध* है।

धर्म्यसिद्धावप्यसिद्धो यथा सर्वगत आत्मेति साध्ये सर्वत्रोपलभमानगुणत्वम्।

धर्मीके सिद्ध होनेपर भी असिद्ध—

जैसे—'आत्मा सर्वगत (सर्वत्रव्याप्त) है' इस साध्यमें सर्वत्र उपलब्धहोनेका गुण असिद्ध है।

तथैकस्य रूपस्यासपक्षेऽसत्त्वस्या[1]सिद्धावनैकान्तिको हेत्वाभासः।

तथा एकरूप (असपक्षमें असत्त्व) की असिद्धिमें अनैकान्तिक हेत्वाभास होता है।

यथा शब्दस्यानित्यत्वादिके धर्मे साध्ये प्रमेयत्वादिको धर्मः सपक्षविपक्षयोः।

जैसे—शब्दके अनित्यत्व आदि धर्मके साध्यमें प्रमेयत्व आदि धर्म सपक्ष और विपक्ष दोनोंमें रहते हैं।

सर्वत्रैकदेशे वा वर्तमानस्तथास्यैव रूपस्य संदेहेऽप्यनैकान्तिक एव।

अथवा सर्वत्र या एकदेशमें रहने वाले इसी रूप (असपक्षमें असत्त्व) के संदेहमें भी अनैकान्तिक ही है।

---

१ पी० म० का 'सत्वस्य' पाठ अशुद्ध है।

यथाऽसर्वज्ञः कश्चिद्विवक्षितः पुरुषो रागादिमान्वेति साध्ये वक्तृत्वादिको धर्मः संदिग्धविपक्षव्यावृत्तिकः। सर्वत्रैकदेशे वा सर्वज्ञो वक्ता नोपलभ्यते इति।

जैसे—'कोई विवक्षित पुरुष सर्वज्ञ अथवा रागादिमान् है' इस साध्यमें वक्तृत्व आदिधर्म संदिग्धविपक्षव्यावृत्तिवाले हैं। [क्योंकि] सर्वज्ञवक्ता सर्वत्र अथवा एकदेशमें कहीं भी उपलब्ध नहीं है।

एवं प्रकारस्यानुपलम्भस्यादृश्यात्मविषयत्वेन संदेह हेतुत्वात्।

क्योंकि अदृश्यात्मविषय वाला (जिसका विषय अदृश्यात्मा है) अनुपलम्भ संदेहमें कारण है।

असर्वज्ञविपर्ययाद्वक्तृत्वादेर्व्यावृत्तिः संदिग्धा। वक्तृत्वसर्वज्ञत्वयोर्विरोधाभावाच्च।

असर्वज्ञका विपर्यय होनेसे वक्तृत्व आदिकी व्यावृत्ति संदिग्ध है [निश्चय नहीं है।] क्योंकि सर्वज्ञत्व और वक्तृत्वमें विरोधाभाव भी है।

[व्याभिमान व्यतिरेकको बतलाते हैं—]

यः सर्वज्ञः स वक्ता न भवतीत्यदर्शनेऽपि व्यतिरेको न सिध्यति, सन्देहात्[1]।

जो सर्वज्ञ होता है वह वक्ता नहीं होता। इस प्रकार सर्वज्ञवक्ता के न देखे जाने पर भी व्यतिरेक सिद्ध नहीं होता। क्योंकि उसमें सन्देह है।

द्विविधो हि पदार्थानां विरोधः।

पदार्थोंका विरोध दो ही प्रकारका होता है। [जिनमेंसे प्रथम विरोध दिखलाया जाता है —]

अविकलकारणस्य भवतोऽन्यभावः।

अविकल (सम्पूर्ण) कारणवाले (जिसके सब कारण उपस्थित हों) विद्यमान पदार्थका अन्यभाव होना (विद्यमानसे अन्यभाव अर्थात् अभाव होना।)

अभावाद्विरोधगतिः।

---

१ पी० म० में 'सदेहात' के पश्चात विरामचिन्ह न देकर उसकी अगले वाक्य मे सन्धि करदी है, जिससे उसका अर्थ कुछ नहीं बनता।

अभावसे ही विरोध चल सकता है।

शीतोष्णस्पर्शवत्।

जैसे—शीतस्पर्श और उष्णस्पर्श का विरोध है।

अब दूसरे विरोधको दिखलाते हैं—

परस्परपरिहारस्थितलक्षणतया वा भाववत्।

परस्परपरिहारस्थितलक्षणतासे भावके समान विरोध है। (जो एक दूसरेका परिहार करके अथवा उसका अभाव करके स्थित हों वह वस्तुएं परस्परपरिहारस्थितलक्षण वाली है। जैसे-भाव और अभाव।)

स च द्विविधोऽपि विरोधो वक्तृत्वसर्वज्ञत्वयोर्न सम्भवति।

वह दोनो ही प्रकारका विरोध वक्तृत्व और सर्वज्ञत्वमें संभव नही है।

न चाविरुद्धविधेरनुपलब्धावप्यभावगतिः। रागादीनां वचनादेश्च कार्यकारणभावासिद्धेः।

अविरुद्धविधिकी अनुपलब्धिमें भी अभाव नही हो सकता। क्योंकि राग आदिकी और वचन आदिका कार्यकारणभाव असिद्ध है।

अर्थान्तरस्य वा कारणस्य निवृत्तौ न वचनादेर्निवृत्तिरिति संदिग्धव्यतिरेकोऽनैकान्तिको वचनादिः।

अथवा अर्थान्तरकारणकी निवृत्तिमें (सहचारिके दर्शनमात्रसे) वचन आदि की निवृत्ति नहीं होती। अतएव सर्वज्ञमें वचन आदि संदिग्धव्यतिरेक अनैकान्तिक है।

द्वयो रूपयोर्विपर्ययसिद्धौ विरुद्धः।

दो रूपोंके विरुद्ध सिद्ध हो जानेपर विरुद्ध हेत्वाभास होता है।

कयोर्द्वयोः? सपक्षे सत्त्वस्यासपक्षे चासत्त्वस्य। यथा-

कृतकत्वं प्रयत्नानन्तरीयकत्वं च नित्यत्वे साध्ये

विरुद्धौ हेत्वाभासः।

किन दो के? सपक्षमें सत्त्व और असपक्षमें असत्त्व के।

जैसे—नित्यत्वके सिद्ध करनेमें कृतकत्व और प्रयत्नानान्तरीयकत्व विरुद्ध हेत्वाभास हैं।

([illegible] सपक्षे पाठ ठीक नहीं है।

अनयोः सपक्षेऽसत्त्वमसपक्षे च सत्त्वमिति विपर्ययसिद्धिः ।

इन दोनोंके सपक्षमें न रहने और असपक्षमें रहनेसे विपर्ययकी सिद्धि होती है ।

एतौ च साध्यविपर्ययसाधनाद्विरुद्धौ ।

यह दोनों साध्य (नित्यत्व) के विपरीत (अनित्यत्व) का साधन करनेसे विरुद्ध हैं ।

तत्र च तृतीयोऽपीष्टविघातकृद्विरुद्धः ।

एक तीसरा इष्टविघातकृत् विरुद्ध भी है ।

यथा परार्थाश्चक्षुरादयः संघातत्वाच्छयना-
शनाद्यङ्गवदिति ।

जैसे—चक्षु आदि परार्थ है । क्योंकि वह शयन, आसन आदि पुरुषके उपभोगके अंगोंके समान संघात (परमाणुसंचितिरूप) हैं।

तदिष्टासंहतपारार्थ्यविपर्ययसाधनाद्विरुद्धः ।

वह [वादी सांख्यके] इष्ट असंहत (विषय) की परार्थताके विपरीत को साधन करनेसे विरुद्ध है ।

स इह कस्मान्नोक्तः ?

वह यहां क्यों नहीं कहा गया ?

अनयोरेवान्तर्भावात् ।

क्योंकि उसका इन दोनोंमें ही अन्तर्भाव हो जाता है ।

न ह्यपमाभ्यां साध्यविपर्ययसाधनत्वेन भिद्यते ।

क्योंकि यह इष्टविघातकृत् इन दोनो हेतुओंसे साध्यविपर्ययसाधनताकी अपेक्षा भिन्न नहीं है ।

न हीष्टोक्तयोः साध्यत्वेन कश्चिद्विशेषः इति द्वयो रूपयोरेकस्यासिद्धावपरस्य च संदेहेऽनैकान्तिकः ।

क्योंकि इष्ट और उक्तमें [एक दूसरेका साध्य होनेसे] कोई विशेष नहीं है । अतएव दो रूपोंमेंसे एकके असिद्ध होने तथा दूसरेके संदिग्ध होनेसे अनैकान्तिकता आती है ।

यथा वीतरागः कश्चित्सर्वज्ञो वा वक्तृत्वादिति ।

व्यतिरेकोऽत्रासिद्धः । संदिग्धोऽन्वयः ।

जैसे—कोई वीतराग अथवा सर्वज्ञ है, क्योंकि वह वक्ता है। यहाँ पर व्यतिरेक असिद्ध और अन्वय संदिग्ध है।

सर्वज्ञवीतरागयोर्विप्रकर्षाद्वचनादेस्तत्र सत्त्वमसत्त्वं वा संदिग्धमनयोरेव द्वयो रूपयोः संदेहेऽनैकान्तिकः।

सर्वज्ञ और वीतरागके विप्रकर्ष (दूर) होनेसे वहां वचन आदिका होना या न होना संदिग्ध है। अतएव इन दोनों रूपोंमें संदेह होनेसे वक्तृत्व हेतु अनैकान्तिक है।

सात्मकं जीवच्छरीरं प्राणादिमत्त्वादिति।

जैसे—जीवित शरीर आत्मासहित है, क्योंकि उसमें प्राण आदि हैं।

न हि सात्मकनिरात्मकाभ्यामन्यो राशिरस्ति। यत्र प्राणादिर्वर्तेत।

सात्मक और निरात्मकसे भिन्न ऐसी कोई राशि नहीं है जहां प्राण आदि हों।

आत्मनो वृत्तिव्यवच्छेदाभ्यां सर्वसंग्रहात्।

आत्माके सद्भाव और अभावसे सबका संग्रह करनेसे [अन्य-राशिका अभाव है।]

नाप्यनयोरेकत्र वृत्तिनिश्चयः।

इन दोनों [सात्मक और निरात्मक] में एक स्थानमें सद्भावका निश्चय नही है।

सात्मकत्वेन निरात्मकत्वेन वा प्रसिद्धे प्राणादेरसिद्धिः।

क्योंकि सात्मक अथवा निरात्मक रूपसे प्रसिद्ध होनेसे प्राण आदिकी असिद्धि हो जायेगी।

तस्माज्जीवच्छरीरसम्बन्धी प्राणादिः।

अतएव प्राण आदि जीवितशरीर सम्बन्धी हैं।

सात्मकादनात्मकाच्च सर्वस्माद्व्यावृत्तत्वेनासिद्धेः।

क्योंकि सात्मक और निरात्मक सबसे व्यावृत्त होनेसे असिद्ध है।

ताभ्यां न व्यतिरिच्यते न तत्रान्वेति।

उसका न तो उन दोनोंसे व्यतिरेक और न अन्वय ही है। क्योंकि वह (दोनो) एक आत्मामें भी सिद्ध नही हो सकते।

एकात्मन्यप्यसिद्धेः ।

नापि सात्मकान्निरात्मकाच्च तस्यान्वयव्यतिरे-

कयोरभावनिश्चयः ।

सात्मक और निरात्मकसे भी उसके अन्वय और व्यतिरेकके अभावका निश्चय नहीं होता ।

एकाभावनिश्चयस्यापराभावनान्तरीयकत्वात् ।

क्योंकि एक के अभावका निश्चय दूसरेके अभावके निश्चय का अव्यभिचारी होता है ।

अन्वयव्यतिरेकयोरन्योन्यव्यवच्छेदरूपत्वात् ।

क्योंकि अन्वय और व्यतिरेक अन्योन्यव्यवच्छेद रूप हैं ।

अत एवान्वयव्यतिरेकयोः सन्देहादनैकान्तिकः ।

अतएव अन्वय और व्यतिरेकमें सन्देह होनेसे अनैकान्तिक है ।

साध्येतरयोरतो निश्चयाभावात् ।

क्योंकि इससे साध्य और उसके विरोधीके निश्चयका अभाव है ।

एवं त्रयाणां रूपाणामेकैकस्य द्वयोर्द्वयोर्वा रूपयोरसिद्धौ संदेहे च यथायोगमसिद्धविरुद्धानैकान्तिकास्त्रयो हेत्वाभासाः ।

इसप्रकार तीनों रूपोंमें से एक २ अथवा दो २ रूपों के असिद्ध अथवा सन्दिग्ध होने पर यथायोग असिद्ध विरुद्ध और अनैकान्तिक ये तीन हेत्वाभास होते हैं ।

विरुद्धाव्यभिचार्यपि संशयहेतुरुक्तः । स इह कस्मान्नोक्तः ?

(शंका) विरुद्धाव्यभिचारी भी संशयका कारण कहा गया है । उसको यह क्यों नहीं कहा ?

(जो हेत्वन्तरसे सिद्ध किये हुए के विरुद्ध होता है वह व्यभिचारको प्राप्त नहीं होता । वही विरुद्धाव्यभिचारी है । अथवा जो विरुद्ध होते हुए अन्य साधनसे सिद्ध किये हुए धर्मके विरुद्ध साधन करनेसे व्यभिचारी हो वह अपने साध्यसे व्यभिचरित न होनेसे विरुद्धाव्यभिचारी होता है । जैसे हेत्वन्तर धूमसे सिद्ध किये हुए अग्नि युक्त पर्वत के जल युक्त तालाब विरुद्ध है। अतएव तालाब पर्वत में व्यभिचरित नहीं हो सकता । अथवा जो विरुद्ध होते हुए अन्य साधन धूम से सिद्ध किये हुए धर्म अग्नि के विरुद्ध जल को सिद्ध न करनेसे

उसमें अव्यभिचारी हो वह अपने साध्यसे व्यभिचरित न होनेसे विरु-द्धाव्यभिचारी है।)

अनुमानविषयेऽसंभवात् ।

(उत्तर) अनुमान के विषय (त्रैरूप्य) में असम्भव होनेसे उस-का कथन यहाँ नहीं किया गया।

न हि संभवोऽस्ति कार्यस्वभावयोरुक्तलक्षणयोरनुपल-म्भस्य च विरुद्धतायाः। न चान्योऽव्यभिचारी ।

क्योंकि उक्त लक्षण (त्रैरूप्य) वाले कार्य, स्वभाव और अनुपलम्भ की विरुद्धता सम्भव नहीं है। और [उनसे भिन्न] अन्य कोई अव्य-भिचारी भी नहीं है, [अतएव उन्हींमें हेतुता है।]

[तब आचार्य दिङ्नागने इस हेतुदोषको किस स्थल पर कहा है ? इसके लिये कहते हैं—]

तस्मादवस्तुदर्शनबलप्रवृत्तमागमाश्रयमनुमानमाश्रित्य तदर्थवि-चारेषु विरुद्धाव्यभिचारी साधनदोष उक्तः ।

अवस्तु के दर्शन के बलसे प्रवृत्त हुए आगमाश्रय अनुमानका आ-श्रय लेकर उसके अर्थके विचारोंमें विरुद्धाव्यभिचारी साधन दोष कहा है।

शास्त्रकाराणामर्थेषु भ्रान्त्या विपरीतस्य स्वभावोपसंहारसंभवात् ।

क्योंकि अर्थमें भ्रान्ति हो जानेसे शास्त्रकारोंका विपरीतको स्व-भाव कह देना सम्भव है।

न ह्यस्य सम्भवो यथावस्थितवस्तुस्थितिष्वात्मकार्येषूपलम्भेषु ।

यह यथावस्थितवस्तुकी स्थिति और आत्मकार्योंके उपलम्भ में सम्भव नहीं है।

तत्रोदाहरणं यत्सर्वदेशावस्थितैः स्वसम्बन्धिभिः सम्बध्यते तत्सर्वगतं यथाकाशमभिसंबध्यते सर्वदेशावस्थितैः स्वसम्बन्धि-भिर्युगपत्सामान्यमिति ।

इसका उदाहरण—जो सर्वदेशावस्थित (सब स्थानों में रहने वाले) अपने सम्बन्धियों से सम्बन्धित होता है वह सर्वगत है। जैसे—आकाश सर्वदेशावस्थित स्वसम्बन्धियों से एक साथ सामान्य ही सम्बन्धित होता है।

तत्संबन्धिस्वभावमात्रानुबन्धिनी तद्देशसंनिहितस्वभावता ।

तद्देशसंनिहितस्वभावता तत्सम्बन्धिस्वभावमात्रको कारण करने वाली है ।

न हि यो यत्र नास्ति स तद्देशमात्मना व्याप्नो-
तीति स्वभावहेतुप्रयोगः ।

'जो जहाँ पर नही है वह उस प्रदेशको अपने द्वारा व्याप्त भी नहीं करता' यह स्वभावहेतु का प्रयोग है ।

द्वितीयोऽपि प्रयोगो यदुपलब्धिलक्षणप्राप्तं सन्नोपलभ्यते न
तत्तत्रास्ति । तद्यथा· क्वचिदविद्यमानो घटः ।

दूसरा प्रयोग—जो उपलब्धि लक्षण प्राप्त होता हुआ भी उपलब्ध नही होता वह वहां पर नही है । जैसे—कहीं अविद्यमान घट ।

नोपलभ्यते चोपलब्धिलक्षणप्राप्तं सामान्यं व्यक्त्यन्तरालेष्विति ।

व्यक्तियों के अन्तराल में उपलब्धिलक्षण प्राप्त सामान्य उपलब्ध नहीं होता ।

अयमनुपलम्भप्रयोगः स्वभावश्च परस्परविरुद्धार्थ-
साधनादेकत्र संशयं जनयतः ।

यह अनुपलम्भप्रयोग और स्वभाव परस्पर विरुद्ध अर्थको साधन करने से एक स्थान में संशय को उत्पन्न करते हैं ।

त्रिरूपो हेतुरुक्तः ।

इस प्रकार त्रिरूप हेतु कह दिया ।

तावतैवार्थप्रतीतिर्न[1] पृथग्दृष्टान्तो नाम साधनावयवः कश्चित् ।
तेन नास्य लक्षणं पृथगुच्यते.
गतार्थत्वात् ।

उतनेसे ही अर्थकी प्रतीति हो जानेसे दृष्टान्त नामवाला कोई पृथक् अवयव साधन में नही है । इस वासते उसका लक्षण प्रथक् नही कहा [क्योंकि उतने से ही] अर्थ विदित हो जाता है ।

हेतोः सपक्ष एव सत्त्वमसपक्षाच्च सर्वतो व्यावृत्ती रूपमुक्त-

---

१ पी० स० में 'न' नही है । डाक्टर सतीशचन्द्र विद्याभूषण के लेखसे विदित होता है कि न्यायबिन्दु के तिब्बती भाषा के अनुवाद में 'न' है । हमारी सम्मति मे भी यहाँ इसका होना आवश्यक है ।

अभेदेन पुनर्विशेषेण कार्यस्वभावयोर्जन्मत-
न्मात्रानुबन्धौ दर्शनीयावुक्तौ ।

क्योंकि हेतु का सपक्ष में ही रहना और सब विपक्षोंका उससे शून्य रहना के दोनो रूप कह दिये । विशेष अभेदसे कार्य जन्म [ज्ञातव्य] और स्वभाव का तन्मात्रानुबन्ध दर्शनीय कह दिया ।

तच्च दर्शयता यत्र धूमस्तत्राग्निरसत्यग्नौ न क्वचि-
द्धूमो यथा महानसेतरयोः ।

उसको दिखलाते हुए 'जहाँ धूम होता है वहाँ अग्नि होती है। अग्नि के अभाव में धूम भी नहीं होता । जैसे पाकशाला और तालाब में ।'

यत्र कृतकत्वं तत्रानित्यत्वमनित्यत्वाभावे कृतकत्वासंभवो
यथा घटाकाशयोरिति दर्शनीयम् ।

जहाँ कृतकत्व होता है वहाँ अनित्यत्व होता है । अनित्यत्व के अभाव में कृतकत्व असम्भव है । जैसे घट और आकाश में । यह सब देखना चाहिए ।

न ह्यन्यथा सपक्षविपक्षयोः सदसत्त्वे यथोक्त-
प्रकारे शक्ये दर्शयितुम् ।
तत्कार्यतानियमः कार्यलिङ्गस्य स्वभावलिङ्गस्य
च स्वभावेन व्याप्तिः ।

क्योंकि अन्यथा यथोक्तप्रकार के सपक्ष और विपक्षमे सत्व और असत्व और कार्य लिङ्ग का तत्कार्यतानियम और स्वभाव लिङ्ग की स्वभाव से व्याप्ति नहीं दिखलायी जा सकती ।

अस्मिंश्चार्थे दर्शिते दर्शित एव दृष्टान्तो भवति ।

इस अर्थ के समझ जाने पर दृष्टान्त समझ में आ ही जाता है ।

एतावन्मात्ररूपत्वात्तस्येति ।

क्योंकि वह केवल उतना ही है ।

एतेनैव दृष्टान्तदोषा अपि निरस्ता भवन्ति ।

इससे ही दृष्टान्तदोषों का भी निराकरण हो जाता है ।

यथा-नित्यः शब्दोऽमूर्तत्वात् , कर्मवत्परमाणुवद्घटवदिति ।

जैसे—शब्द नित्य है, क्योंकि वह कर्म, परमाणु, और घटके समा-

न अमूर्त है।

साध्यसाधनधर्मोभयविकलास्तथा सन्दिग्धसाध्यधर्मादयश्च।

साध्यधर्मविकल साधनधर्मविकल, उभयविकल, तथा सन्दिग्धसाध्यधर्म आदि (सन्दिग्धसाधनधर्म तथा सन्दिग्धोभय) [दृष्टान्त दोष हैं]। (इनमें से कर्म साध्यविकल, परमाणु साधनविकल और घट उभयविकल दृष्टान्त हैं।)

यथा रागादिमानयं वचनाद्रथ्यापुरुषवत्।

जैसे—यह राग आदि से युक्त है, क्योंकि मार्गमें चलनेवाले पुरुषके समान बोलता है (यह संदिग्धसाध्यधर्म का उदाहरण है।)

मरणधर्मोऽयं पुरुषो रागादिमत्त्वाद्रथ्यापुरुषवत्।

यह पुरुष मरणधर्मवाला है, क्योंकि यह मार्ग में चलने वालों के समान रागादिमान् है। (यह संदिग्धसाधनधर्म दृष्टान्त है।)

असर्वज्ञोऽयं रागादिमत्त्वाद्रथ्यापुरुषवदिति।

यह असर्वज्ञ है क्योंकि यह रथ्यापुरुष (मार्ग में चलने वाले पुरुष) के समान रागादिमान् है। (यह सन्दिग्धोभय दृष्टान्त है।

अनन्वयोऽप्रदर्शितान्वयश्च।

अनन्वय और अप्रदर्शितान्वय भी [दृष्टान्त दोष हैं।]

(जिस दृष्टान्तमें साध्य और साधनमें सम्भवता ही दिखलाई दे किन्तु साध्यसे व्याप्त न हो वह अनन्वय है। जिस दृष्टान्त में अन्वय के होते हुए भी उसे कहने वाले ने दिखलाया न हो उसे अप्रदर्शितान्वय कहते हैं।)

यथा यो वक्ता स रागादिमानिष्टपुरुषवत्।

जैसे—जो वक्ता होता है वह इष्ट पुरुष के समान रागादिमान् होता है। (यह अनन्वय का उदाहरण है।)

अनित्यः शब्दः कृतकत्वाद्घटवदिति।

शब्द अनित्य है। क्योंकि वह घटके समान कृतक होता है। (यह अप्रदर्शितान्वय का उदाहरण है।)

तथा विपरीतान्वयः।

तथा विपरीतान्वय—

यदनित्यं तत्कृतकम्।

जो अनित्य होता है वह कृतक होता है।

अप्रदर्शितव्यतिरेको यथा—अनित्यः शब्दः कृतकत्वदाकाशवदिति ।

अप्रदर्शितव्यतिरेक—

जैसे-शब्द अनित्य है; क्योंकि वह आकाश के समान कृतक है ।

वैधर्म्येणापि विपरीतव्यतिरेको यथा यदकृतकं तन्नित्यं भवतीति ।

वैधर्म्यसे भी विपरीतव्यतिरेक—

जो कृतक नहीं होता वह नित्य होता है ।

न ह्येभिर्दृष्टान्ताभासैर्हेतोः सामान्यलक्षणं सपक्ष एव सत्त्वं विपक्षे च सर्वत्रासत्त्वमेव निश्चयेन शक्यं दर्शयितुं विशेषलक्षणं वा ।

इन दृष्टान्ताभासों से हेतुका सामान्यलक्षण, सपक्षमें ही रहना और विपक्षमें सर्वत्र अभाव अथवा विशेषलक्षणको निश्चय रूपसे दिखला ही नहीं सकते ।

तदर्थापत्त्यैषां निरासो वेदितव्यः ।

अतएव उनका निरकरण अर्थापत्ति (सामर्थ्य) से ही जान लेना चाहिये ।

दूषणा न्यूनताद्युक्तिः ।

न्यूनता का कहना दूषणा है ।

ये पूर्वं न्यूनतादयः साधनदोषा उक्तास्तेषामुद्भावनं दूषणम् ।

जो पहिले न्यूनता आदि साधनदोष कहे हैं उनका कहना दूषण है ।

तेन परेष्टार्थसिद्धिप्रतिबन्धात् ।

क्योंकि उससे दूसरेके इष्ट अर्थ की सिद्धिमें रुकावट होती है ।

दूषणाभासास्तु जातयः ।

दूषणाभास जातियाँ है ।

अभूतदोषोद्भावनानि जात्युत्तराणीति ।

अभूत दोषका प्रकट करना जात्युत्तर है ।

इति तृतीयः परिच्छेदः समाप्तः ।

न्यायबिन्दुः समाप्तः ।

इति तृतीय परिच्छेद समाप्त ।

न्यायबिन्दु समाप्त ।

---

१ मुद्रित पुस्तक में अनुभूत०' पाठ है। किन्तु टीका से हमारे ही पाठ की पुष्टि होती है। इसके अतिरिक्त पहिले पाठ से अर्थ भी ठीक नहीं बैठता।

टिप्पण्यनुगतसटीकन्यायबिन्दोः

शुद्धिपत्रम् ।

पृ०	पं०	अशुद्धयः	शुद्धयः
१	१५	प्रसवेश्च्योते	प्रसवे श्च्योते
१	१८	०तस्मिनना०	०तस्मिन्नना०
२	१२	वुद्ध परमेश्वस्या०	वुद्धः परमेश्वरस्या०
२	१५	का‍श्चिच्छु०	कांश्चिच्छु०
३	६	सम्वन्ध०	सम्बन्ध०
३	२४	पठान्तरम्	पाठान्तरं
४	१३	निवृत्यङ्गम	निवृत्त्यङ्गम्
४	२२	'इदमि' ति पदं ख	'इदम्' इति पदं ख०
५	११	प्राययत्सं०	प्रापयत्स०
५	१४	हटात्	हठात्
१०	२४	मुद्रिनंपुस्तकस्य	मुद्रितपुस्तकस्य
१२	८	०मर्क्ष क्रिया०	०मर्थक्रिया०
१२	१९	वृक्षवाप्तिः ।	वृक्षावाप्तिः ।
१३	५	न त्ववि०	अपि त्ववि०
१४	२५	०ससृयोः ।	संसृष्टयोः ।
१५	७	सन्निहि	सन्निहि-
१५	१०	एव	एव
१५	१०	०विकल्प	०विकल्प-
१५	१४	०द्भिसाप०	०द्भिलाप०
१५	१५	०ग्राही ।	ग्राहि ।
१६	४	कल्पनपा	कल्पनया
१६	१३	०गृहणे न	०गृहणेन
१७	१४-१६	इन्द्रियज्ञानं । स्वविष..... ....जनितं तत् । इन्द्रियस्य ज्ञानमिन्द्रिय- ज्ञानम् ।	इन्द्रियज्ञानम् । इन्द्रियस्य ज्ञानमि- न्द्रियज्ञानम् ।
१७	१६-१७	यत्तत्प्रत्यक्षम । मानस- प्रत्यक्षे	यत्तत्प्रत्यक्षम् । मानसप्रत्यक्षे
१७	१८	०त्यक्षलणमाह । स्व आत्मी·	०त्यक्षलक्षणमाह—

पृ०	पं०	अशुद्धयः	शुद्धयः
		यो विषय	स्वविषयानन्तरविषयसहकारिणेन्द्रियज्ञानेन समनन्तर प्रत्ययेन जनितं तन्मनोविज्ञानम्। स्व आत्मीयो विषय-
१८	१२-१४	तेन जनितम्। मनोविज्ञानम्। तद्नेनैकसन्तानान्त०	तेन जनितम। तद्नेनैकसन्तानान्त०
१८	१७	गृहीतगृहणा०	ग्रहीतग्रहणा०
१९	१०	सर्व चित्त०	सर्वचित्त०
१९	१३	०निवृत्यर्थ-	०निवृत्यर्थं
१९	२०	मते प्रत्येकं वस्तु	मते वस्तु
२२	१६	जनि वं	जनित्वं
२२	२०	विषयेऽयि	विषयेऽपि
२३	४	प्रतिभासभद:	प्रतिभासभेद:
२३	११	स्फुटनि	स्फुटानि
२३	२०	०त्वाद्वस्तुन:।	०त्वाद्वस्तुन: ।
२४	१४	०प्रातिज्ञासं	०प्रतिभासं
२४	१९	सकलबौद्धसाधा०	सकलवह्निसाधा०
२४	२५	ततस्तत्समान्य०	ततस्तत्सामान्य०
२७	१३	०रूपत्वना०	०रूपत्वेना०
३२	२४	यद्यत्यमरकोशे	यद्यप्यमरकोषे
३३		प्रथमपरिच्छेद:	द्वितीयपरिच्छेद:
३४	११	साध्य धर्मश्चासौ	साध्यधर्मश्चासौ
३५		प्रथमपरिच्छेद:	द्वितीयपरिच्छेद:
३६	२२	०विशषश्च	०विशेषश्च
३७		प्रथमपरिच्छेद:	द्वितीयपरिच्छेद:
४१		,,	,,
४१	९	साध्यसाध नयो:	साध्यसाधनयो:
४२	४	सधनं	साधनं
४२	६	०विंषयस्तु	०विषयस्तु
४२	९	साध्यदर्था०	साध्यादर्था०
४२	११	०प्रातबन्धो	०प्रतिबन्धो

पृ०	पं०	अशुद्धयः	शुद्धयः
४२	२०	निमित्तत्	निमित्तात्
४३		प्रथमपरिच्छेद.	द्वितीयपरिच्छेदः
४३	३	भवेतु	भवतु
४५		प्रथमपरिच्छेदः	द्वितीयपरिच्छेदः
४६	१५	यस्मा	यस्मा–
४९		प्रथमपरिच्छेद.	द्वितीयपरिच्छेदः
५१		,,	,,
५२	९	कार्यविरूद्धो०	कार्यविरुद्धो०
५३		प्रथमपरिच्छेदः	द्वितीयपरिच्छेदः
५६	६	स्वभानुपलब्धि०	स्वभावानुप-लब्धि०
५८	२१	०भावाभावासिद्धेः	०भावासिद्धेः
५९	२०	तद्नन	तद्नेन
६४	२२	उपलब्धिललक्षण०	उपलब्धिलक्षण०
६५	६	व्याख्यातम् ।	व्याख्यातम् ।
६७	५	०व्यायारः	०व्यापारः
,,	१८	विशेपः	विशेषः
६८	१३	एत	एव
,,	,,	साध०	साधन
,,	१६	प्रमाणैरिति	प्रमाणैरिति
६९	११	०भावित्व०	०भावित्व०
६९	१२	०साध्यधम	०साध्यधर्म
६९	२१	कस्माद्धेतुप्रयोगः ।	कस्माद्धेतुप्रयोगः ।
७२	१४	सत्त्वनुप०	सत्त्वमनुप०
७३	६	हत्वभावेन	हेत्वभावेन
७३	२०	साध्ये न	साध्येन
७४	२	तस्मात्रिरूप०	तस्मात्त्रिरूप०
७४	११	ध्यभावे	ध्याभावे
७५	२०	भवदेवं	भवेदेवं
८०	८	साध्यत्वनैवेष्ट०	साध्यत्वेनैवेष्ट०
८०	१२	स्थितसाधन	स्थितः साधन
८५	१८	दर्शयन्नेन	दर्शयन्नेव
८६	८	०कार्याच्छद्वाज्ञातं	०कार्याच्छब्दाज्ज्ञातं
८६	१७	उच्चायते	उच्चार्यते

पृ०	पं०	अशुद्धयः	शुद्धयः
८७	९	इष्टोनिराकृतः	इष्टोऽनिराकृत
८८	८	यदितच्च	यदि तच्च
८८	१२	०भास	०भासः ।
,,	,,	वा	वा ।
९१	२५	ख० प्रामाण्यं ।	ख० प्रमाण्यं ।
९३	२५	ख० गृह्यते	ख० गृह्यते ।
९६	२५	हीति यस्मात्	हीति । यस्मात्
९७	४	विरुद्वयो०	विरुद्धयो०
९८	४	विरोध	विरोध
,,	१२	बक्तव्याः	वक्तव्याः
९८	२५	३ हतुकृतं,	३ हेतुकृतं,
९९	१०	०स्त्वन्ये न्याभावा०	०स्त्वन्योन्याभावा०
१०१	१	रा	रा-
१०१	८	रागादीनां का	रागादीनां का-
१०१	१२	रागोदौ	रागादौ
१०२	२	आह ।	आह—
१०२	१२	जन्मज्ञानं	जन्म ज्ञानं
१०२	१७	सत्त्वमिति—	सत्त्वमिति
१०२	२०	पिपक्ष	विपक्ष
१०३	७	इष्टविद्यातकृत	इष्टविघातकृत्
१०३	१३	परमाणुसंचितरूपाः ।	परमाणुसंचितिरूपाः ।
१०३	१७	योगिने	भोगिनो
१०३	१८	०कृदित्याह ।	कृदित्याह—
१०३	२२	तदिष्टसं०	तदिष्टास०
१०४	१	हेतुनिपर्यय	हेतुविपर्यय
१०४	११	इत्याह ।	इत्याह—
१०४	१९	नहीष्ट०	नहीष्ट०
१०४	२०	इति	इति ।
१०६	३	पक्षधर्मस्य द्वाभ्यां	पक्षधर्मस्य च द्वाभ्यां
१०६	१२	नियमसत्तानिश्चयो	नियतसत्तानिश्चयो
१०८	१६	ननु न	ननु च
१०९	४	०यस्यभावे	०यस्याभावे
११०	१३	सपदस्त्व०	सदसत्त्व०
१११	२५	यत्, यद्विरुद्धं ।	यत्, ख० यद्विरुद्धं

पृ०	पं०	अशुद्धयः	शुद्धय.
११३	२०	यथावस्तुस्थितं	यथा वस्तु स्थितं
,,	,,	तथास्थिता	तथा स्थिता
११४	४	सर्वगत्वं	सर्वगतत्वं
,,	८	व्यक्तिरहितेषु	व्यक्तिरहितेषु
११४	२१	तत्तद्देशेसानहित०	तत्तद्देशसंनिहित०
११७	९	त्रिरूपाहेतु०	त्रिरूपो हेतु०
११७	२१	०न वस्तु०	ख० न वस्तु०
१२०	८	तेन	ते न
१२०	१४	दाहेन	दहने
१२१	१६	०नादृष्टान्तत्व०	०नादृदृष्टान्तत्व०
१२१	२१	क० प्रदर्शिन	क० प्रदर्शिन
१२२	१८	वचनादिनि	वचनादिति
१२३	२३	क० रागादिमत्त्वं ।	क० रागादिमत्त्वे ।
१२६	१२	नचोपदिष्टवन्तः ।	न चोपदिष्टवन्तः ।
१२७	२४	यत	यत्र
१३१	१६	सत्त्वंविपक्षे	सत्त्वं विपक्षे
१३३	८	अनुभूत०	अभूत०
,,	२५	अनश्य	अनाश्यं

विशेष-सूचना।

हमारे यहां हर तरह की संस्कृत पुस्तकें मै भाषा टीका के हरवक्त तैय्यार रहती हैं इसके अलावे हर तरह की छपाई तथा जिल्द के बंधाई का कार्य भी होता है।